

खेल

**सूर्यकुमार ने विराट कोहली को पीछे छोड़ा, हसरंगा की बराबरी पर पहुंचे अर्शदीप**


हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित




देश

**असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश**


मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • सोमवार • 09 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 70 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,56,600 | ₹ 2,85,000 |

## आज का इतिहास

**1931 :** भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया।

**1951 :** स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिए सूची बनाने का कार्य शुरु किया गया।

## न्यूज बाइट्स

### एक अप्रैल से लागू होगा नया आयकर कानून

**नई दिल्ली (ए.)।** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिनियम, 2025 से संबंधित प्रस्तावित नियमों और प्रपत्रों को सार्वजनिक रूप से जारी कर दिया है और इस पर हितधारकों की राय और सुझाव आमंत्रित किए गये हैं। नये आयकर अधिनियम को अगस्त 2025 में राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।

पूरे बिहार में लागू होगी नई रजिस्ट्री प्रणाली

# एक अप्रैल से बिहार में चार गुना महंगी होगी जमीन की रजिस्ट्री

निज संवाददाता | पटना

बिहार में जमीन या मकान की रजिस्ट्री कराने की योजना बना रहे लोगों के लिए यह खबर किसी बड़े झटके से कम नहीं है। राज्य सरकार ने एक दशक से भी अधिक समय बाद भूमि निबंधन और संरचना की सरकारी दरों, यानी न्यूनतम मूल्यांकन पंजी दर (एमवीआर), में बड़े बदलाव का निर्णय लिया है। नए प्रस्ताव के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से जमीन और भवन की रजिस्ट्री दरों में तीन से चार गुना तक की बढ़ोतरी लागू हो जाएगी, जिससे संपत्ति की खरीद-फरोख्त आम लोगों के लिए काफी महंगी हो जाएगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार नई निबंधन दरें आगामी वित्तीय वर्ष की पहली तारीख से प्रभावी होंगी। एमवीआर के पुनरीक्षण का प्रस्ताव तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है और यह अंतिम स्वीकृति की प्रक्रिया में है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2013 और शहरी क्षेत्रों में वर्ष 2016 के बाद से सरकारी दरों में कोई संशोधन नहीं हुआ था, जबकि इस दौरान बाजार मूल्य में कई गुना वृद्धि हो चुकी है।

लंबे समय तक एमवीआर दरों में बदलाव नहीं होने से सरकार को राजस्व संग्रहण में भारी नुकसान हो रहा था और विकास कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मौजूदा सरकारी दरें बाजार मूल्य से काफी कम थीं, जिससे निबंधन के दौरान वास्तविक कीमत और सरकारी मूल्य के बीच बड़ा अंतर बना हुआ था। इसी विसंगति को दूर करने के लिए पूरे राज्य में न्यूनतम मूल्यांकन पंजी दरों के व्यापक पुनरीक्षण की जरूरत महसूस की गई।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान दरें बाजार मूल्य के आसपास भी नहीं हैं। उदाहरण के तौर पर व्यावसायिक श्रेणी की डीलक्स संरचना का सरकारी मूल्य अभी लगभग 1,492 रुपये प्रति वर्ग फीट है, जबकि बाजार में इसकी कीमत 5,000 से 6,000 रुपये प्रति वर्ग फीट तक पहुंच चुकी है। इसी तरह आवासीय संपत्तियों की सरकारी दर औसतन 800 से 1,000 रुपये प्रति वर्ग फीट है, जबकि बाजार में इनकी खरीद-फरोख्त 3,000 से 5,000 रुपये प्रति वर्ग फीट की दर से हो रही है। सरकार का मानना है कि तीन से चार गुना तक होने वाली यह बढ़ोतरी न केवल राज्य के राजस्व को मजबूत करेगी, बल्कि नगर निकायों की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ बनाएगी। राजस्व बढ़ने से स्थानीय निकायों को बुनियादी ढांचे और अन्य विकासात्मक योजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होंगे। साथ ही दरों को बाजार मूल्य के करीब लाने से जमीन के लेन-देन में पारदर्शिता बढ़ेगी और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी सरल होगी। प्रशासन ने इस बड़े बदलाव की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। पूर्णिया जिले सहित राज्य के सभी जिलों में एमवीआर दरों के पुनरीक्षण का कार्य अंतिम चरण में है। केवल पूर्णिया जिले में ही 2,768 राजस्व ग्रामों के एमवीआर रेट का रिवीजन पूरा कर लिया गया है, जिसमें शहरी, उपनगरीय और ग्रामीण सभी क्षेत्र शामिल हैं। जिला अवर निबंधन कार्यालय की टीमों ने स्थल निरीक्षण और मूल्य सर्वेक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। ऐसे में अप्रैल से बिहार में जमीन की रजिस्ट्री कराना लोगों के लिए पहले की तुलना में कहीं ज्यादा महंगा साबित होगा।

## बिना सेटेलाइट फोटो के नहीं होगी खरीद-बिक्री

- गलत लोकेशन दिखाकर रजिस्ट्री कराने की गड़बड़ियां शुरुआती स्तर पर ही पकड़ी जा सकेंगी।

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने जमीन रजिस्ट्री की प्रक्रिया में अहम बदलाव का निर्णय लिया है, जो 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाला है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसी भी



जमीन, मकान या फ्लैट की खरीद-बिक्री की रजिस्ट्री तभी संभव होगी जब संबंधित संपत्ति की सेटेलाइट तस्वीर निबंधन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड की गई हो। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रजिस्ट्री वही भूखंड हो रही है जिसकी जानकारी दस्तावेजों में दी गई है और भू-स्थान की वास्तविक पहचान साफ हो। पहले जहां लोग दस्तावेज़ और खाता-प्लॉट नंबर के आधार पर रजिस्ट्री कराते थे, वहीं अब यह अनिवार्य होगा कि रजिस्ट्री से पहले संपत्ति की "आसमान से ली गई तस्वीर" पोर्टल पर अपलोड की जाए। तस्वीर के साथ खाता नंबर, प्लॉट नंबर और अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज करने के बाद ही रजिस्ट्री के लिए समय मिलेगा।

# मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल का लिया जायजा, पटना से उत्तर बिहार जाना होगा आसान

निज संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस परियोजना को तेजी से पूरा किया जा रहा है। बचे हुये कार्य को अप्रैल माह तक पूर्ण कर लिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर gge 6 लेन गंगा पुल परियोजना के बचे हुये कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। साथ-साथ पहुँच पथ का भी निर्माण कार्य पूर्ण करें ताकि आवागमन निर्बाध और सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से निर्बाध सड़क सम्पर्कता मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में इलाज के लिये पटना पहुँचने में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के प्रथम चरण के लोकार्पण के बाद पटना से राघोपुर तक की सम्पर्कता बहाल हो चुकी है। इस परियोजना के निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण करते रहे हैं और इसे जल्द पूरा करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित करते रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री द्वारा 23 जून 2025 को कच्ची दरगाह (पटना) से राघोपुर दियारा (वैशाली) तक नवनिर्मित पथांश का उद्घाटन किया गया था। पटना जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 पर अवस्थित कच्ची दरगाह एवं वैशाली जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ सख्या-103 पर अवस्थित बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर कुल 19.76 कि०मी० लम्बाई के 6 लेन ग्रीन फिल्ड पुल परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 9.76 कि०मी० लम्बा पुल तथा 10 कि०मी० लम्बा पहुंच पथों का निर्माण कार्य होना है। प्रथम चरण में कच्ची दरगाह, पटना से राघोपुर दियारा, वैशाली (कुल लम्बाई 4.57 कि०मी०) का उद्घाटन हो चुका है। द्वितीय चरण में हाजीपुर-महनार पथ (एन०एच०-122बी) से चकसिकन्दर (एन०एच०-322) तक तथा तृतीय चरण में राघोपुर दियारा से हाजीपुर-महनार पथ (एच०एच०-122बी) का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, पटना जिला के जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम०, वैशाली जिला की जिलाधिकारी वर्षा सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के० शर्मा, वैशाली जिला के पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग सहित वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### गांधी सेतु पर कम होगा भार

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम होगा तथा उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की सम्पर्कता के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिलेगा, जिससे आवागमन और सुगम होगा। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आमस-दरभंगा एक्सप्रेस-वे से कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना जुड़ेगा, जिससे समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी की तरफ जानेवाले लोगों को काफी सहूलियत होगी और समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे हैं।

## नशे के लिए कीटनाशक पीने से तीन युवकों की मौत, एक की हालत गंभीर



निज संवाददाता | सहरसा

कनरिया थाना क्षेत्र के फरेवा गांव में शनिवार को नशे के लिए कीटनाशक पीने से तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। यह दर्दनाक घटना पूरे गांव में मातम का कारण बन गई है। मृतकों की पहचान फरेवा गांव निवासी मुरारी सदा (18), राजा कुमार (20) और सनी देओल कुमार (20) के रूप में हुई है, जबकि गंभीर रूप से घायल युवक का नाम सनोज कुमार (18) बताया गया है। चारों युवक गांव-गांव घूमकर लौंडा डांस के कार्यक्रमों में प्रस्तुति दिया करते थे।

घायल सनोज कुमार ने बताया कि शनिवार को सभी दोस्तों ने नशा करने की योजना बनाई थी। वह दुकान से डिस्पोजल ग्लास खरीदकर लाया और इसके बाद सभी दोस्त गांव से करीब एक किलोमीटर दूर मक्के के खेत में चले गए। वहां सभी ने कुछ अलग करने के इरादे से कीटनाशक को पानी में मिलाकर पी लिया। कुछ ही देर बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी और वे लड़खड़ाते हुए किसी तरह अपने-अपने घर की ओर लौटे, लेकिन घर पहुंचते ही हालत और खराब हो गई। मृतक मुरारी सदा की मां सिरजेन देवी ने बताया कि मुरारी उनके दो बेटों में सबसे बड़ा था और उसे बचपन से नाच-गाने का शौक था। वह अक्सर शादी-विवाह और गांव के कार्यक्रमों में लड़की का वेश पहनकर नृत्य करता था। राजा कुमार, सनी देओल और सनोज के साथ उसकी गहरी दोस्ती थी। शनिवार की सुबह वह रोज की तरह करीब आठ बजे घर से निकला था, लेकिन दोपहर करीब एक बजे लड़खड़ाते हुए घर लौटा और दरवाजे पर गिर पड़ा। जब परिजनों ने उसे उठाया तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था। आनन-फानन में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने खगड़िया रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

वहीं राजा कुमार के पिता ने बताया कि वह शादीशुदा था और दिल्ली-पंजाब में मजदूरी का काम करता था। दो महीने पहले ही वह घर लौटा था और गांव में शादी-ब्याह के कार्यक्रमों में डांस करता था। राजा अपने पीछे दो छोटी बेटियों को छोड़ गया है, जिनमें एक की उम्र ढाई साल और दूसरी की उम्र करीब पांच महीने है। सनी देओल कुमार की शादी करीब छह महीने पहले ही हुई थी।

## बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन दो दिवसीय दौर पर आज पहुंचेंगे पटना

निज संवाददाता | पटना



भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला गृह प्रदेश आगमन है, जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। राजधानी पटना उनके स्वागत के लिए पूरी तरह सजधज कर तैयार है और पार्टी इसे ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में संजय सरावगी और विनोद तावड़े के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक बुलाई गई। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा की गई कि अन्य जिलों से पटना आने वाले कार्यकर्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।






## राज्य के 4602 निजी विद्यालयों पर होगी कार्रवाई

**पटना (नि.सं.)।** राज्य में शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों की प्रस्वीकृति और नामांकन प्रक्रिया को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। आरटीई पोर्टल पर फिलहाल 3014 निजी विद्यालयों के प्रस्वीकृति से जुड़े मामले लंबित हैं, जबकि इनटेक कैपेसिटी यानी नामांकन क्षमता पूरी नहीं करने वाले 4602 निजी विद्यालयों पर कार्रवाई की तैयारी की गई है। इन सभी मामलों का निपटारा 14 फरवरी तक करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिया गया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, आरटीई के अंतर्गत प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों को 25 जनवरी तक अपनी इनटेक कैपेसिटी अनिवार्य रूप से भरनी थी। इसके बावजूद 4602 निजी विद्यालयों ने नामांकन क्षमता पूरी नहीं की, जिसे गंभीर लापरवाही माना गया है।









बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार वाहन का कहर, मोटरसाइकिल सवार दो युवक की मौत

**परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल, गांव में पसरा मातम**

**पकरीबरावां।** धमौल थाना क्षेत्र के जम्हड़िया गांव के समीप शनिवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और मृतकों के घरों में कोहराम मच गया। मृतकों की पहचान गुलनी पंचायत के अटारी गांव निवासी धनेश्वर यादव के 25 वर्षीय पुत्र सतीश यादव तथा विनोद यादव के 21 वर्षीय पुत्र रवि कुमार यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि दोनों युवक शनिवार की संध्या मोटरसाइकिल से अलीगंज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी धमौल थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की तलाश में जुट गई है। अचानक हुई इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। दोनों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घर पर परिजनों और रिश्तेदारों की भीड़ लगी हुई है और हर आंख नम दिखाई दे रही है। इधर, धमौल के प्रभारी थानाध्यक्ष इंद्रमल मांझी ने बताया कि मृतक रवि के पिता द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

### विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर विकासात्मक योजनाओं पर विस्तार से किया चर्चा



**कदवा (कटिहार)।** कदवा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर आज एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विधायक दुलाल चन्द्र गोस्वामी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कदवा विधानसभा से जुड़ी जनहित की कई अहम विकासात्मक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। भेंट के क्रम में विधायक ने कुम्हरी चौकी–कुरुम मार्ग पर महानंदा नदी के रैयांपुर घाट पर पुल एवं संपर्क पथ के निर्माण की अत्यावश्यकता को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा। उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्र में पुल के अभाव में स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पुल एवं संपर्क पथ के निर्माण से न केवल क्षेत्रीय संपर्क सुदृढ़ होगा, बल्कि कदवा विधानसभा के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी। इसके अतिरिक्त बैठक में कदवा विधानसभा क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण विकासात्मक मुद्दों,आधारभूत संरचना, सड़क,शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से संबंधित विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। विधायक ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं और अपेक्षाओं से माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा आवश्यक पहल किए जाने का सकारात्मक आश्वासन दिया। विधायक दुलाल चन्द्र गोस्वामी ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार के सहयोग से कदवा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी और आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

# बैठक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रक्रिया को लेकर बनी कार्ययोजना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** प्रखंड संसाधन केंद्र नरहट में शनिवार को बीपीएमयू (प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधन इकाई) की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नरहट प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भ्रमण करने वाले मास्टर ट्रेनर्स तथा गांधी फैलो समीक्षा पाठक ने अपने अवलोकन साझा किए और शिक्षण प्रक्रिया में सुधार हेतु समाधान पर विस्तृत चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता चैंपियन मास्टर ट्रेनर तबिश एजाज सर द्वारा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाना तथा आगामी माह फरवरी के लिए एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना रहा।



बैठक में शामिल मास्टर ट्रेनर एवं अन्य

**प्रमुख बिंदुओं पर एक्शन प्लान तैयार किया गया:** बैठक में स्पष्ट एजेंडा के साथ सीआरसी बैठकों में सहभागिता, जिसमें पाठ योजना निर्माण, मूल्यांकन प्रक्रिया, पाठ टीका का प्रभावी उपयोग तथा एफएलएन किट का नियमित प्रयोग शामिल होगा। जिन विद्यालयों में विशेष सुधारात्मक गतिविधियां निर्धारित की गई हैं, वहां जाकर एक्शन प्लान की समीक्षा करना एवं प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर बीपीएमयू बैठक के निष्कर्षों की प्रस्तुति एवं उन्मुखीकरण करना है।

**बाल मेला के आयोजन में विद्यालयों को आवश्यक सहयोग प्रदान करना:** इस बैठक में मास्टर ट्रेनर्स अनिल कुमार पासवान, गोपाल कुमार, कामेश्वर प्रसाद, रविरंजन कुमार, सुमित कुमार, अदनान आतिफ, और जहांगीर ख़ालिद एवं पिरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम मैनेजर सुजीत कुमार सुमन, प्रोग्राम लीडर दीपाली सिंह, प्रशांत कुमार, राहत हुसैन तथा फाउंडेशन के सदस्य सुलभ जी भी उपस्थित रहे। सभी ने प्रखंड की शिक्षण गतिविधियों को समझा और गुणवत्ता सुधार के लिए अपने सुझाव साझा किए। यह बैठक नरहट प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई, जिससे आने वाले समय में बच्चों के सीखने के स्तर में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

## जलसा फजीलत कुरान का आयोजन कर छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड अंतर्गत पांडेयगंगौट पंचायत के फुलडीह गाँव स्थित जामिया आयशा सिद्धिक लील बनात फुलडीह में रविवार को जलसा फजीलत कुरान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। इस दरम्यान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग एवं आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वहीं इस दौरान इस वार्षिक वर्ष में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ कुरानी शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। आयोजनकर्ता व कार्यक्रम के संचालक हजरत कारी शोएब इफ्तखारुल हसन ने बताया कि कार्यक्रम में मौजूद प्रसिद्ध इस्लामी विद्वानों के द्वारा बच्चों को कुरान की शिक्षाओं,इसकी फजीलत,बच्चों के लिए इसके महत्व आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों में कुरान के प्रति प्रेम पैदा करने के लिए प्रेरित भी किया गया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि मदरसा तालीम का सबसे अच्छा जरिया है और जामिया आयशा सिद्धिक यह काम बखूबी कर रही है। कार्यक्रम के अंत में देश में अमन,खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ की गई। मौके पर हाफिज वकारी अमजद,मौलाना जाकिर,मौलाना शनिम कासमी आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर गोद भराय रस्म में शामिल हुए सांसद

**सेविका विभा कुमारी के कार्यों का किया प्रशंसा**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

शेखपुरा जिले के सेखोपुर प्रखंड अंतर्गत पांची गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 40 पर आयोजित गोद भराय कार्यक्रम में नवादा लोकसभा क्षेत्र के सांसद विवेक ठाकुर ने शामिल होकर केंद्र की सेविका विभा कुमारी के द्वारा किये जा रहें कार्यों की प्रशंसा किया। कार्यक्रम में पहुंचे सांसद को सेविका विभा देवी द्वारा अंग बस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। निर्धारित कार्यक्रम से करीब तीन घंटे लेट पहुंचे सांसद की अगुआनी पंचायत के मुखिया बेबी देवी एवं ग्रामीणों ने ढ़ोल बाजे के साथ किया। सांसद ने केंद्र पर नन्हें मुन्हे बच्चों के द्वारा प्रस्तुत काव्य पाठ एवं उनकी प्रतिभा से अचभित रह गए। उन्होंने केंद्र पर वुनियादी सुविधाओं के लिये सहयोग करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश कुमार ने किया। उन्होंने विभा देवी के द्वारा किये जा रहें कार्यों एवं उपलब्धियों से सांसद को अवगत कराया। और कर्तव्यों के



साथ सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने एवं राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र की पहचान देने जैसे कार्यों से भी अवगत कराया।कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन के सदस्य विवेक कुमार ने उपस्थित महिलाओं को बच्चों के पोषण एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर मुखिया बेबी देवी एवं राजीव कुमार तथा पिंकी देवी को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया।मौके पर मनीष कुमार, दिलीप कुमार, प्रदीप कुमार एवं केंद्र की सहायिका सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# रजौली में अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्रशासन सख्त, चौक पर चिपकाया गया नोटिस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सोमवार को कार्यालय पहुंचने को निर्देशित**

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत मुख्यालय के हृदय कहे जाने वाले बजरंगबली चौक पर लगे लाइट के खंभे के नीचे बने चबूतरे की दीवारों पर सैकड़ों नोटिस चिपकाया गया है। नोटिस देखने के बाद फुटपाथी दुकानदारों एवं लोहे की गुमटी स्थापित कर व्यवसाय कर रहे लोगों में खलबली मची हुई है। नोटिस में विभिन्न दुकानदारों के नाम लिखे नोटिस में बताया गया है कि आपके द्वारा अतिक्रमण किया गया है। इसलिए आप 9 फरवरी को दिन में 11 बजे अंचल कार्यालय पहुंच कर बताएं कि अतिक्रमण क्यों नहीं हटाया जाए।

**प्रखंड व अनुमंडल मुख्यालय के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण** :- रजौली नगर पंचायत होने के साथ-साथ प्रखंड और अनुमंडल मुख्यालय भी है और मुख्य मार्गों में व्याप्त अतिक्रमण के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आम लोगों के द्वारा अतिक्रमणमुक्त करने को लेकर बीते वर्षों से प्रयास जारी है। इसी संदर्भ में तत्कालीन एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी के नेतृत्व में कई बार माइकिंग कर अतिक्रमण को स्वतः हटाने की अपील भी की गई थी। इतना ही नहीं बीते कुछ दिनों पूर्व भी ई-रिक्शा से अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा गया था।



बजरंगबली चौक पर चिपके नोटिस को देखते लोग

किंतु अतिक्रमणकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा था।

**नगरवासियों को जाम से मिले राहत** :- नगरवासी दिलीप पंडित उर्फ दिलु ने बताया कि शहरी क्षेत्र के मुख्य मार्गों में अक्सर जाम होता है। इस जाम के कारण अस्पताल में मरीजों के आवागमन,अग्निशमन सेवा,स्कूल वाहनों और पुलिस वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमण से शहर की सुंदरता भी बिगड़ती है।

**फुटपाथी दुकानदारों की बढ़ी परेशानी** :- फुटपाथी दुकानदारों का कहना है कि वे वर्षों से बाजार में अपनी दुकान से बच्चों का परवरिश करते आ रहे हैं। यदि प्रशासन हमें हटाना चाहती है,तो उन्हें हमारी आजीविका का भी प्रबंध करना पड़ेगा। साथ ही बताया कि वे अंचल कार्यालय पहुंच पदाधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याओं को रखेंगे। प्रशासन द्वारा फुटपाथी दुकानदारों के लिए अब तक जगह का चयन नहीं किए जाने से भी लोगों में रोष व्याप्त है।

**पुनः अतिक्रमण नहीं हो,प्रशासन कर रहा तैयारी**:- इस संबंध में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि बाजार क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों को नोटिस कर अंचल कार्यालय बुलाया गया है। वहीं कुछ दुकानदार,जिन्होंने नोटिस लेने में आनाकानी की है,उनका नोटिस चौक पर चिपकाया गया है। साथ ही बताया कि सोमवार को दुकानदारों से बातचीत कर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही बताया कि अतिक्रमण हटने के बाद क्षेत्र में पौधरोपण और बेरिकेडिंग किया जाएगा,ताकि पुनः अतिक्रमण को रोका जा सके।

# बस और टोटो चालकों के बीच झड़प में 6 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, जांच में जुटी पुलिस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के करमा कला स्थित राइस मिल के समीप बीते शनिवार की शाम लगभग 5 बजे कुछ लोगों ने बस को रोककर बस चालक और खलासी के साथ जमकर मारपीट किया। इस घटना से संबंधित वीडियो रविवार की सुबह से ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो के बारे में जांच पड़ताल किए जाने पर मामला टोटो चालक और बस चालक के बीच झड़प का हिस्सा बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सिरदला बाजार में बस और टोटो चालक के बीच नोंकझोंक हुई थी। इसपर टोटो चालक ने बस चालक को धमकी दिया कि तुम हमारे गांव के तरफ से ही ना जाओगे ना,तब देख लेंगे तुमको। इसी बात को लेकर बस संख्या डब्लूबी41एच1154 जब करमा कला गांव पहुंची,तो पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने बस को रोककर बस चालक एवं खलासी के साथ मारपीट करने लगे। इसी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

**बस चालक ने 6 लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी** :- बस चालक सिरदला थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी छमन यादव के पुत्र सुजीत यादव ने रजौली थाने को लिखित आवेदन देकर मारपीट एवं बस लूटने से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में करमा कला गांव निवासी सुनील साह के पुत्र रौशन कुमार,पप्पू कुमार,गोपाल कुमार व अनिल प्रसाद,दिबौर निवासी सुबोध कुमार एवं सिरदला थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी मुनीरक कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। बस चालक ने आवेदन में कहा है कि उक्त अभियुक्तों द्वारा मारपीट कर बस को लूटने का प्रयास किया गया। इस दौरान बस चालक के साथ लोहे के रॉड से मारपीट करते हुए गले में रहे सोने के चेन और खलासी के पास रहे 5000 रुपए रहे पैसेंजरों से लिया गया भाड़ा भी छिन लिया गया है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष** :- इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बस चालक द्वारा दिए आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# दत्तक संतान ग्रहण प्रक्रिया को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में दिनांक 08 फरवरी 2026 को कौवाकोल प्रखंड के केवाली ग्राम पंचायत स्थित सामुदायिक भवन, जिला नवादा में बच्चों के दत्तक ग्रहण प्रक्रियाओं पर आधारित विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मो० साजिद अयुब ख़ान, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल, नवादा ने बताया कि दत्तक ग्रहण (Adoption) एक विधिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से कोई दंपत्ति या व्यक्ति किसी अन्य बच्चे को अपनी वैधानिक संतान के रूप में स्वीकार करते हैं। उन्होंने बताया कि भारत में दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया मुख्यतः किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अंतर्गत संचालित होती है, जिसका उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित




एवं स्थायी पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराना है।

उन्होंने जानकारी दी कि दत्तक ग्रहण के लिए दत्तक लेने वाला भारतीय नागरिक, अनिवासी भारतीय अथवा विदेशी नागरिक हो सकता है। अविवाहित, विवाहित, विधवा या तलाकशुदा व्यक्ति भी दत्तक ले सकता है। दत्तक लेने वाले की न्यूनतम आयु 25 वर्ष होनी चाहिए तथा वह मानसिक एवं शारीरिक रूप से सक्षम होना चाहिए। इच्छुक दत्तक माता-पिता को Central Adoption Resource Authority (CARA) की वेबसाइट पर पंजीकरण कराना आवश्यक होता है। उन्होंने आगे बताया कि पंजीकरण के उपरांत अधिकृत सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा दत्तक लेने वाले परिवार की पारिवारिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का मूल्यांकन कर होम स्टडी रिपोर्ट तैयार की जाती है। इसके बाद दत्तक माता-पिता की पात्रता एवं वरीयता के आधार पर बच्चे का मिलान किया जाता है तथा न्यायालय से आदेश प्राप्त होने से पूर्व बच्चे को अस्थायी रूप से पालन-पोषण हेतु परिवार को सौंपा जाता है।

डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने बताया कि दत्तक ग्रहण की अंतिम स्वीकृति के लिए न्यायालय में याचिका दायर की जाती है। न्यायालय द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों एवं रिपोर्टों की समीक्षा के उपरांत दत्तक आदेश पारित किया जाता है। दत्तक ग्रहण के पश्चात छह माह से दो वर्षों तक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा नियमित अनुवर्ती निरीक्षण भी किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे का समुचित विकास हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने बताया कि दत्तक ग्रहण न केवल एक संवेदनशील प्रक्रिया है, बल्कि यह एक बच्चे को सुरक्षित, स्थायी एवं प्रेमपूर्ण परिवार प्रदान करने का प्रभावी माध्यम भी है। यह प्रक्रिया पूर्णतः विधिसम्मत है तथा इसका उद्देश्य बच्चे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर 90 दिवसीय Mediation 2.0 अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य आम लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से सरल, सुलभ एवं शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है। यह अभियान न्यायालय की जटिल प्रक्रियाओं के स्थान पर संवाद एवं सहमति आधारित समाधान को प्राथमिकता देता है, जिसमें पक्षकार ऑनलाइन, ऑफलाइन एवं हाइब्रिड मोड में भी उपस्थित होकर अपने मामलों का निपटारा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान उन मामलों को कवर करता है, जिनमें समझौते की संभावना अधिक होती है। इनमें पारिवारिक वाद, क्लेम वाद, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, सुलहनीय आपराधिक मामले, बंटवारा वाद, मकान मालिक एवं किरायेदार विवाद, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले आदि शामिल हैं। ऐसे मामलों की पहचान कर पक्षकारों को नोटिस तामिला कराई जाएगी तथा तत्पश्चात मध्यस्थ अधिवक्ताओं द्वारा आपसी संवाद के माध्यम से मामलों का निपटारा कराया जाएगा। इस अवसर पर मो० साजिद अयुब ख़ान, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल, नवादा के साथ केवाली पंचायत के प्रतिनिधि, अन्य गणमान्य व्यक्ति, बच्चे तथा पारा विधिक स्वयंसेवक श्री रामानुज कुमार उपस्थित थे।

# डीएम और एसपी के निर्देश पर ओभरलोड एवं अवैध चालान के ट्रकों के विरुद्ध पूरी रात चली छापेमारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

- **लगभग डेढ़ दर्जन ट्रक को किया गया जब्त, दो चालक हिरासत में**
- **ट्रक मालिक ने वाहन जब्त व चालक की गिरफ्तारी पर उठाए सवाल**

**रजौली।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र के रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी एवं आसपास के क्षेत्रों में ओभरलोडिंग वाहनों एवं बिना चालान के ट्रकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन एवं खनन पदाधिकारी के साथ रजौली थाना के पुलिस बल मौजूद रहे। इस कार्रवाई में लगभग डेढ़ दर्जन ट्रकों को जब्त कर जांच चौकी पर लगाया गया है एवं दो ट्रक चालकों को हिरासत में लेकर थाना में रखा गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से ओभरलोडिंग एवं बिना चालान के गिट्टी ढोने वाले ट्रक संचालकों में खलबली मच गई है।

**ओभरलोडिंग वाहनों से बना रहता है खतरा** :- ओभरलोडिंग वाहनों के चलने से केवल सड़क सुरक्षा का खतरा नहीं बल्कि इससे सड़कें भी क्षतिग्रस्त होती है। बीते दिनों कई ऐसी सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिली है,जिससे कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है। प्रशासन ने कार्रवाई कर वाहन चालकों एवं मालिकों को चेतावनी दी है कि वे नियमों का पालन करें,अन्यथा आगे भी इसी तरह की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**वैध कागजात नहीं मिलने पर हुई कार्रवाई** :- प्रशासन द्वारा बीते शनिवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे से जांच चौकी पर कागजातों की जांच की जा रही थी। वाहन जांच की खबर सुनते ही ट्रक चालक जांच चौकी से दूर दिबौर एवं झारखंड के काली मंडा में वाहनों को रोककर जांच खत्म होने का इंतजार करने में जुटे रहे। किंतु जांच टीम में रहे पदाधिकारियों ने सड़क किनारे खड़े गिट्टी लदे ट्रकों,जिसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था,उसे जब्त कर जांच चौकी पर लगाया गया है। यह कार्रवाई शनिवार की देर रात्रि लगभग 3 बजे तक चली।

**लॉक तोड़कर झारखंड क्षेत्र से लाई गई कई ट्रकें** :- झारखंड के कोडरमा जिले के सुनील मेहता ने बताया कि डोमचांच से ट्रक गिट्टी लादने के बाद मेघातरी व काली मंडा के आसपास ही होटल में खाना आदि खाकर चलते हैं,जो झारखंड क्षेत्र में पड़ता है। बीते रात्रि लगभग 12 बजे के आसपास रजौली पुलिस व प्रशासन के साथ खनन विभाग के लोग मेघतरी पहुंचे और वाहन चालकों को ढूंढने लगे। प्रशासन के सख्त रवैया देखकर वाहन चालक इधर उधर भाग खड़े हुए। इस दौरान प्रशासन ने मेरी दो वाहन जेएच12एन0059 और जेएच12एस 6326 के लॉक को तोड़कर जबरन झारखंड क्षेत्र से बिहार लेकर चले गए।

**वैध कागजातों के बावजूद चालक हिरासत में** :- झारखंड के कोडरमा जिला निवासी बलराम कुमार ने बताया कि उनकी दो वाहन बीआर11जीसी0475 और जेएच02बीटी9300 अंडरलोडिंग और वैध कागजातों के साथ शनिवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे डोमचांच क्रेशर से गिट्टी लोडकर बिहार के पश्चिमी चंपारण के लिए निकली,जिसमें एक वाहन जेएच02बीटी9300 को जबरन रोककर उसके चालक श्रवण कुमार को थाना में बंद करके रखा गया है। उन्होंने कहा कि वे रजौली पहुंच पदाधिकारियों से मिलने का प्रयास भी किए,किंतु जिला खनन पदाधिकारी व एसडीएम रजौली से फोन पर भी बात नहीं हो सकी है।



जांच चौकी पर खड़ा जब्त वाहन

**पहले भी हुई है कार्रवाई** :- खनन विभाग समेत रजौली प्रशासन द्वारा पूर्व में भी ओभरलोडिंग वाहनों एवं बिना चालान के गिट्टी लदे वाहनों के विरुद्ध कई बार कार्रवाई हुई है। किंतु इस बार बड़े पैमाने पर की गई कार्रवाई से ट्रक मालिकों में रोष व्याप्त है।

**क्या कहते हैं खनन पदाधिकारी** :- इस संबंध में नवादा जिला खनन पदाधिकारी अमन प्रत्यय ने बताया कि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त कर समेकित जांच चौकी पर रखा गया है। उन्होंने ट्रक मालिकों द्वारा लगाए जा रहे आरोप को निराधार बताया है। साथ ही बताया कि विभाग के पदाधिकारी संबंधित कागजातों की जांच में जुटे हुए हैं। जांच के दौरान सही कागजात वाले वाहनों को छोड़ दिया जाएगा। वहीं जिन वाहनों के कागजातों में कमी होगी,उसके विरुद्ध अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 महीने बाद मिली गेंहू के खेत से दफन लाश, बदबू आने पर लोगों ने दी पुलिस को सूचना



**नालंदा**। नालंदा में गेंहूं के खेत में दफन महिला की लाश मिली है। लोगों ने बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी। गढ्ढे को खोद कर शव को पुलिस ने बाहर निकाला था। बता दें कि महिला 2 महीने से लापता थी। इसके मायके वालों को शक था कि हत्या कर दी गई है। इसलिए 2 महीने पहले ही परिवार ने हत्या को लेकर आवेदन दिया था। पुलिस ने 25 दिन पहले महिला के पति को अरेस्ट किया था। दो महीने बाद शनिवार शाम पुलिस को खेत से शव बरामद किया। मामला मानपुर थाना क्षेत्र के लोटन गांव का है। मृतका के भाई रामस्वरूप ने बताया कि खुदागंज थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव की सविता कुमारी की शादी 1 जून 2025 को लोटन गांव निवासी मनीष कुमार से हुई थी। शादी के समय दहेज में एक गाड़ी और कैश की मांग पूरी नहीं हो पाई थी, जिसे बाद में देने का वादा किया गया था। इसी दहेज की मांग ने विवाहिता की जान ले ली। मृतका के भाई रामस्वरूप प्रसाद ने रविवार को बताया कि 9 सितंबर को उनका भाई बबलू कुमार बहन से मिलने गया था। उसके बाद 2 दिसंबर को फोन पर आखिरी बार बहन से बात हुई थी। जब उसके बाद संपर्क नहीं हो पाया तो परिवार के लोग 5 दिसंबर 2025 को लोटन गांव पहुंचे। भाई ने आगे बताया कि जब परिवार वाले गांव पहुंचे तो घर में ताला लगा मिला। पूरे घर और आसपास के गोतिया में कोई नहीं था। इस स्थिति से चिंतित होकर परिवार ने तुरंत मानपुर थाना अध्यक्ष को सूचना दी। मानपुर थाना अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर घर का ताला तुड़वाया। घर खाली मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। शिकायत के आधार पर 14 जनवरी को मृतका के पति मनीष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। भाई ने कहा है कि हत्या कर गेहूं के खेत में शव को गाड़ दिया गया था। उसके ऊपर से फसल भी उगा दिया गया था। लेकिन, पानी डालने के कारण लाश की बदबू आने लगी। मिट्टी निकल गई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पूरी घटना की सूचना पुलिस को दी। शनिवार की शाम मानपुर थाना अध्यक्ष को सूचना मिली कि लोटन गांव स्थित गेहूं के एक खेत से दुर्गंध आ रही है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने खुदाई कराई, तो खेत में दफन एक महिला का शव मिला। इसके बाद लापता महिला के मायके वालों से संपर्क किया गया।

### पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर बवाल समर्थकों ने फूंका नीतीश और सम्राट का पुतला

**कटिहार**। कटिहार में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के बाद सियासी माहौल गरमा गया है। गिरफ्तारी की खबर फैलते ही उनके समर्थकों में जबरदस्त उबाल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान के नेतृत्व में शहीद चौक पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन करते हुए बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान ने गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया और इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पप्पू यादव को जल्द रिहा नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बताते चले 35 साल पुराने केस में पुलिस ने सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार किया है। इसके बाद लगातार उनसे जुड़े समर्थ को के द्वारा विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है। वहीं छात्र नेता चंदन यादव ने भी कहा कि पटना में नीट छात्रा कांड मामले का जिस प्रकार सांसद पप्पू यादव ने खुलासा किया है और आवाज उठाई है उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है जबकि छात्र नेता रवि यादव ने कहा कि बिहार के एकमात्र सांसद है राजेश रंजन और पप्पू यादव जो नीट छात्रा कांड का मजबूती से आवाज उठा रहे हैं साथ ही साथ जनता के हर मुद्दों को मजबूती से उठते हैं सांसद पप्पू यादव को साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया हैं।

# गया कॉलेज का 83वां स्थापना दिवस गरिमामय माहौल में संपन्न, शिक्षा और परंपरा का दिखा संगम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता











**गया**। इतिहास, परंपरा और आधुनिक शिक्षा के संगम के रूप में पहचान बना चुके गया कॉलेज का 83वां स्थापना दिवस समारोह पूरे गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ने एक बार फिर महाविद्यालय की समृद्ध शैक्षणिक विरासत और सामाजिक योगदान को रेखांकित किया। समारोह में सत्ता, शिक्षा और समाज के कई प्रमुख चेहरे एक मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने की। विशिष्ट अतिथियों में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, उद्योग एवं सड़क मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, भवन निर्माण मंत्री डॉ. अशोक कुमार चौधरी, विधान पार्षद जीवन कुमार और मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही शामिल थे। राज्यपाल के गयाजी आगमन पर एयरपोर्ट पर कुलपति शशि प्रताप शाही ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कॉलेज परिसर पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके पश्चात राज्यपाल ने कॉलेज परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया, जिसे महाविद्यालय की वैचारिक चेतना और राष्ट्रवादी मूल्यों से जोड़ा गया। एकता सभागार में आयोजित मुख्य समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। इस अवसर पर कॉलेज की पत्रिका 'शतदल' तथा स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया गया। कला भारती के विद्यार्थियों ने कुलगीत की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। अपने संबोधन में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्रियां प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले जागरूक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। उन्होंने कहा कि गया कॉलेज जैसी संस्थाएं दशकों से इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं और यही उनकी वास्तविक पहचान है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया कॉलेज को बिहार की शैक्षणिक धरोहर बताते हुए कहा कि यहां से निकले विद्यार्थियों ने प्रशासन, शिक्षा, राजनीति और सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उद्योग एवं सड़क मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने शिक्षा और उद्योग के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि राज्य के विकास के लिए शैक्षणिक संस्थानों का नवाचार और उद्यमिता से जुड़ना जरूरी है। भवन निर्माण मंत्री डॉ. अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि आधारभूत संरचना के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता पर भी समान रूप से ध्यान देना समय की मांग है और गया कॉलेज इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। विधान पार्षद जीवन कुमार ने कॉलेज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने कहा कि विश्वविद्यालय को गया कॉलेज जैसी ऐतिहासिक संस्था मिलना गर्व की बात है और विश्वविद्यालय हर स्तर पर कॉलेज को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह के अंत में प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गया कॉलेज शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रनिर्माण के अपने संकल्प के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

## तेतरिया बधार हत्याकांड का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार, बाइक सहित हथियार बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी के महकार थाना क्षेत्र के तेतरिया बधार में हुए हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हत्या में इस्तेमाल चैन स्पॉकेट और वारदात में इस्तेमाल बाइक भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान सभी अभियुक्तों ने हत्या में शामिल होना स्वीकार कर ली है।

**30 जनवरी को पईन में मिला था शवः** घटना 30 जनवरी 2026 की है। महकार थाना को सूचना मिली थी कि ग्राम तेतरिया बधार में एक युवक की हत्या कर उसका शव पईन में फेंक दिया गया है। मृतक की पहचान दिनेश चौहान के रूप में हुई थी। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीमचक बथानी और महकार थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल को सुरक्षित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच, गया भेजा गया। सबूत जमा करने के लिए एफएसएल टीम को भी मौके बुलाया गया।

**विशेष जांच टीम का गठनः** मामले की गंभीरता को देखते हुए महकार थाना कांड संख्या 13/26 (दिनांक 30 जनवरी 2026) दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। हत्याकांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीमचक बथानी ने किया। टीम में महकार थाना के पुलिस पदाधिकारी, जवान और तकनीकी शाखा के अधिकारी शामिल थे।

**तकनीकी साक्ष्यों से चारों अभियुक्त गिरफ्तार, पूछताछ जारीः** विशेष टीम ने स्थानीय स्तर पर आसूचना संकलन के साथ तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। इसके आधार पर चार अभियुक्तों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अमित कुमार उर्फ विजय, सुधीर कुमार, प्रदीप कुमार और धनराज कुमार शामिल हैं। सभी अभियुक्त महकार थाना क्षेत्र के जगडीहा गांव के निवासी बताए गए हैं। फिलहाल, सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है। साथ ही इनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस का दावा है कि इनवेस्टिगेशन के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दिनेश चौहान बीती 28 जनवरी की शाम से लापता था। उस दिन उसके फोन पर एक कॉल आई थी। उसके बाद से ही वह लापता हो गया था। उसका शव बधार में पईन के पास मिला था। उसके शरीर पर गहरे जख्म के निशान पड़े थे। यही नहीं उसका प्राइवेट पार्ट को भी अपराधियों ने काट दिया था।

## बिंद में खुलेगा 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस', एथलेटिक्स, फुटबॉल और तीरंदाजी की ट्रेनिंग दी जाएगी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा जिले की प्रतिभावान लड़कियों के लिए खेल के क्षेत्र में एक नई उम्मीद की किरण दिखाई दी है। जिला प्रशासन ने बिंद प्रखंड में विशेष 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने का निर्णय लिया है। जहां एथलेटिक्स, फुटबॉल और तीरंदाजी में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने खेल विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार उच्च विद्यालय बिंद के खेल मैदान को इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए चयनित किया है। यह केंद्र पूरी तरह से बालिका वर्ग को समर्पित होगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का सुनहरा अवसर साबित हो सकता है।

**आवासीय सुविधा के साथ समग्र विकासः** इस केंद्र की खास बात यह है कि यहां खिलाड़ियों को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि रहने और भोजन की भी उत्तम व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय बिंद के छात्रावास में प्रारंभिक चरण में 30 से 50 खिलाड़ियों के ठहरने की सुविधा होगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की वे प्रतिभाएं भी लाभान्वित हो सकेंगी, जिनके पास संसाधनों की कमी के कारण अपनी क्षमता को निखारने के अवसर नहीं मिल पाते।

**तीन खेलों में मिलेगा विशेष प्रशिक्षणः** सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में तीन प्रमुख खेल एथलेटिक्स, फुटबॉल और आर्चरी (तीरंदाजी) पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस केंद्र में प्रशिक्षित खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

**प्रशासन की प्राथमिकता में परियोजनाः** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने इस परियोजना को विशेष प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सेंटर के सफल संचालन के लिए समस्त आधारभूत सुविधाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि इस केंद्र का उद्देश्य जिले में छिपी खेल प्रतिभाओं को खोजना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तराशना है।

# 11 विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे मरीजों की जांच, एकदिवसीय निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन

## आई स्पेशलिस्ट और फिजियोथेरेपिस्ट भी मौजूद रहेंगे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से आज निशुल्क साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। बिहारशरीफ स्थित श्रम कल्याण केंद्र के विस्तारित भवन में शिविर का आयोजन सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक होगा। इस शिविर की विशेषता यह है कि जिले के 11 नामी विशेषज्ञ डॉक्टर एक ही मंच पर मरीजों को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। एलोपैथिक, होम्योपैथिक, फिजियोथेरेपिस्ट, आई स्पेशलिस्ट भी मौजूद रहेंगे। रेड क्रॉस का यह प्रयास केवल एक शिविर नहीं, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक बड़ा कदम है। जहां समाज के हर तबके को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

**विशेषज्ञों की टीमः** शिविर में डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. अभिनव कुमार सिंह (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. सुबोध कुमार (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ), डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. उमेश कुमार सिंह और डॉ. इंद्रजीत कुमार (फिजिशियन), डॉ. रवि कुमार (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. शहजाद आलम (फिजियोथेरेपिस्ट), डॉ. गौतम कुमार और डॉ. रितेश कुमार (होम्योपैथिक) और डॉ. प्रदीप कुमार सिंह (ऑडियोलॉजिस्ट) शामिल हैं।

**रेड क्रॉस की अनूठी पहलः** आज के दौर में जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की फीस और इलाज आम आदमी की जेब पर भारी पड़ता है, वहीं रेड क्रॉस का यह 'साप्ताहिक निशुल्क शिविर' जिलेवासियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह शिविर न केवल उपचारात्मक है, बल्कि 'प्रिवेंटिव हेल्थकेयर' (बचाव ही इलाज है) की दिशा में भी नागरिकों को जागरूक करता है। रेड क्रॉस सोसाइटी ने जिले के सभी प्रबुद्ध नागरिकों और जरूरतमंदों से अपील की है कि वे इस अवसर को गंवाएं। अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य की नियमित जाँच कराकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग दें।

## नालंदा में प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए मुफ्त स्टडी किट योजना, आवेदन की अंतिम तिथि 12 फरवरी तक बढ़ी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की ओर से संचालित 'स्टडी किट योजना' के तहत आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 12 फरवरी 2026 कर दी गई है।

**आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए वरदानः** जिला नियोजन पदाधिकारी मोहम्मद आकिफ वक्कास ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अब 12 फरवरी तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। यह योजना खास तौर पर उन प्रतिभाशाली युवाओं के लिए राहत लेकर आई है, जो आर्थिक तंगी के चलते महंगी पुस्तकों और अध्ययन सामग्री की व्यवस्था नहीं कर पाते। सरकार का उद्देश्य है कि प्रतिभा का दम आर्थिक विषमता की भेंट न चढ़े और हर योग्य युवा को प्रतियोगिता में बराबरी का मौका मिले।

**किन परीक्षाओं के लिए उपलब्ध है सुविधाः** विभाग की ओर से UPSC, BPSC, SSC, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग परीक्षाएं और अन्य प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यह स्टडी किट उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें संबंधित परीक्षाओं के लिए आवश्यक पुस्तकें, अध्ययन सामग्री और अन्य जरूरी संसाधन शामिल हैं।

**किसे मिलेगा लाभ, पात्रता की शर्तेः** योजना का लाभ लेने के लिए विभाग ने कुछ स्पष्ट मापदंड निर्धारित किए हैं। उनमें आवेदक का नालंदा जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है। साथ ही, अभ्यर्थी का जिला नियोजनालय, नालंदा में कम से कम छह माह पूर्व से निबंधन होना अनिवार्य है।

चयन प्रक्रिया में निबंधन की वरीयता को प्राथमिकता दी जाएगी, यानी जो पहले निबंधित हुए हैं, उन्हें वरीयता मिलेगी। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपए से कम होनी चाहिए। यह प्रावधान इसलिए रखा गया है ताकि वास्तव में जरूरतमंद युवाओं को ही इस योजना का लाभ मिल सके। आवेदक को यह साबित करना होगा कि उसने संबंधित प्रतियोगी परीक्षा के लिए आवेदन किया है। इसके लिए परीक्षा आवेदन का साक्ष्य प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। परीक्षा की आवश्यकता के अनुसार आवेदक को इंटरमीडिएट या स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए।

**विशेष प्राथमिकता वाले वर्गः** सामाजिक न्याय को ध्यान में रखते हुए ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला अभ्यर्थियों को इस योजना में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

# जेल से छूटने के बाद मां-बहनों संग घूमने निकला था, बहन के बेटे की हत्या की थी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



- राजगीर में मिली थी 4 लाशें, बेटा इंजीनियर था
- पोस्टमॉर्टम के बाद पड़ोसियों को सौंपे गए शव

**नालंदा**। राजगीर में मां और 3 बच्चों की लाशें धर्मशाला के कमरे में मिली थी। मृतकों में जीआर नागा प्रसाद (50) भी शामिल है। जिसने पिछले साल अपने भांजे की हत्या की थी। 5 महीने से वो जेल में था। 17 दिसंबर को उसे जमानत मिली थी। नागा इंजीनियरिंग ग्रेजुएट था, पर कोई काम नहीं करता था, बेरोजगार था। पिता की मौत के बाद घर में कमाने वाला कोई नहीं था। नागा पर मां और 2 बहनों की जिम्मेदारी थी। एक बहन की शादी हुई थी, पर तलाक के बाद वो अपने मायके वालों के साथ ही रहती थी। घर में आर्थिक परेशानी भी कम नहीं थी। जिस वजह से ये लोग मानसिक रूप से अस्वस्थ रहते थे। इसी बीच पूरा परिवार तीर्थयात्रा पर निकला था। ये सारी जानकारी नालंदा पुलिस को बेंगलुरु से मिली। यहां की पुलिस ने बेंगलुरु पुलिस से फोन पर संपर्क किया था।

**भांजा को सट्टा खेलने की लत थी, गुस्से में कर दिया मर्डरः** पुलिस के अनुसार जिस भांजे की नागा ने हत्या की थी वो तलाकशुदा बहन का बेटा था। जिसे ऑनलाइन गेमिंग का शॉक था। ऑनलाइन सट्टा भी खेलता था। ये बात जब नागा को पता चली तो उसे बहुत गुस्सा आया। नागा सोचता था कि एक तो घर की आर्थिक स्थिति खराब है, ऊपर से भांजा सट्टा खेलता है। ऐसे में आर्थिक परेशानी और भी बढ़ सकती है। नागा ने अपने भांजे को कई बार सट्टा खेलने से मना किया, पर भांजा नहीं मान रहा था। पिछले साल जुलाई महीने में गुस्से में आकर नागा ने अपने भांजे को मार डाला। हत्या के बाद उसे जेल भी जाना पड़ा था।

**पैतृक गांव में नहीं जाते थेः** बेंगलुरु पुलिस के मुताबिक पूरा परिवार अपने पैतृक गांव में नहीं रहता था। ये लोग गांव तभी जाते थे जब पैतृक संपत्ति विवाद का मामला होता था या फिर इन्हें किन्ही से कर्ज लेने की जरूरत पड़ती थी। गांव में किसी प्रकार का सामाजिक या धर्मिक आयोजन होता था, फिर भी ये लोग शामिल नहीं होने जाते थे। चारों बेंगलुरु शहर में रहते थे। अभी ये क्लियर नहीं है कि शहर में इनका अपना घर था या फिर रेंट के घर में रहते थे।

**बेंगलुरु से पहुंचे परिवारः** चारों लाशों का पोस्टमॉर्टम पीएमसीएच, पटना में चल रहा है। मौत की जानकारी के बाद बेंगलुरु से परिवार शनिवार को पीएमसीएच पहुंचा। परिवार में चाचा, चचेरी बहन और एक पड़ोसी थे। उन्होंने चारों की लाशों को देखा और पहचान की। पुलिस ने तीनों से पूछताछ की, पर उनकी भाषा अलग थी। समझने में पुलिस को थोड़ी परेशानी हुई। जिसके बाद पुलिस ने इंग्लिश में बात करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने नाम और उम्र के अलावा कोई दूसरी जानकारी नहीं दी।

**पोस्टमॉर्टम के बाद पड़ोसियों को सौंपे गए शवः** बेंगलुरु से पहुंचा परिवार शनिवार रात पटना में ही रुका। पोस्टमॉर्टम के बाद चारों लाशें इन्हें ही सौंप दी गई है, क्योंकि खुद के परिवार में मृतकों का कोई नहीं है। परिवार ने देर रात तक शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस के अनुसार लाशों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने में अभी 7 दिन का समय लगेगा। पुलिस कह रही है रिपोर्ट आने के बाद मामले में और भी खुलासे हो सकते हैं। फिलहाल पड़ोसियों ने आत्महत्या की बात कही है, लेकिन जिस स्थिति में लाशें मिली थी उससे घटना को दूसरे एंगल से भी देखा जा रहा है।

**राजगीर के दिगंबर जैन धर्मशाला में मिली थी लाशेंः** दरअसल, राजगीर स्थित दिगंबर जैन धर्मशाला में संदिग्ध हालात में चार पर्यटकों के शव मिले थे। मृतकों में एक मां, दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। चारों के शव कमरे के चारों कोनों में फंदे से लटके मिले हैं। पुलिस के अनुसार, जिस रस्सी से शव लटके थे, वह नई थी। शव काफी हद तक डिकंपोज हो चुके थे। त्वचा निकलने लगी थी, जिससे आशंका है कि सभी की मौत कुछ दिन पहले हुई है। कमरे से 1.18 लाख रुपए कैश और गहने भी मिले थे।

**SIT का गठन और बेंगलुरु पुलिस से संपर्कः** नालंदा एसपी भारत सोनी ने मामले की तह तक जाने के लिए 8 सदस्यीय SIT का गठन किया है। इस टीम में राजगीर SDPO सुनील कुमार सिंह, अंचल निरीक्षक संजय कुमार, जिला आसूचना इकाई के प्रभारी आलोक कुमार, गिरियक अंचल निरीक्षक सुमंत कुमार, राजगीर थानाध्यक्ष रमण कुमार, नेहा कुमारी, नवीन कुमार और भानु प्रताप सिंह शामिल हैं। वहीं, पुलिस की एक 2 सदस्यीय टीम को जांच के लिए बेंगलुरु भेजा गया है, ताकि परिवार के किसी अन्य सदस्य और उनके पुराने इतिहास का पता लगाया जा सके।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### घर में घुसकर विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास, प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज(रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के मठिया एक मनचले द्वारा मासूम बच्चों के सामने विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। घटना के संबंध में पीड़िता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में पिड़ीता ने कहा है कि शनिवार की सुबह 7.30 बजे अपने बच्चों को लिए खाना बना रही थी, तभी उसी गांव के रामाकांत सिंह का 30 वर्षीय पुत्र विकास कुमार उसके घर में घुस गया और पास आकर उसे अपने बाहों में कसकर पकड़ लिया। जब उसने उससे अपने आप को छुड़ाने का प्रयास की तो वह उसके सिर का बाल पकड़ कर जमीन पर पटक कर दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। जब वह चिल्लाने लगी तो उसके छोटे छोटे बच्चे उसके पास आकर रोने लगे। जिसके बाद विकास कुमार उसका हाथ पकड़ धारदार चाकू से उसके दाहिने हाथ के दो उंगली को जख्मी कर दिया। बताया कि विकास कुमार उससे पहले भी उसे जान से मारने की धमकी दिया था। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि इस संबंध में पीड़िता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मोहनी गोला में गौशाला से एक कीमती गाय की हुई चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज**। बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मोहनी गोला से शनिवार की रात एक गौशाला से एक कीमती गाय की चोरी हो गई है। इस संबंध में पशुपालक द्वारा रविवार को बिक्रमगंज थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मोहनी गोला निवासी बबन सिंह पिता स्व. निरभवन सिंह द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि शनिवार की रात 8 बजे गौशाला में गाय बांध कर सोने चल गये थे। करीब 2:00 बजे उठा तो देखा की उसकी गाय गौशाला में नहीं थी।उसने बताया कि उसकी गाय लाल रंग का सहिवाल थी। पशुपालक ने गाय को अपने गांव के अलावा आसपास के गांव में भी काफी खोज बीन किया। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। जिसे उसको पूर्ण विश्वास हो गया की उसकी गाय अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गाय की तलाश की जा रही है।

### देश की नारी सशक्तिकरण और घर की स्वाभिमान है बेटियां : डॉ. मनीष

**बेटी जन्मोत्सव पर भाजपा सदस्य ने समाज को किया जागरूक**



**बिक्रकमगंज (रोहतास)** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह काराकाट विधानसभा नेता डॉ. मनीष रंजन ने लगातार पांचवें वर्ष बेटी जन्मोत्सव मनाते हुए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान से समाज में जागरूकता का संदेश दिया। अवसर भाजपा सदस्य ने शुक्रवार 6 फरवरी को अपनी बेटी राज नंदनी का 5वां जन्मोत्सव पटना स्थित पनास सभागार में उपस्थित सैकड़ों अतिथियों के आर्शीवाद वचन और प्रीतिभोज के साथ धूमधाम से मनाया। उक्त मौके पर भाजपा नेता डॉ. मनीष ने लोगों से बेटी जन्मोत्सव पर प्रकाश डालते हुए आग्रह पूर्वक कहा कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उनके अस्तित्व का सम्मान करना है। जिसका प्राथमिक लक्ष्य कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराधों को रोकना और गिरते बाल लिंगानुपात यानी सीएसआर में सुधार लाना है। बेटी जन्मोत्सव बेटियों को लड़कों के समान अधिकार,बेहतर शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता को भी पैदा करता है। साथ ही सभी माता-पिता को समझना चाहिए कि बेटियों को परिवार पर बोझ न मानकर उन्हें भारत के महिला सशक्तिकरण के रूप में देखे। घर में बेटी का जन्म अभिशाप नहीं,बल्कि घर में खुशियां और समृद्धि लाने वाला वरदान है। अवसर पर पूर्व चेयरमैन सह व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह,विमला देवी,नेहा सिंह, स्वप्निल सिंह, रूबी सिंह, सरोज सिंह,विकास सिंह,मनमोहन तिवारी,मनोज सिंह,विवेक कुशवाहा, युवराज सिंह सहित सैकड़ों राजनीति कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित थे।

### काराकाटः एससी-एसटी मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए



**काराकाट / रोहतास** । काराकाट पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि शनिवार को थाना क्षेत्र के कुशी गांव में एक मारपीट की घटना के बाद एससी-एसटी मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। वादी अमित कुमार राम ने तीन लोगों को आरोपी बनाया है । दरअसल, कुशी गांव निवासी स्वर्गीय हीरालाल राम के पुत्र अमित कुमार राम के साथ गांव के कुछ लोगों ने मारपीट की । अमित कुमार राम ने काराकाट थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर कांड संख्या 51/26 दर्ज किया गया । थानाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को दो आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में कुशी गांव के निर्मल सिंह का पुत्र अरुण कुमार और स्वर्गीय हरदेव सिंह का पुत्र राजू सिंह शामिल हैं । दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि क्षेत्र में मारपीट या किसी भी आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस ने छापामारी और गश्त तेज कर दी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

### साहित्यकार कनक किशोर को आरंभ सम्मान से नवाजा गया



**दावथ /रोहतास**। दावथ प्रखण्ड के डेढ़गाँव स्थित आरंभ विद्यालय परिसर में 'आरंभ सम्मान समारोह' आयोजित हुआ। जिसमें भोजपुरी के विख्यात कवि और लेखक कनक किशोर को 'आरंभ सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रतिवर्ष शाहाबाद में जन्में ऐसे साहित्यकार, चित्रकार या रंगकर्मी को दिया जाता है, जिन्होंने अपनी रचनाओं और अपने कार्यों से अपनी माटी, अपनी भाषा और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति दिलायी हो। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार जितेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में आए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह में कनक किशोर की पुस्तक 'भोजपुरी शब्द संपदा', जितेन्द्र कुमार की 'शब्द वातायन' तथा 'रजनीगंधा' एवं भोजपुरी सम्मेलन पत्रिका के नए अंक तथा सुरेश कांटक की 'धरती के गीत' पुस्तक का लोकार्पण हुआ। समारोह में आए अन्य अतिथियों में डा. नागेन्द्र झा महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डा० अमरेन्द्र कुमार मिश्र, प्रो० रविन्द्रनारायण सिंह और प्रो० विद्याशंकर तिवारी, भोजपुरी अकादमी नई दिल्ली के सदस्य रवि प्रकाश 'सूरज', प्रख्यात चित्रकार कौशलेश पांडेय, किसान कवि लक्ष्मीकांत मुकुल तथा कवि हरेराम सिंह, इतिहास अध्येता कुमार शंभू शरण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# तिलौथू में सोन बांध योजना की आड़ में बालू की मची है लूट

## दिन में धड़ल्ले से अवैध बालू खनन व परिचालन पर एसडीएम गंभीर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**डेहरी। रोहतास**। तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के सरैया ग्राम में सोन बांध योजना का कार्य काफी युद्ध स्तर से चल रहा है। तथा सिंचाई विभाग द्वारा सैंड बैग के माध्यम से कटाव रोकने की कवायद शुरू की गई है। किंतु आपदा में अवसर तलाश करते हुए अवैध बालू कारोबारियों द्वारा दिन के विद्यालय में अवैध बालू खनन कर व अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के परिचालन की सूचना पर एसडीएम ने कार्रवाई करने की बात कही है। क्योंकि अवैध बालू खनन कर सरैया में जगह-जगह इसका भंडारण किया जा रहा है। बताया जाता है, कि गत 15 दिनों से सोन नद से अवैध बालू खनन की जा रही है। प्रतिदिन अमझोर थाना क्षेत्र के थाने के बगल में स्थित भदसा गांव घाट से करीब दर्जनों ट्रैक्टर बालू कार्यस्थल पर पहुंचा जा रहा है।

इसी बीच आधे से अधिक बालू की तस्करी भी की जा रही है। तीन हजार और 3500 रुपए में मिलने वाला बालू मात्र 1500 और 1600 रुपए में दरवाजे पर गिर रहा है। इस संदर्भ में स्थानीय पुलिस अधिकारियों का कहना है, कि क्योंकि सिंचाई विभाग की देखरेख में कटाव बांध योजना चल रही है, तथा वरीय अधिकारियों के आदेश से घाट खोलकर बालू से सेंड बैग तैयार करने के लिए निकाला जा रहा है। इसी आड़ में अवैध तरीके से बालू का खनन कर अन्यत्र स्थान पर भंडारण किया जा रहा है यही नहीं तिलौथू व अमझोर थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में भी अवैध बालू खनन व बालू लदे ट्रैक्टरों का परिचालन धड़ले से जारी है। इस संबंध में एसडीएम डेहरी निलेश कुमार से बात ने कहा कि बालू निकासी की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाएगी। तथा बालू निकालने वाले ट्रैक्टर को पड़कर पूछा जाएगा कि किसके आदेश से बालू निकल रहा है। हालांकि सोन बांध योजना की जानकारी की पुष्टि करते हुए एसडीएम ने कहा कि वहां काम चल रहा है। किंतु बालू निकासी के आदेश कहां से जारी हुए हैं, इसका पता लगाया जाएगा। देखना होगा आने वाले दिनों में प्रशासन द्वारा क्या कारवाई की जाती है।

### सासाराम में हिमालया किड्जी विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम** । सासाराम स्थित सेंट्रल जेल के समीप अदमापुर में संचालित हिमालया किड्जी विद्यालय के प्रांगण में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक राम आशीष सिंह,निदेशक वृज बिहारी राय एवं प्राचार्या रमा राय सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा गायत्री महामंत्र के उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया ।समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य,गीत एवं अन्य कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और खूब तालियां बटोरीं । इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट योगदान के लिए बेस्ट मदर सम्मान से दर्जनों माताओं को सम्मानित किया गया । साथ ही विद्यालय परिवार की ओर से आगत अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक वृज बिहारी राय ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। हमारा उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधि, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

### जमीनी विवाद में ट्रैक्टर से हत्या के मामले में वाहन जब्त, तीन शराबियों को भी काराकाट से दबोचा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/रोहतास**। काराकाट पुलिस ने दिसंबर 2025 में जमीनी विवाद में ट्रैक्टर से एक व्यक्ति की हत्या के सनसनीखेज मामले में संबंधित ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बेलवाई लेवाबाद में दो पक्षों के बीच पांच साल से चले आ रहे जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। 10 दिसंबर 2025 को सुरेश सिंह उर्फ नागा सिंह की ट्रैक्टर पर सवार लोगों ने बेरहमी से रौंदकर हत्या कर दी।मृतक की पत्नी विमला देवी ने अपने फर्दबयान पर थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया, जिसका कांड संख्या 533/25 है। विमला ने बताया, "जमीनी विवाद करीब पांच साल से चल रहा था। 10 दिसंबर को ट्रैक्टर पर बैठे लोगों ने मेरे पति की जान ले ली।" पुलिस ने मामले की तफ्तीश तेज कर दी और आज आरोपी ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले आई। थाना अध्यक्ष ने कहा कि अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। इसी क्रम में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र से तीन नशेड़ी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बजरंगी कुमार, संतु कुमार और भिरवम कुमार के रूप में हुई। तीनों नशे की हालत में थे। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया गया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने चेतावनी भरा संदेश दिया, "किसी भी प्रकार की अपराधी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्र में छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है और गश्ती बढ़ा दी गई है।"

## सेवनिर्वित रेलवे स्टेशन प्रबंधक को दी गई विदाई रेल अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने किया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**डेहरी। रोहतास**। डेहरी रेलवे स्टेशन प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह के सेवनिर्वित उपरांत रेल परिसर में कर्मियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के संबोधन में पूर्व विधायक इ. सत्यनारायण यादव ने कहा कि किसी भी नौकरी में सेवानिवृत एक सामान्य प्रक्रिया है। और यह सभी अधिकारियों और कर्मियों के साथ होता है। किंतु कुछ ऐसे अधिकारी व कर्मी होते हैं, जो अपना अमित छाप विभाग और समाज में छोड़ते हैं। उन्ही में से एक जेके सिंह जी हैं, जो हमेशा चेहरे पर मुस्कान लिए रेल और यात्रियों को सेवा दिया, उनके कार्य सेवा व कुशल व्यवहार को हमेशा याद किया जाएगा मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी व विशिष्ट अतिथि अभिनव कला संगम निर्देशक कमलेश कुमार ने कहा कि रेलवे स्टेशन परिसर में चेहरे पर मुस्कान लिए यात्रियों के सेवा के लिए जेके सिंह सदैव तत्पर रहते हैं।

यही कारण है, कि उनके सेवानिर्वित होने के बाद इस विदाई समारोह में रेल पदाधिकारी व कर्मियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सभी ने सेवानिवृत्ति जेके सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की। अपने विदाई समारोह पर सेवानिवृत स्टेशन प्रबंधक ने कहा कि उनके सम्मान में लोगों की भीड़, स्नेह, प्रेम और इस प्रकार का विदाई समारोह देख वह भावुक है। उन्हें यह अब लग रहा है कि अपने कार्यकाल में रेल और आम यात्रियों की सेवा कर पाए हैं। विदाई समारोह में आरपीएफ इंस्पेक्टर रामविलास राम ने कहा कि कुंभ मेला के दौरान 24 घंटे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर स्टेशन प्रबंधक जे के सिंह ने जो कार्य किया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता है। सभी रेल कर्मियों के साथ उनका व्यवहार कुशल रहा है। भले ही वह रेल कार्य से मुक्त हो रहे हैं, किंतु सामाजिक कार्यों से वह मुक्त नहीं हो सकतें। विदाई समारोह का संचालन ईसीकेआरयू अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान ने किया। विदाई समारोह में अन्य लोगों के अलावा रेलवे सहायक अभियंता कर्ण, मंडल सहायक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरदीप कुमार सिंह, मंडल यातायात निरीक्षक आर के वर्णवाल, जीआरपी इंस्पेक्टर सुबोध कुमार, थानाध्यक्ष साजदा खातून, स्टेशन प्रबंधक रुस्तम अंसारी, गौतम सिंह, वीरेंद्र पटेल, अशोक राय, पहलेजा स्टेशन अधीक्षक आर के वर्मा, सोन नगर स्टेशन प्रबंधक राजीव कमल, बसंत गुप्ता, अमित गुप्ता सेवानिवृत्ति स्टेशन प्रबंधक मुन्ना रजक, समेत अन्य लोगों उपस्थित थे।

## आग लगी की घटना से ग्रामीण परेशान उक्त स्थल पर एसडीएम व एएसपी ने घटनास्थल का जांच किये

**स्थानीय लोगों को आपसी भाईचारा कायम रखने हेतु किया अपील**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**डेहरी (रोहतास)**। रोहतास जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरांव कलां पंचायत के अहराव में विगत कई दिनों से एक ही मुहल्ले में अचानक से आग लगने की घटना लगातार घट रहीं है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं।अप्रिय घटना को लेकर पीड़ित परिवार, स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि व पुलिस प्रशासन के बीच एक अबुझ पहेली की स्थिति बनी हुई है। अगलगी की घटना से परेशान ग्रामीण एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप एवं अंधविश्वास एवं भूत प्रेत की मामला बताने लगे। स्थानीय लोगों के बीच स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई की कभी भी किसी प्रकार की अनहोनी घटना घट सकती हैं इसकी भनक जैसे ही आयरकोठा थानाध्यक्ष शिवम कुमार को मिली तो थानाध्यक्ष ने तत्काल वरीय पदाधिकारी को मामले से अवगत कराया। इसी क्रम में डेहरी एसडीएम निलेश कुमार व एएसपी अतुलेश झा ने अहरांव गांव में पहुंचकर जगन्नाथ राम, मुसहरी राम ,धनजी राम ,राम जीत राम सहित अन्य लोग के जले हुए घरों का बारीकी से कई बिंदुओं पर निरीक्षण किया और आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए घर वाले, जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोगों से विशेष बातचीत किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीम ने बताया कि प्राकृतिक कारणों से ऐसी घटनाएं हुई है या क्या मामला है जिसकी गहनता से जांच पड़ताल की जा रही हैं। आगे ऐसी घटना ना हो इसके लिए स्थानीय लोगों की कमिटी के साथ मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जरूरत पड़ने पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। वहीं लोगों से अपील किया कि आपअंधविश्वास भूत प्रेत के चक्कर में ना पड़े आपसी भाईचारा को कायम रखें। जले हुए घर को मरम्मत करने के लिए आपदा राहत कोष से मिलने वाली सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता रखने वाले परिवारों के लिए आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया कराईं जाएगी। मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया ददन पासवान ने कहा की लगातार आग लगी की घटनाएं हो रही है इसकी जांच होनी चाहिए आखिर एक ही मोहल्ले में आग लगी की घटना क्यों हो रही है।

### 2 अप्रैल को मनाया जाएगा हिन्दू नववर्ष उत्सव, 21 सदस्यीय कोर कमिटी का गठन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज(रोहतास)**। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी काराकाट में हिन्दू नववर्ष उत्सव समारोह पूर्वक आगामी 2 अप्रैल को मनाया जाएगा।रविवार को काराकाट स्थित सूरेश तिवारी के आवास पर उत्सव की द्वितीय तैयारी बैठक की गई। आयोजित बैठक में 21 सदस्यीय कोर कमिटी का गठन किया गया। जिसका संयोजक रामजी पांडे उर्फ बड़क बाबा तथा सह संयोजक मनिष मिश्रा को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक कि संचालन कर रहे भाजपा कार्यसमिति सदस्य मदन वैश्य ने कहा कि जानकारी के अभाव में युवा पीढ़ी पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण कर रहे हैं। जिसका उदाहरण 1 जनवरी को आयोजित भव्य कार्यक्रमों के रूप में दिखाई पड़ता है। भारतीय परम्परा एवं सभ्यता को जीवंत रखने के लिए भारतीय उत्सवों को समारोह पूर्वक मनाना अनिवार्य प्रतित होता है। वही काराकाट प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि उत्सव में सम्पूर्ण हिन्दू समाज की सहभागिता सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके लिए जागरण रथ निकाला जाएगा और सभी वर्ग के लोगो को आमंत्रित किया जाएगा। मौके पर अधिवक्ता सतेन्द्र कुमार, भरत कुशवाहा,रवि भास्कर, बलिराम ओझा, संजय सिंह, अरविंद पाण्डेय एवं शेखर तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कुटीर ज्योति के पात्र उपभोक्ताओं को नि:शुल्क मिलेगा 1.1 केवीए का रूफटॉप सोलर पैनल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**बिक्रमगंज /रोहतास**। बिहार सरकार ने कुटीर ज्योति श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं को 1.1 केवीए क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जायेगा, जिसे उपभोक्ताओं की सहमति के उपरांत उनके आवास की छत पर लगाया जायेगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं वंचित परिवारों को घरेलू बिजली आवश्यकताओं में आत्मनिर्भर बनाना व उनके बिजली खर्च में कमी लाना तथा राज्य में स्वच्छ, हरित एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इसकी जानकारी देते हुए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के कार्यपालक अभियंता ई. ब्रवीम ने कहा कि सोलर ऊर्जा के प्रयोग से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक, सुरक्षित एवं टिकाऊ ऊर्जा समाधान भी प्राप्त होगा। योजना का लाभ उठाने हेतु उपभोक्ताओं को सुविधा ऐप मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपनी सहमति देनी होगी। इसके लिए उपभोक्ता को अपने उपलब्ध मोबाइल नंबर से सुविधा मोबाइल एप पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। सुविधा मोबाइल एप्लिकेशन बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक समग्र वन स्टेप डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है। इसके माध्यम से नयी बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन, लोड वृद्धि, मोबाइल नंबर अथवा पते में संशोधन, बिजली बिल देखना एवं ऑनलाइन भुगतान, स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं द्वारा प्रतिभूति राशि वापसी हेतु आवेदन, रुफटॉप सोलर नेट मीटरिंग से संबंधित सेवाएं तथा उपभोक्ता शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा सकता है। सहमति प्रदान करते समय आवेदक को किसी एक पता प्रमाण पत्र (जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि) के साथ अपने घर (परिसर) की फोटो अपलोड करनी होगी तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना आवश्यक होगा। प्राप्त आवेदनों की विधिवत जांच-पड़ताल (स्क्रूटनी) के उपरांत संबंधित डिस्कॉम द्वारा रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लिए निविदा आवंटित की जायेगी। चयनित एजेंसी द्वारा पात्र उपभोक्ताओं के आवास पर सोलर पैनल की स्थापना पूर्णतः निःशुल्क सुनिश्चित की जायेगी। यह योजना कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक सशक्तीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बिहार सरकार का एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है, जिससे राज्य के गरीब एवं वंचित परिवारों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए अपने निकटतम विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, अवर प्रमंडल अथवा प्रमंडल कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संघ के शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**अररिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को फारबिसगंज के भागकोहलिया स्थित विद्या मंदिर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया। सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में माता-बहनें, प्रबुद्धजन एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्रबोध को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं उद्बोधन विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीयता के मूल तत्वों स्वभाषा, भूषा, भजन एवं भ्रमण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इन्हीं के माध्यम से भारतीय संस्कृति और संस्कारों की रक्षा संभव है। उन्होंने युवाओं से भारतीय जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अधिवक्ता किशोर दास ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संघ को अपने कार्यकाल में कई बार प्रतिबंधों और कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, लेकिन राष्ट्रसेवा का कार्य कभी रुका नहीं। उन्होंने कहा कि शाखाओं के माध्यम से छोटे बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण किया जाता है और यही संस्कार संघ की शताब्दी यात्रा की आधारशिला हैं। इस अवसर पर संघ द्वारा पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज को पांच महत्वपूर्ण विषय सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य को अपनाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने हिंदू समाज से जाति और वर्ग से ऊपर उठकर सनातनी भाव से एकजुट होने की अपील की। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह ओम प्रकाश शर्मा ने किया। कार्यक्रम का समापन नागरिक कर्तव्य बोध के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर सह विभाग संघ चालक रामकुमार केसरी, विश्व हिंदू परिषद के मोहन दास, नगर व्यवस्था प्रमुख बटेशनाथ मंडल, उदय ठाकुर, चंचल सिंह, मनोज झा, सुनील कुमार, कमलेश झा, लक्ष्मीकांत झा, आर्यन कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### जोगबनी कोलकाता चित्तपुर एक्सप्रेस के कोच संरचना में हुआ बदलाव

**अररिया।** जोगबनी से कोलकाता के बीच परिचालित हो रही 13159 /60 चित्तपुर एक्सप्रेस में पूर्व रेलवे द्वारा वर्तमान कोच संरचना में यात्रियों की सुविधा को देखते हुए बदलाव किया गया है। अब इसके रैक में वर्तमान में लगने वाले स्लीपर श्रेणी के 10 कोचों में से तीन को कम उसके स्थान पर थर्ड एसी इकोनॉमिक श्रेणी के तीन कोच जोड़े गए हैं, जिनको एम 1, एम 2 और एम 3 के नंबर से चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही सेकेंड एसी का एक अतिरिक्त कोच जोड़ा गया। इस प्रकार इस इस महत्वपूर्ण ट्रेन में लगने वाले वातानुकूलित कोचों की संख्या नौ हो गई है। बाकी कोच सात स्लीपर क्लास की संख्या और सामान्य श्रेणी के चार कोच एवं दो एसएलआर होंगे। रेलवे के इस निर्णय का बिहार डेली पैसेंजर्स एसोसिएशन के केंद्रीय समिति के सदस्य बछराज राखेचा, इंडो नेपाल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ रेल यूजर्स के सदस्य विनोद सरावगी, रेलवे कम्प्यूटर्स फोरम के सदस्य राकेश रौशन, रेलयात्री संघ के सदस्य चंदन भगत, फारबिसगंज सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मांगीलाल गोलछा, फारबिसगंज चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष मूलचंद गोलछा आदि ने हर्ष प्रकट करते हुए रेल प्रशासन के प्रति आभार जताया है। साथ ही यह मांग की है कि आने वाले समय में इस ट्रेन का परिचालन प्रतिदिन करते हुए जोगबनी से इसका प्रस्थान समय सांयकाल पांच बजे किया जाए।

### 5 दिन बाद लापता इंटर छात्र फरक्का से बरामद

**मुंगेर।** मुंगेर के कासिम बाजार थाना क्षेत्र से लापता इंटर का एक परीक्षार्थी पांच दिन बाद पश्चिम बंगाल के फरक्का से सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने उसे सुरक्षित ढूंढ निकाला। हवेली खड़गपुर अनुमंडल के रुपौहुआ गांव निवासी राधेश्याम यादव के पुत्र अंकेश कुमार कासिम बाजार थाना क्षेत्र के शास्त्रीय नगर में रहकर मॉडल स्कूल से इंटर की परीक्षा दे रहे थे। 2 फरवरी को पहली पाली की परीक्षा देने के बाद वे अपने रिश्तेदार और मुखिया प्रतिनिधि धर्मवीर कुमार के घर गए थे। भोजन के बाद वे वहां से निकले, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। अंकेश का कोई सुराग न मिलने पर 3 फरवरी को उनके पिता ने कासिम बाजार थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मुंगेर जिले के विभिन्न थानों, पड़ोसी जिलों और अन्य राज्यों में अंकेश की तस्वीर साझा कर खोज अभियान चलाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी उपयोग किया गया।

**फरक्का रेलवे स्टेशन के पास मिला:** घटना के पांच दिन बाद, 6 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को फरक्का रेलवे स्टेशन के पास एक युवक मिला। पहचान करने पर पुष्टि हुई कि वह लापता अंकेश ही थे। आरपीएफ ने तुरंत मुंगेर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही कासिम बाजार थाने की टीम फरक्का पहुंची और 7 फरवरी को अंकेश को मुंगेर ले आई। मुंगेर लाने के बाद छात्र का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराया गया। इसके उपरांत उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंकेश को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन उन्हें अपने गांव ले गए।

**कुछ भी बताने से अंकेश ने किया इनकार:** थानाध्यक्ष रूबिकांत कच्छप ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार छात्र की तलाश कर रही थी और इस अभियान में सफलता मिली। उन्होंने कहा कि अंकेश से यह जानने की कोशिश की गई कि वह बिना किसी को बताए क्यों चला गया था, लेकिन उसने इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। इधर स्थानीय स्तर पर छात्र के अचानक गायब होने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग परीक्षा के दौरान कथित पैसों के लेनदेन की बात कर रहे हैं, हालांकि इस संबंध में पुलिस ने किसी भी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है। फिलहाल छात्र सुरक्षित है, यही सबसे बड़ी राहत की बात है।

### 25 सेंटर्स पर सीटेट की परीक्षा

**भागलपुर।** भागलपुर जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) का आयोजन का आयोजन किया गया। जिले में कुल 25 सेंटर्स बनाए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को तीन चरणों की सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। इसमें प्रवेश पत्र, पहचान पत्र और बायोमेट्रिक सत्यापन शामिल है। सुरक्षा जांच के दौरान महिला परीक्षार्थियों से गहने उतरवाए गए। मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच, ईयरफोन या किसी भी अन्य डिजिटल वस्तु जैसे प्रतिबंधित सामान के साथ किसी को भी केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया।

**सीसीटीवी से निगरानी:** सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल, दंडाधिकारी और विशेष निगरानी टीमों को तैनात किया गया। इसके अतिरिक्त, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी की जा रही है। ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके।

**गड़बड़ी करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी:** प्रथम पाली की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को सुबह 7:30 बजे से प्रवेश दिया गया। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली। द्वितीय पाली में अभ्यर्थियों का प्रवेश दोपहर 12:30 बजे से शुरू हुआ। परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक ली जाएगी। प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को भी सुचारू रखा है, जिससे परीक्षार्थियों को समय पर केंद्रों तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसी भी गड़बड़ी या कदाचार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मायागंज अस्पताल में फर्जी डॉक्टर बनकर ठगी

**भागलपुर।** भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल (मायागंज) में रविवार सुबह एक फर्जी डॉक्टर को मरीज के परिजनों ने पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई थी। सूचना मिलते ही बरारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच आरोपी फरार हो गया। उसके भाई को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक खगड़िया निवासी बुजुर्ग लाल बाबू पिछले चार दिनों से मायागंज के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती हैं। एक निजी एम्बुलेंस चालक अख्तर ने खुद को डॉक्टर बताकर परिजनों से बेहतर इलाज के नाम पर 1200 रुपए ठग लिए थे। पहली ठगी के बाद आरोपी फरार हो गया था।

# इंटरमीडिएट की परीक्षा देने आए छात्र की डूब कर मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में आज एक छात्र की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। 18 साल का छात्र इंटरमीडिएट की परीक्षा देने भागलपुर आया था। मृतक की पहचान मधेपुरा के छोटी भरगामा निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई है, जो चितरंजन यादव के बेटे थे। मामला सबौर थाना क्षेत्र का है। मुकेश इंटर की परीक्षा देने भागलपुर आया था और सबौर थाना क्षेत्र के बाबूपुर तीन नंबर वार्ड में अपने फूफा संजय यादव (पिता गजल यादव) के घर रुका हुआ था। यहीं पर उसका एग्जाम था। आज सुबह वह एक अन्य युवक के साथ गंगा घाट पर स्नान करने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव के कारण डूब गया।



◆ भागलपुर में दोस्तों के साथ गंगा स्नान के लिए पहुंचा था, अस्पताल गेट के पास गई जान

**पुलिस ने शव को नदी से निकाला:** स्थानीय लोगों ने तुरंत सबौर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस, डायल 112 की टीम और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद छात्र का शव गंगा नदी से बाहर निकाला गया। मोटरसाइकिल पर लादकर भागलपुर सिटी स्थित एक निजी अस्पताल उसे ले जाया गया। लेकिन, अस्पताल के गेट के पास ही छात्र ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बेटे का शव देखकर परिजनों में शोक छा गया। रिश्तेदार और ग्रामीण उन्हें सांत्वना दे रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सबौर थाना पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह डूबने से मौत का मामला प्रतीत होता है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। स्थानीय लोगों ने गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## हाथ में स्लाइन और खाट पर मरीज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में पुलिस जिला नवगछिया के ग्रामीण इलाकों में सड़क नहीं बनने के कारण लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि मरीजों को खाट पर लादकर अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। मामला गोपालपुर प्रखंड के डीमहा पंचायत से जुड़ा है। एक महिला छत पर चढ़ने के दौरान सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय स्तर पर इलाज कराने के बाद डॉक्टरों ने सरकारी अस्पताल ले जाने की सलाह दी, लेकिन सड़क और एंबुलेंस सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को मजबूरन खाट पर मरीज को लादकर पैदल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना पड़ा। गांव से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की दूरी करीब 7 से 8 किलोमीटर है। पैदल ही अस्पताल पहुंचना पड़ा।

**गांव की हालत जस की तस:** घायल महिला की पहचान दर्शन पंडित की पत्नी अनीता देवी के तौर पर हुई है। भतीजा मिथलेश ने बताया कि पंचायत में पिछले 17 वर्षों से सड़क नहीं बनी है। इसी वजह से मरीजों को खाट पर ले जाना पड़ता है। गांव में न तो अस्पताल की सुविधा है, न ही स्कूल और न ही आवागमन के लिए पक्की सड़क। कई बार जनप्रतिनिधि बदले, लेकिन गांव की हालत जस की तस बनी हुई है। अधिकारियों का भी इस गांव में आना नहीं होता है। सरकारी की सुविधाएं गांव तक नहीं पहुंच सकी है।

**रात में ज्यादा परेशानी होती है:** ग्रामीण मुकेश ने बताया कि वर्ष 2008 के बाद से यहां कोई सड़क नहीं बनी है, जिससे वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते। खासकर रात में अगर कोई बीमार पड़ जाए तो परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। समय पर इलाज न मिले, तो जान जाने तक की नौबत आ जाती है। सुशासन के नाम पर हम लोगों ने वोट डाला, लेकिन नीतीश कुमार ने नजर अंदाज कर दिया।

## जंक्शन में 22 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

◆ एक युवक गिरफ्तार, झारखंड से लाई जा रही थी खेप, फर्जी टिकट बेचने के मामले में 2 धराए



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर जंक्शन एरिया में रेल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चेकिंग के दौरान शक के आधार पर एक युवक को RPF ने रोका। तलाशी के दौरान बैग से 22 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 11,140 रुपए है। झारखंड से खेप लाई जा रही थी। आरपीएफ ने बरामद शराब और आरोपी सुजीत कुमार को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग को सौंप दिया है।

**तीनपहाड़ में 2 लोगों को पकड़ा:** इसके अलावा रेल पुलिस ने तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर पीआरएस काउंटर के पास से 2 लोगों को पकड़ा है। जिनके पास से तत्काल टिकट, ब्लैंक आरक्षण फॉर्म, मोबाइल और कैश बरामद हुआ है। जिसकी कुल कीमत करीब 10,625 रुपए है। पूछताछ में दोनों आरोपी साहिब अंसारी और आनंद तुरी ने रेलवे टिकट की अवैध खरीद-बिक्री में संलिप्त होने की बात स्वीकार की। आरपीएफ ने रेलवे अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू करते हुए सभी बरामद सामग्री को जब्त कर लिया।

**डीआरएम के निर्देश पर अभियान:** मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के निर्देश पर लगातार रेलेव स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मंडल सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ अशिम कुमार कुल्लू की देखरेख में यह कार्रवाई की गई है।

## हाईटेंशन तार के संपर्क में आया ट्रक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा टल गया। गोलदारपट्टी रोड पर राजकीय मध्य विद्यालय के पास एक ट्रक हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। तार सटते ही तेज चिंगारी निकलने लगी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। शॉर्ट सर्किट के कारण निकली चिंगारियों ने भयावह रूप ले लिया। हालांकि, ट्रक ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोक दिया। आसपास के लोगों को दूर रहने की अपील की, जिससे किसी प्रकार की जानी नुकसान नहीं हुआ।

**लोगों ने रोड जाम कर दिया:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अगर ट्रक आगे बढ़ता या तार टूटकर गिर जाता, तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। घटनास्थल के पास ही एक सरकारी स्कूल है। इस इलाके में हमेशा भीड़ रहती है। जिससे खतरे की आशंका और बढ़ गई थी। स्थानीय लोग सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही को लेकर आक्रोशित हो गए। बांस-बल्ला लगाकर सड़क जाम कर दिया। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलने पर ललमटिया पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया।



**प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग:** सोनू कुमार और अजय कुमार भगत ने बताया कि इस मार्ग पर कई वर्षों से हाई टेंशन तार नहीं बदले गए हैं। तारों की ऊंचाई काफी कम है, जिसके कारण बड़े वाहनों से अक्सर तार सटने की घटनाएं होती रहती हैं। इस समस्या को लेकर बिजली विभाग और स्थानीय प्रशासन को कई बार सूचित किया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन और बिजली विभाग से जल्द से जल्द बिजली के तारों की ऊंचाई बढ़ाने या उन्हें सुरक्षित तरीके से बदलने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में इससे भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## बड़े भाई और रिश्तेदारों ने बेटे को गला दबाकर मारा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर के शामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरावा गांव में 13 वर्षीय किशोर अमित कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने अमित के बड़े भाई सहित कुछ रिश्तेदारों पर गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



◆ मुंगेर में 13 वर्षीय किशोर की मौत, पिता ने लगाया आरोप, बेटी ने फोन पर दी सूचना

**छत पर बने कमरे में जमीन पर पड़ा मिला शव:** मिली जानकारी के अनुसार, अमित रात में अपनी बहनों के साथ घर के अलग-अलग कमरों में सोया हुआ था। देर रात जब बहनों की नींद खुली और अमित कमरे में नहीं मिला, तो उसकी तलाश शुरू की गई। खोजबीन के दौरान वे छत पर बने एक कमरे में पहुंचीं, जहां अमित जमीन पर पड़ा मिला। उसके गले पर रस्सी के निशान देख परिजन घबरा गए।

**परिजन अमित को स्वास्थ्य केंद्र ले गए, पुलिस को दी सूचना:** परिजन तत्काल अमित को खड़गपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सुबह शामपुर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के पिता नागो बिंद ने बताया कि घटना के समय वे अपनी पत्नी के साथ साले गब्बर सिंह के घर पर सोए हुए थे। देर रात बेटी के फोन से उन्हें अमित की मौत की जानकारी मिली। घर पहुंचने पर उन्होंने बेटे को मृत पाया।

**पिता ने कहा-बड़े भाई से चल रहा विवाद, लगाया हत्या का आरोप:** नागो बिंद का आरोप है कि उनका अपने बड़े भाई प्रकाश बिंद से पिछले कुछ दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते प्रकाश बिंद ने अन्य लोगों के साथ मिलकर रात में घर में घुसकर अमित को उसके कमरे से उठाया और छत के कमरे में ले जाकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि अमित के गले पर दबाव के स्पष्ट निशान मौजूद थे। इस मामले में परिजनों ने प्रकाश बिंद सहित नंदन बिंद, घोषण बिंद, विकास कुमार, मिथलेश बिंद और चंदन बिंद के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि अमित पांच बहनों के बीच इकलौता भाई था। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

**थानाध्यक्ष बोले-एफआईआर दर्जकर की जाएगी कार्रवाई:** इस संबंध में शामपुर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## फारबिसगंज में आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हवन पूर्णाहुति के साथ समापन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** फारबिसगंज एसके रोड स्थित राम प्रकाश प्रसाद के आवासीय परिसर में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन रविवार को हवन-पूर्णाहुति के साथ हुई। धार्मिक आयोजन का संचालन आचार्य श्री नारायण शर्मा द्वारा किया गया। आठवें दिन हवन-पूर्णाहुति का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने भाग लेकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दी। हवन के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आचार्य श्री नारायण शर्मा ने कथा समापन अवसर पर कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सत्कर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से मन शुद्ध होता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। हवन के समय आचार्य नारायण शर्मा, आनंद प्रकाश, डॉ. नूतन आनंद,डॉ. प्रीति प्रभा,डॉ. मनीष दास, विजय प्रकाश (प्रिंस), मनीषा विजय, धैर्य आनंद, पार्थ आनंद, वर्णिका वत्स, रिशान प्रकाश, पंडित निर्मल कोईराला, रामोतार शर्मा, नीरज शर्मा, शुभम शर्मा, मोहन जी, मनोज झा, अरविंद कुमार, मनोज, सुधीर, टूना, पवन लढ़ा, मानिक चंद बोथरा, माला मौसी, निराशा, नीलम, विभा, बीना, मीना, पार्वती दी, नूतन, बेबी, सरिता, सपना, लवंगलता, कुसुम शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## केंद्रीय और बिहार बजट पर भाजपा ने की प्रेस वार्ता, गिनाए गुण




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** केन्द्र सरकार और बिहार सरकार की ओर से आगामी वित्तीय वर्ष को लेकर घोषित बजट को लेकर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री विजय कुमार मंडल और भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने संयुक्त रूप से रविवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया। पूर्व मंत्री विजय कुमार मंडल ने केंद्रीय बजट को देश के सर्वांगीण विकास को गति देने वाला बजट करार दिया। बजट में किसान, युवा, महिला, गरीब एवं मध्यम वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखने वाला बताया गया। वहीं बिहार बजट को राज्य के विकास की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और उद्योग को मजबूती प्रदान करेगा। बिहार बजट में ज्ञान, ईमान, विज्ञान, अरमान और सम्मान का समावेश कर 2005 से 11 गुना बड़ा बजट है। भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बिहार के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और बजट उसी सोच का प्रतिबिंब है।

# बच्चों ने रंगों से दिया स्वच्छता का संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय के बीहट नगर परिषद के प्राथमिक विद्यालय चकिया दुर्गा मंदिर परिसर में आज गुनगुनाती धूप में 189 बच्चों ने खुले आसमान के नीचे पेंटिंग की। इन्होंने देश को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस आरटी राजन स्मृति प्रतियोगिता का आयोजन आकाश गंगा रंग चौपाल बरौनी की ओर से किया गया था। जिसमें विभिन्न स्कूलों से आए अलग-अलग उम्र के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं से रंगों का जादू बिखेर दिया। हर रंग में प्रकृति और स्वच्छता के लिए बच्चों की जीती जागती तस्वीर थी। बच्चों ने एक तरफ जहां प्रकृति का सजीव चित्रण किया, वहीं समाज में स्वच्छता को लेकर चल रहे मुहिम के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। 25 से अधिक बच्चों ने क्राफ्ट में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की मौजूदगी से चकिया दुर्गा मंदिर परिसर गुलजार हो गया था। किसी कोने में रंगोली, तो किसी कोने में पेंटिंग की प्रतियोगिता में भाग ले रहे बच्चे हाथों से रंग एक नई आकृति गढ़ रहे थे। पंक्तिबद्ध बच्चों ने अपने रंगों से समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के कला एवं शिल्प महाविद्यालय पटना की जाह्नवी कुमारी और आंचल कुमारी शामिल थी। प्रतियोगिता का संयोजन आकाश गंगा के अंकित कुमार वर्मा सहित अन्य ने किया। अध्यक्षता और संचालन डॉ. कुंदन कुमार व स्वागत सचिव गणेश गौरव ने किया। प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर पर चित्रकला में प्रथम कमानी कुमारी, द्वितीय शिवानी, तृतीय शिवानी रानी, चतुर्थ राधिका रही। चित्रकला मध्य स्तर में प्रथम इंशात, द्वितीय अक्षत आनंद, तृतीय आयुष, चतुर्थ कंचन कुमारी रही। माध्यमिक स्तर पर रंगोली में प्रथम सुरभि कुमारी, द्वितीय तन्नू कुमारी, तृतीय मुस्कान, चतुर्थ रोली और मध्य स्तर पर रंगोली में प्रथम अनोखा कुमारी, द्वितीय संध्या, तृतीय आर्यन, चतुर्थ अभिषेक रहे।



**मेहंदी में सपना को मिला पहला स्थान:** माध्यमिक स्तर पर मेहंदी में प्रथम सपना, द्वितीय सोनी, तृतीय अंकुश, चतुर्थ मोती और मेहंदी मध्य स्तर में प्रथम लक्ष्मी, द्वितीय मीठी, तृतीय आरती चतुर्थ लक्ष्मी रही। क्राफ्ट माध्यमिक स्तर में प्रथम सपना, द्वितीय खुशी, तृतीय बंदना, चतुर्थ स्थान पर अंकिता रही और क्राफ्ट मध्य स्तर पर प्रथम कन्हैया,, द्वितीय प्रतीक्षा, तृतीय अमन व चतुर्थ स्थान पर कार्तिक कृष्ण रहे। सचिव गणेश गौरव ने कहा के ये बच्चे प्रतियोगिता में नहीं बल्कि अपनी व्यापक भावनाओं को रख रहे हैं। आकाश गंगा तन नहीं मन रंग रहा है, जो समाज के लिए अतिआवश्यक है। आप बच्चे हंस रहे हैं इसका मतलब दुनिया अभी बांकी है। सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों की दुनिया मे रंग भरा जा रहा है। हर बच्चे रंग और अबीर के साथ साथ कुचियों से देश को बना रहे हैं। सब अपने हाथों से देश को मजबूत बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान रोहित, रवि, आनंद, दिनेश, नरेश, राधे, कविता एवं अभिलाषा सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम से छात्रों की उपस्थिति पर सख्ती

**आरा।** जिले के सभी सरकारी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति फेशियल रिकॉग्निशन बेस्ड ऑथेंटिकेशन सिस्टम (टैबलेट) के माध्यम से दर्ज कराने को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ मानवेंद्र कुमार राय द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय से जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के निर्देश के आलोक में जिले के सभी विद्यालयों में छात्रों की दैनिक उपस्थिति टैबलेट के माध्यम से दर्ज किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को पूर्व में ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इसके बावजूद समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि जिले में टैबलेट के माध्यम से नियमित उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यालयों की संख्या मात्र 198 है, जो अत्यंत ही चिंताजनक है। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर इस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू कराएं।

### पतोह ने सास को पीटा, इलाजरत

**आरा।** धोबहां थाना क्षेत्र के बरजा गांव में एक बहु ने अपनी ही सास की बेरहमी से पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर विमल चौधरी की पत्नी सलीता देवी का अपनी सास सुगिया देवी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि सलीता देवी अपना आपा खो बैठी और उसने अपनी बुजुर्ग सास पर हमला बोल दिया।

### रविवार को 3 घंटे पावर कट

**बक्सर।** बक्सर में रविवार दोपहर को तीन घंटे बिजली कटौती होगी। इटाढ़ी स्थित बक्सर ग्रिड से जुड़े पांच प्रमुख सबस्टेशनों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती ग्रिड और सबस्टेशनों पर आवश्यक तकनीकी रखरखाव कार्यों के लिए की जा रही है। ग्रिड अधिकारी पार्थ गौरव ओझा ने बताया कि ग्रिड परिसर में 33 केवी मेन बेस पर तकनीकी मरम्मत और रखरखाव का कार्य प्रस्तावित है। इसके चलते रविवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान बक्सर चरित्रवन, औद्योगिक क्षेत्र, पांडेयपट्टी, चौसा और पुरुषोत्तमपुर सबस्टेशन से जुड़े सभी इलाकों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी।

**उद्योगों को हो सकती है असुविधा:** इस बिजली कटौती का असर जिला मुख्यालय सहित शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों पर पड़ेगा। दोपहर के समय बिजली न होने से घरेलू उपभोक्ताओं, दुकानदारों, छोटे व्यवसायों और उद्योगों को असुविधा हो सकती है। कार्यपालक अभियंता (आपूर्ति) सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि ग्रिड से आपूर्ति बंद रहने के दौरान संबंधित सबस्टेशनों में भी एक साथ रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसका उद्देश्य भविष्य में फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्याओं को कम करना है। उन्होंने यह भी बताया कि यह कार्य पूर्व निर्धारित है और इसे समय पर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

**समय से पहले जरूरी काम निपटा लेने की अपील:** विद्युत कनीय अभियंता (पश्चिमी एवं ग्रामीण) अतुल यादव ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे तय समय से पहले अपने जरूरी काम निपटा लें। उन्होंने पानी की व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग और अन्य आवश्यक तैयारी पहले से करने की सलाह दी, ताकि कटौती के दौरान असुविधा से बचा जा सके। यादव ने आश्वासन दिया कि रखरखाव कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति तुरंत बहाल कर दी जाएगी। बिजली विभाग के अनुसार, इस तकनीकी कार्य से भविष्य में बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर और बेहतर होगी। इससे उपभोक्ताओं को बार-बार होने वाली कटौती से राहत मिलने की उम्मीद है।

### स्थानांतरण के निर्देश, वाहन चालक नहीं मानें

**आरा।** प्रशासनिक आदेश के बावजूद अधिकांश टेंपो चालक अब भी रेलवे स्टेशन गेट के बाहर और त्रिभुवानी कोठी मोड़ की सड़कों पर टेंपो खड़े कर सवारी उठा रहे हैं। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक राज के निर्देश पर स्टेशन रोड क्षेत्र से टेंपो स्टैंड हटाकर सरकारी बस स्टैंड परिसर में स्थानांतरित किया गया था। प्रशासन की ओर से यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा कार्रवाई की गई थी। गुरुवार से स्टेशन रोड, रेलवे स्टेशन गेट के समीप एवं त्रिभुवन कोठी मोड़ पर टेंपो खड़ा करने पर प्रतिबंध लगाया गया था।लेकिन शनिवार को स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं दिखा। मौके पर केवल करीब 10 टेंपो ही कभी-कभार सरकारी बस डिपो परिसर में प्रवेश करते नजर आए, जबकि शेष टेंपो चालक सड़क किनारे ही खड़े रहे।

### विश्वविद्यालय में स्नातक आठवें सेमेस्टर में शोध अनिवार्यता से छात्रों पर बढ़ा दबाव

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) के तहत स्नातक की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के सामने आठवें सेमेस्टर में रिसर्च पेपर की अनिवार्यता एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रही है। नए सिलेबस के अनुसार छात्रों को आठवें सेमेस्टर में शोध जर्नल के लिए एक रिसर्च पेपर प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिसके तहत अधिकतम 12 क्रेडिट निर्धारित किए गए हैं। छात्रों को स्नातक स्तर पर ही शोध से जोड़ने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है, लेकिन विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों में इसके लिए आवश्यक संसाधनों की कमी छात्रों की परेशानी बढ़ा रही है। विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं कला संकाय में सैद्धांतिक विषयों में तो किसी तरह शिक्षकों के माध्यम से कोर्स पूरा किया जा सकता है, लेकिन प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) रिसर्च के लिए स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। कई महाविद्यालयों की प्रयोगशालाओं में शोध के अनुरूप उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, लैब शिक्षकों की भी भारी कमी है। कई कॉलेजों में विज्ञान विषय के लिए एक भी स्थायी प्रयोगशाला शिक्षक नहीं है और पढ़ाई अतिथि प्राध्यापकों के भरोसे चल रही है। इसके साथ ही, महाविद्यालयों में शोध कार्य के लिए आवश्यक रिसर्च जर्नल भी उपलब्ध नहीं हैं। स्थिति यह है कि अधिकांश छात्रों को अब तक शोध प्रक्रिया, रिसर्च पेपर लेखन और प्रकाशन से संबंधित कोई औपचारिक जानकारी भी नहीं दी गई है। ऐसे में छात्रों के साथ-साथ शिक्षक भी तनाव में हैं।

### स्पेक्ट्रा प्रदर्शनी में छात्र- छात्राओं की रचनात्मकता ने मोहा मन

**आरा।** किड्जी एवं माउंट लिट्रा जी विद्यालय, पकड़ी के प्रांगण में स्पेक्ट्रा प्रदर्शनी हुआ। शुभारंभ विद्यालय के निदेशक श्रेयांश जैन, उपाध्यक्षा सुचिता जैन एवं प्रधानाचार्या मौली ने किया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीराज थे। उनके साथ किड्जी विद्यालय की शैक्षिक प्रबंधक आनंदिता एवं निहारिका ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक श्री राज ने छात्र-छात्राओं को लक्ष्य के प्रति निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी के दौरान आनंदिता एवं निहारिका ने छात्र छात्राओं द्वारा तैयार किए गए मॉडलों एवं उनकी उपलब्धियों के बारे में अभिभावकों से खुलकर संवाद किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान, पर्यावरण, तकनीक सहित विभिन्न विषयों से जुड़े आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। इसके अलावा बच्चों द्वारा किए गए प्रयोगों एवं कलाकृतियों ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के निदेशक श्रेयांश जैन ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि उनमें टीमवर्क, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना का भी विकास होता है। वहीं प्रधानाचार्या मौली ने कहा कि स्पेक्ट्रा प्रदर्शनी छात्र छात्राओं के विचारों और रचनात्मकता को समाज के सामने प्रस्तुत करने का एक सशक्त एवं प्रभावी मंच है। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने मुख्य अतिथियों के स्वागत में स्वागत गान एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

# सड़क पर उतरे ऑटो ड्राइवर चार घंटे तक रोड जाम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर शहर के टाउन थाना क्षेत्र के पुरानी पुलिस लाइन मोड पर ऑटो चालक ने खुद के ऑटो से पेट्रोल निकाल आत्मदाह करने का प्रयास किया। ये ऑनलाइन ऑटो का चालान काटने से नाराज था। इसको लेकर शहर के सभी ऑटो चालकों ने रविवार को सिंडिकेट मोड पर हड़ताल कर सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के दौरान उनकी ओर से भोजपुर डीटीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। पीड़ित ऑटो ड्राइवर का सरकारी खर्च पर इलाज करने और दोषी पदाधिकारियों पर जिला प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की गई। इस दौरान आक्रोशित ऑटो चालकों ने आगजनी कर जमकर हंगामा किया।

**सरकार-भोजपुर डीटीओ पर लापरवाही का आरोप:** करीब चार घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सड़क जाम भाकपा माले नेता अमित कुमार बंटी और कयामुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में की गई। इधर, भाजपा वाले नेता अमित कुमार बंटी ने कहा कि कल अवैध चालान काटने के कारण जिस तरीके से ऑटो चालक राजा कुमार की ओर से आत्महत्या का प्रयास किया गया। यह सीधे सरकार और भोजपुर डीटीओ के लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने बताया कि ऑटो चालक राजा कुमार की ओर से एक सप्ताह पहले ही 7 हजार रुपये का चालान का भुकतान किया था। वह गरीब है और उसने लोन पर ऑटो निकला है। एक सप्ताह बाद ही दोबारा उसका 9 हजार रुपये का चालान काट दिया गया। वे लोग ऑटो चलाकर अपने परिवार का भी भरण पोषण सही से नहीं कर पाते हैं और बार-बार उनका चालान कट जाता है। जिसके कारण उसने मजबूर होकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। साथ ही उन्होंने भोजपुर डीटीओ पर अवैध रूप से लापरवाही बरतते हुए ऑटो चालक राजा कुमार का चालान काटने को लेकर उन पर कार्रवाई करने और सरकारी खर्च पर ऑटो चालक राजा कुमार का इलाज करने की मांग की है। बता दें कि टाउन थाना क्षेत्र के नाला मोड निवासी स्व. दीनदयाल के बेटे सह ऑटो चालक राजा कुमार का एक सप्ताह पहले 7 हजार रुपये का डीटीओ की ओर से चालान काटा गया था और 8 फरवरी को दोबारा उसका 9 हजार रुपये का चालान काट दिया गया। नाराज होकर चालक ने शनिवार की शाम पुरानी पुलिस लाइन मोड पर अपनी ऑटो खड़ी कर ऑटो से पेट्रोल निकाल खुद पर छिड़क कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसके बाद वहां मौजूद चालकों की ओर से उसे इलाज के लिए हर सदर अस्पताल लाया गया था। DM ने अपने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि केके सोशल मीडिया और कुछ समाचार पत्रों में यह भ्रामक व असत्य समाचार प्रसारित किया जा रहा है कि भोजपुर में एक ऑटो चालक पर चार दिनों के भीतर दो बार चालान काटे जाने से आहत होकर उसने आत्मदाह का प्रयास किया।

## बसंत पंचमी महोत्सव में लोक संगीत शास्त्रीय गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** नागरी प्रचारिणी में शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा बसंत पंचमी महोत्सव हुआ। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। महोत्सव में लगभग 250 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया, जहां लोक संगीत, शास्त्रीय गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति हुई। विद्यालय शिक्षकों द्वारा चित्रकला, मूर्तिकला एवं फोटोग्राफी की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे लोगों ने खूब सराहा। कला एवं संस्कृति पदाधिकारी अनुप्रिया ने बताया कि कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा ऐसे सांस्कृतिक आयोजन निरंतर कराए जा रहे हैं और आगे भी किए जाएंगे, ताकि कलाकारों को मंच मिलने के साथ-साथ आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि कला समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है और वर्तमान में बिहार सरकार विद्यालय स्तर पर कला शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दे रही है। कार्यक्रम के दौरान आर्टिस्ट रजिस्ट्रेशन पोर्टल एवं कलाकार पेंशन योजना की जानकारी भी दी गई, ताकि अधिक से अधिक कलाकार इसका लाभ उठा सकें।

## एक्सयूवी कार से 76.5 किलो गांजा बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय गांजा तस्कर गिरोह का खुलासा किया। एक्सयूवी कार से भारी मात्रा में गांजा बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। ओडिशा से खेप लाई जा रही थी। जब्त गांजा का कुल वजन करीब 76.500 किलोग्राम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपए में आंकी जा रही है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान नवादा थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी, पकड़ी मोहल्ला निवासी अविनाश कुमार, अरमान तिवारी और विजेन्द्र कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार, अविनाश कुमार वाहन चालक की भूमिका में था, जबकि विजेन्द्र कुमार सहचालक बताया गया है। इस मामले में इंस्पेक्टर सह नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी के बयान पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में गोढ़ना रोड निवासी जितेन्द्र कुमार और वाहन मालिक को भी नामजद किया गया है। जितेन्द्र कुमार को इस गिरोह का मुख्य सरगना है।

**गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंद करके पकड़ा:** पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि पटना एसटीएफ और मद्य निषेध विभाग से मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। बहीरो-पियनियां लिंक पथ से होकर एक एक्सयूवी कार से गांजा की बड़ी खेप लाई जा रही थी। इनपुट के आधार पर तत्काल पुलिस टीम का गठन कर बहीरो सूर्यमंदिर के पास घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे कार सवार तीनों लोगों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कार की सीट के अंदर छिपाकर रखे गए गांजा के छोटे-बड़े कुल 74 पैकेट बरामद किए गए, जिन्हें विधिवत जब्त कर लिया गया। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से 9,300 रुपए कैश और तीन मोबाइल भी बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गोढ़ना रोड निवासी जितेन्द्र कुमार के निर्देश पर ओडिशा से गांजा की खेप लेकर आ रहे थे। बहीरो इलाके में इसकी डिलीवरी दी जानी थी।

## मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना जरूरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग में शनिवार को मानसिक स्वास्थ्य: जागरूकता से व्यवहार तक विषय पर संगोष्ठी सह भाषण प्रतियोगिता हुआ। कार्यक्रम का आयोजन लायंस क्लब, आरा एवं स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ लायंस क्लब अध्यक्ष मुकुल कुमार श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ. लतिका बर्मा, डॉ. मधुकर प्रकाश, प्रो. यशवंत कुमार, डॉ. वाचस्पति दुबे, डॉ. प्रीतिका कुमारी, लायन उपेंद्र कुमार सिंह, डॉ. पूनम श्रीवास्तव, रागिनी सिंह, रश्मि गुप्ता एवं प्रांजल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता डॉ. लतिका वर्मा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी समस्या पर घबराने के बजाय अपने मित्र, गुरु या परिजनों से संवाद करना चाहिए तथा सकारात्मक सोच अपनानी चाहिए। डॉ. मधुकर प्रकाश ने कहा कि आज बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर स्तर पर मानसिक तनाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने एक उदाहरण के माध्यम से बताया कि पारिवारिक परिस्थितियां भी बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। डॉ. प्रीतिका कुमारी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की पहचान करना बेहद जरूरी है, क्योंकि समय पर ध्यान नहीं देने पर शिजोफ्रेनिया, हाइपोथायरॉइडिज्म सहित कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं। मंच संचालन करते हुए डॉ. वाचस्पति दुबे ने कहा कि वर्तमान समय में भारतीय मनोविज्ञान अत्यंत प्रासंगिक है। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार यदि हम अपनी दिनचर्या और जीवनशैली को संतुलित रखें तो पंचकोष मजबूत होंगे और मानसिक स्वास्थ्य भी संतुलित रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएचडी छात्र सुशील टाइगर, अभिषेक तिवारी सहित अन्य विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा। लायंस क्लब अध्यक्ष मुकुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बढ़ती जागरूकता देखकर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने डॉ. वाचस्पति दुबे एवं डॉ. प्रीतिका कुमारी को लायंस क्लब की सदस्यता प्रदान करते हुए बैच लगाकर क्लब में शामिल कराया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशी श्रीवास्तव ने प्राप्त किया।

## 10 से फाइलेरिया दवा सेवन अभियान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** फाइलेरिया रोग के उन्मूलन को लेकर भोजपुर जिले में 10 फरवरी से शुरू होने वाले सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम को लेकर शनिवार को सदर अस्पताल में मीडिया उन्मुखीकरण कार्यशाला हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन भोजपुर डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि फाइलेरिया मुक्त जिला बनाना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि 10 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक जिले के 28.64 लाख लक्षित लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाई जाएंगी। यह अभियान जिले के 14 प्रखंडों एवं आरा नगर निगम क्षेत्र में संचालित होगा। बताया कि अभियान के लिए 1622 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 3370 प्रशिक्षित ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर दवा सेवन सुनिश्चित करेंगे। विशेष रूप से 11 फरवरी को मेगा एमडीए कैंप लगाया जाएगा, जहां आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ लगाकर जीविका समूह के सदस्यों, आंगनबाड़ी कर्मियों, बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों को दवा खिलाई जाएगी। सिविल सर्जन ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और उच्च रक्तचाप, शुगर, गठिया जैसी सामान्य बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति भी इनका सेवन कर सकते हैं। दवा सेवन के बाद हल्की मितली या चक्कर आना इस बात का संकेत है कि शरीर में मौजूद फाइलेरिया के परजीवी नष्ट हो रहे हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक प्रखंड में रैपिड रिस्पांस टीम तथा जिले में कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अभियान के दौरान डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने खिलाई जाएगी। दवाओं का वितरण नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दवा खाली पेट नहीं लेनी है तथा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। मच्छरों से के काटने से फैलने वाला रोग है हाथी पांव ऐसीएमओ डॉ संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि फाइलेरिया या हाथीपांव रोग मच्छरों के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी है, जो शरीर के लिम्फैटिक सिस्टम को प्रभावित करती है। इससे हाइड्रोसील, लिम्फेडेमा और काइलूरिया जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति लगातार पांच वर्षों तक फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर लेता है तो उसे जीवनभर इस रोग से सुरक्षा मिल जाती है। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के कर्मी अजीत पटेल, प्रियंका, सीफार की जुलेखा फातिमा विश्व स्वास्थ्य संगठन, पिरामल स्वास्थ्य एवं सीफार के अन्य सदस्य सहित सीएचओ-पीएसपी सदस्य उपस्थित रहे।

## गंगा किनारे मां काली मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा।** भोजपुर जिले के केवटिया गांव में मां काली मनोकामना मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठात्मक यज्ञ का शनिवार को विधि-विधान और भक्ति भाव के साथ भव्य समापन हो गया। धार्मिक आस्था और श्रद्धा से ओतप्रोत इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। यज्ञ की शुरुआत 3 फरवरी को कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। 4 फरवरी को पूजन, अरणी मंथन, 6 फरवरी को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां काली की प्राण प्रतिष्ठा और हवन संपन्न कराया गया। शनिवार को पूर्णाहूति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद बनारस से आए प्रसिद्ध गंगा अर्चकों की ओर भव्य आरती की गई, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गंगा आरती के दौरान पूरा वातावरण 'जय मां काली' के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के निवेदक पश्चिम बंगाल के पूर्व विधायक सह पूर्व सांसद अर्जुन सिंह रहे, जबकि संयोजक समाजसेवी जितेंद्र सिंह थे। समाजसेवी इंद्रजीत सिंह, पिंकू सिंह, रोहित सिंह सहित केवटिया गांव के ग्रामीणों का आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान रहा। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह का आयोजन गांव में धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता को और मजबूत करता है।

**केंद्र सरकार को कई बार लेटर लिखा हूं:** पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने कहा कि केवटिया हमारा अपना गांव है। कई सालों से मंदिर का निर्माण हो रहा था। आज प्राण प्रतिष्ठा भी हुआ, इस भव्य आयोजन में मैं भी शामिल हुआ। हजारों लोग पूजा में शामिल हुए। हमारा गांव एकदम गंगा के किनारे है, जब भी बाढ़ आता है तो सबसे पहले केवटिया गांव डूबता है। लेकिन फिर भी गांव की जनता ने साहस करके इस भव्य मंदिर का निर्माण कराया है। मंदिर निर्माण में सभी लोगों का सहयोग भरपूर है। गंगा कटाव के बारे में मैं भारत सरकार को कई बार लेटर लिखा हूं। मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इस बार संज्ञान लेते हुए गांव को बचाने में ध्यान देंगे। लोग जो यहां से पलायन कर रहे हैं वह लोग फिर वापस आए। अपना घर, गांव और क्षेत्र अपना ही होता है। जब यहां गंगा कटाव रुक जाएगा तो इस क्षेत्र का विकास चौगुना बढ़ जाएगा।

**बंगाल में बीजेपी की सरकार बनेगी:** वहीं, अर्जुन सिंह ने बंगाल चुनाव पर कहा कि करीब डेढ़ करोड़ वोट फॉल्स वोट था। इस बार SIR के चलते करीब डेढ़ करोड़ नाम बाध्य हो रहा है। मुझे लगता है कि 40 लाख वोट के अंतर से तृणमूल पार्टी की सरकार रहती है। वो डेढ़ करोड़ वोट बाध्य होगा तो वर्तमान सरकार रहने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए इस बार बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी।

**भंडारा में 20 हजार लोग पहुंचे:** समाजसेवी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस गांव में एक काली मां का प्राचीन मंदिर हुआ करता था। 2016 के बाढ़ में कटाव के कारण मंदिर गंगा में विलीन हो गया। इसके बाद गांव की जनता के साथ बैठकर निर्णय लिया गया। उसके बाद गंगा के छोर पर फिर से मां काली का भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। इस प्राण प्रतिष्ठा में गांव एवं आसपास के ग्रामीण जनता हजारों की संख्या में पहुंचकर पूजा में शामिल हुए। इस यज्ञ में 20 हजार से ज्यादा लोग भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। सोमी सिंह ने बताया कि पिछले 10 सालों के अथक प्रयास के बाद आज मंदिर की स्थापना की गई है। इस स्थापना में हमारे परिवार वालों समेत गांव की जनता का अहम योगदान है।

## जिले के 13 प्रखंडों में शुरू होंगी मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के 13 प्रखंडों में शीघ्र शुरू होंगी ग्राम स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं। इसके माध्यम से जिले के किसानों को अब अपने गांव के स्तर पर ही मिट्टी की जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे फसलों के लिए उपयुक्त उर्वरक उपयोग संभव हो सकेगा और उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। इसी को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति (डीएलइसी) की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि इससे समय पर मृदा जांच होगी, गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने में काफी सहायक होगा। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी नीरज कुमार, सहायक निदेशक (रसायन) तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक उपस्थित रहे। संतुलित पोषण से उपज और गुणवत्ता बढ़ती है मिट्टी जांच प्रयोगशाला में खेत की मिट्टी की वैज्ञानिक जांच कर पोषक तत्वों, पी एच और जैविक कार्बन की स्थिति जानी जाती है। इससे किसानों को सही मात्रा में खाद डालने की जानकारी मिलती है। संतुलित पोषण से फसल की उपज और गुणवत्ता बढ़ती है, खर्च घटता है, मिट्टी की सेहत बनी रहती है तथा सॉयल हेल्थ कार्ड जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है।

## वर्दी पर कैमरा लगाकर पुलिस करेगी वाहन चेकिंग, कंट्रोल रूम से मॉनिटर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा।** पुलिस मुख्यालय पटना ने यातायात पुलिस भोजपुर को हाईटेक बॉडी वॉर्न कैमरा सौंपा हैं। यह सिर्फ एक गैजेट नहीं, अब ड्यूटी का अनिवार्य हिस्सा बन जाएगा। वाहन चेकिंग या चालान काटते समय यातायात पुलिसकर्मियों के लिए बॉडी कैमरा पहनना अब अनिवार्य कर दिया जाएगा। बिना बॉडी कैमरा के कोई भी यातायात पुलिसकर्मी वाहन जांच नहीं करेंगे और चालान नहीं कटेगा। यह कैमरे यातायात पुलिसकर्मियों की वर्दी पर लगे होंगे। चेकिंग अभियान शुरू होते ही इन्हें ऑन कर दिया जाएगा। इनमें उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा होगी, जो कम रोशनी में भी स्पष्ट फुटेज कैप्चर करेगा। इसकी रिकॉर्डिंग को सीधे कंट्रोल रूम से भी मॉनिटर किया जा सकेगा। जिससे ड्यूटी पर तैनात जवानों की गतिविधियों पर नजर रहेगी। नियम तोड़ने वालों का सीधा चालान कटेगा और किसी भी प्रकार की पैरवी या दबाव का वीडियो रिकॉर्ड पर रहेगा।यातायात विभाग का मानना है कि इस तकनीक के इस्तेमाल से पुलिस की छवि में सुधार होगा और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कराने में अधिक कुशलता आएगी। चालान काटने की प्रक्रिया कैमरे में कैद होगी भोजपुर ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा 50 बॉडी वार्न कैमरे उपलब्ध कराए गए हैं। जिन्हें जल्द ही फील्ड में तैनात यातायात कर्मियों को सौंप दिया जाएगा। अक्सर वाहन चेकिंग या चालान काटने के दौरान वाहन चालकों द्वारा पुलिस पर अभद्र व्यवहार, अवैध वसूली या बेवजह परेशान करने के आरोप लगाए जाते रहे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### दुल्हिन बाजार चाकूबाजी कांड का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**दुल्हिन बाजार, पटना।** दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र में 2 जनवरी 2026 को हुई चाकूबाजी की घटना के आरोपी विजेंद्र उर्फ वीरेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दुल्हिन बाजार थाना अंतर्गत दोरवां मठिया गांव का निवासी है और घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए दुल्हिन बाजार थानाध्यक्ष सोनु कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम का मार्गदर्शन सोनु कुमार त्रिवेदी कर रहे थे। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से आवश्यक पूछताछ की गई और सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के उपरांत रविवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चाकूबाजी जैसी गंभीर आपराधिक घटनाओं में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### वैशाली में ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में महिला की मौत, पति घायल, दो बच्चे अनाथ

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में ट्रक की टक्कर से 36 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना जढ़ुआ कर्णपुरा के पास हुई। मृतका की पहचान सुल्तानपुर निवासी तारकेश्वर कुमार सिंह की पत्नी 36 वर्षीय कविता देवी के रूप में हुई है। परिजन के अनुसार, कविता देवी अपने पति तारकेश्वर कुमार सिंह के साथ बाइक पर हाजीपुर से अपने गांव सुल्तानपुर लौट रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने आगे निकलने के प्रयास में बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। कविता देवी के सिर में गंभीर चोट लगी। उन्हें और उनके पति को हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने कविता देवी को मृत घोषित कर दिया। उनके पति तारकेश्वर कुमार सिंह का इलाज जारी है। मृतक कविता देवी अपने पीछे दो नाबालिग बच्चे छोड़ गई हैं, जिनमें 12 वर्ष की एक बेटी और 8 वर्ष का एक बेटा शामिल है। उनके पति तारकेश्वर कुमार सिंह मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। इस दुर्घटना से परिवार पर गहरा संकट आ गया है। कविता देवी का अंतिम संस्कार गंगा नदी के तट पर किया गया। इस दुर्घटना पर स्थानीय समुदाय ने चिंता व्यक्त की है। प्रमुख ममता कुमारी, समाजसेवी अभिमन्यु राय, जिला पार्षद मनिंद्र नाथ सिंह, पूर्व प्रमुख अनिल कुमार राय और मुखिया जानती देवी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने दुर्घटना स्थल पर वाहनों की तेज रफ्तार पर अंकुश लगाने और भविष्य में ऐसे हादसों को रोकथाम के लिए कड़े उपाय करने की अपील की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। ग्रामीणों ने इस हादसे के बाद सड़क सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

### मुजफ्फरपुर में 5 दिन से लापता बच्चे का शव मिला, घर से 100 मीटर दूर पोखर में मिली लाश

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पांच दिनों से लापता पांच साल के बच्चे का शव एक पोखर से मिला है। मृतक की पहचान मोहम्मद जुबैर के बेटे अयान के रूप में हुई है। अयान का शव उसके घर से लगभग 100 मीटर दूर मस्जिद के पास स्थित पोखर से मिला। घटना बेनीबाद थाना क्षेत्र के शिवदाहा बरैल गांव की है। अयान पिछले पांच दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। रविवार को ग्रामीणों ने मस्जिद के समीप पोखर में एक बच्चे का शव देखा, जिसकी सूचना तुरंत परिजनों और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान अयान के रूप में की। शव मिलने के बाद पीड़ित परिवार ने अयान की हत्या कर शव को पोखर में फेंकने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि बच्चे की सुनियोजित साजिश के तहत हत्या की गई है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भी गहरा आक्रोश है। घटनास्थल पर पहुंचे पंचायत समिति पति विजय कुमार ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि पुलिस हर पहलू पर बारीकी से काम कर रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही बेनीबाद थाना प्रभारी साकेत सार्दुल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि बच्चे के लापता होने की शिकायत पहले से दर्ज थी और पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी।

### मुजफ्फरपुर में प्राइवेट अस्पताल में प्रसूता की मौत, परिजनों का हंगामा, ओपीडी में तोड़फोड़

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पताल में एक प्रसूता की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन भड़क गए। डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान अस्पताल में तोड़फोड़ भी की गई। घटना बेला थाना क्षेत्र की है। मृतका की पहचान काजल देवी(26) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि शनिवार दोपहर को डिलीवरी के लिए एडमिट कराया था। एक परिचित की सलाह पर यहां लेकर आया था। एडमिट करने के बाद डॉक्टरों ने कहा कि ऑपरेशन करना होगा। ऑपरेशन के दौरान काजल की हालत बिगड़ गई और उसकी जान चली गई। लापरवाही से ही मौत हुई है। आरोप है कि अस्पताल कर्मियों से मौत का कारण पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। स्टाफ उनसे उलझ गए। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर में तोड़फोड़ की। हालात बेकाबू होते देख डॉक्टर और स्टाफ मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर बेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस संबंध में थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया कि एक महिला की प्रसव के दौरान मौत की सूचना मिली थी। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (SKMCH) भेज दिया गया है। आवेदन मिलने का इंतजार है। प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बिहार में किसान पंजीकरण के तृतीय चरण की तिथि 11 फरवरी तक बढ़ी

**पटना।** एग्री स्टैक अभियान के अंतर्गत बिहार में चल रहे किसान पंजीकरण कार्य को गति देने के उद्देश्य से तृतीय चरण के विशेष अभियान की अवधि बढ़ा दी गई है। पहले यह अभियान 02 फरवरी से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित था, लेकिन अब राज्य सरकार ने इसे विस्तारित करते हुए 11 फरवरी 2026 तक संचालित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग और कृषि विभाग ने सभी जिला पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल तथा कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि अब तक राज्य में लगभग 43 प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी है। केंद्र सरकार से एससीए (स्टेट कॉम्पोनेंट एग्री स्टैक) योजना की द्वितीय किस्त प्राप्त करने के लिए राज्य में कम-से-कम 50 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करना अनिवार्य है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अभियान की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

निर्देशों के अनुसार, सभी संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को विस्तारित तिथि की जानकारी समय पर दी जाएगी। साथ ही, पंजीकरण कैम्पों की तिथि और स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि अधिक से अधिक किसान कैम्पों में पहुंच सकें। कैम्पों में किसानों का ई-केवाईसी सत्यापन, बकेट क्लेम की प्रक्रिया पूर्ण करने और फार्मर आईडी तैयार कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। राज्य सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में संलग्न सभी अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से अभियान में भाग लें, जिससे पंजीकरण प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके और किसी भी पात्र किसान को वंचित न रहना पड़े। इस अभियान के तहत मुजफ्फरपुर जिले ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

# प्रभात फेरी, वाद-विवाद और क्विज का आयोजन

## वैशाली का 53वां स्थापना दिवस, हेड मास्टर ने विजेताओं को किया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिला के 53वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में प्रभात फेरी, वाद-विवाद, क्विज तथा पौधा रोपण जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर जिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह बीडीओ प्रवीण कुमार के आदेशानुसार प्रखंड के सभी प्राथमिक, मध्य, उच्च माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में यह आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। **सुलतानपुर के विद्यालयों में रही गतिविधियों की धूमः** मध्य विद्यालय सुलतानपुर में प्रधानाध्यापक ज्ञानेन्द्र नाथ सिंह तथा




उच्च माध्यमिक विद्यालय सुलतानपुर में प्रधानाध्यापिका किरण कुमारी के नेतृत्व में सुबह ही प्रभात फेरी निकाली गई। फेरी के बाद विद्यालय परिसर में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। मध्य विद्यालय में आयोजित क्विज प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में संजना राज प्रथम, मुस्कान कुमारी द्वितीय तथा गौरी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं बालक वर्ग में अनमोल राज ने प्रथम, आलोक राज ने द्वितीय तथा साहिल कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। उच्च माध्यमिक विद्यालय की क्विज प्रतियोगिता में नैंसी कुमारी ने प्रथम, राखी कुमारी ने द्वितीय तथा साक्षी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्ञानेन्द्र नाथ सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मध्य विद्यालय से शिक्षक कृष्ण कुमार साह, रमेश कुमार पंडित, अर्चना जयसवाल, अरुण कुमार चौधरी सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। उच्च माध्यमिक विद्यालय से अंशु कुमारी, कुमारी प्रतिभा मंगलम, कुमारी अर्चना, सुप्रिया भारती, राजा बाबू आदि शिक्षकों ने कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहयोग दिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल जिला दिवस का उत्सव मनाया गया, बल्कि विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, पर्यावरण चेतना और सामूहिक सहयोग की भावना को भी बल मिला।

## गश्ती के दौरान शराब तस्कर गिरफ्तार, 32.90 लीटर विदेशी शराब जब्त



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** आईआईटी थाना क्षेत्र में पुलिस ने सुबह की गश्ती के दौरान शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 32.90 लीटर विदेशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है, जबकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार मीठापुर पुल के पास गश्ती के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर नजर पड़ी, जिस पर प्लास्टिक का भारी बोरा लदा हुआ था। बाइक पर दो युवक सवार थे और लई की ओर जा रहे थे। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो घबराकर बाइक सड़क पर गिरा दी। इसी दौरान एक युवक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे युवक को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया।गिरफ्तार युवक की पहचान बिक्रम थाना क्षेत्र के उदरचक निवासी विनोद कुमार के पुत्र किशलय कुमार उर्फ कृष्णा के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान प्लास्टिक के बोरे से कुल 32.900 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब के साथ प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। आईआईटी थाना प्रभारी रौशन कुमार राज ने बताया कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है, वहीं फरार युवक की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मामले में बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पप्पू यादव को तेजस्वी यादव का खुला समर्थन, सीबीआई जांच पर उठाए सवाल

### बोले—दोषियों को बचाया, निर्दोषों को फंसाया जा रहा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की गिरफ्तारी के बाद उन्हें लगातार राजनीतिक समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के बाद अब आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी खुलकर उनका समर्थन किया है। विपक्षी दल इस गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई बता रहे हैं। पप्पू यादव को 31 साल पुराने एक मामले में गिरफ्तार किया गया है, जिसको लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

**दोषियों को बचाकर निर्दोषों को फंसाया जा रहा- तेजस्वीः** दिल्ली पहुंचे तेजस्वी यादव ने NEET छात्रा मामले और पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर कहा, 'आजकल तो तानाशाही चल ही रही है। दोषियों को बचाया जाता



है, निर्दोषों को फंसाया जाता है। NEET छात्रा मामले में तो कई बार हम लोगों ने ट्वीट किया है और लिखा भी है। विधानसभा में लगातार हमारे एमएलए, हम सब मामले को उठा रहे हैं।'

**NEET छात्रा केस की CBI जांच पर उठाए सवालः** तेजस्वी ने सीबीआई जांच को लेकर कहा कि, हम पहले भी बोले कि सीबीआई जांच हो रहा है तो उस जांच का क्या मतलब है? पहले भी बिहार के कई मामले की सीबीआई जांच कराई गई। आप देखिएगा जो बिहार का सृजन घोटाला है, बालिका गृह कांड है, नागुणा मामला है, सब ठंडे बस्ते पर चला गया।

**बिहार बजट पर नीतीश सरकार को घेराः** तेजस्वी ने आगे कहा कि, 'बिहार में लगातार एनडीए की सरकार 20 साल से है और 20 साल से बिहार देश का सबसे फिसड्डी राज्य है। कई बजट एनडीए की सरकार ने पेश किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। बिहार जहां था, वहीं खड़ा है।'

**राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर प्रतिक्रियाः** राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर तेजस्वी बोले, 'पार्टी के लोगों ने बड़ी जिम्मेवारी दी है, उस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया जाएगा। आने वाले समय में पार्टी के संगठन को और मजबूत किया जाएगा और जनता की आवाज को बुलंदियों के साथ हम लोग उठाते रहेंगे।'

## पुलिस गाड़ी हुई खराब, सड़क पर धक्का लगाते दिखे जवान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना की पुलिस व्यवस्था की हकीकत एक बार फिर सड़क पर नजर आई। शहर के सबसे व्यस्त और वीआईपी मूवमेंट वाले वीरचंद पटेल पथ पर कोतवाली थाना की एक पुलिस गाड़ी अचानक खराब हो गई। हालात ऐसे बने कि कानून-व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मियों को अपनी ही गाड़ी को सड़क पर धक्का लगाते देखा गया। डिजिटल की टीम ने इस पूरी घटना को अपने कैमरे में कैद कर किया। तस्वीरें और वीडियो सामने आते ही शहर में चर्चा का विषय बन गया है।

**राहगीर भी रुके, लोगों ने बनाए वीडियोः** तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि वर्दीधारी पुलिस अधिकारी और जवान व्यस्त सड़क पर पुलिस वाहन को धक्का दे रहे हैं। यह नजारा देखकर कई राहगीर रुक गए और कुछ लोगों ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

**तकनीकी खराबी बनी वजहः** बताया जा रहा है कि पुलिस गाड़ी अचानक तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई थी। मौके पर उसे हटाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था मौजूद नहीं थी। मजबूरी में जवानों को गाड़ी को धक्का देकर सड़क से हटाना पड़ा। आधुनिक संसाधनों, हाईटेक वाहनों और फौरन कार्रवाई के दावों के बीच यह



❒ **पटना में हाईटेक पुलिस के दावों की खुली पोल, लोगों ने बनाए वीडियो**

नजारा कई गंभीर सवाल खड़े करता है। जब आपातकालीन ड्यूटी में इस्तेमाल होने वाली पुलिस गाड़ियां ही भरोसेमंद नहीं होंगी, तो क्राइम से लेकर वीआईपी मूवमेंट और इमरजेंसी हालात में फौरन कार्रवाई कैसे संभव होगी? खास बात यह है कि वीरचंद पटेल पथ वही इलाका है, जहां से अक्सर वीआईपी, मंत्री और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार पुलिस वाहनों की खराब हालत और रखरखाव की कमी सामने आ चुकी है।

## पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी को लेकर उनके समर्थकों में काफी आक्रोश है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी पप्पू यादव का साथ दिया है। आज बिहार कांग्रेस पप्पू यादव की गिरफ्तारी को लेकर एक प्रदर्शन किया। प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। पप्पू यादव पर कार्रवाई ऐसे वक्त हुई है, जब पटना में NEET छात्रा के रेप के बाद हत्या का मामला तूल पकड़ चुका है। पप्पू यादव इस केस को लेकर सरकार के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोले हुए थे।

**देर रात हुई थी पप्पू यादव की गिरफ्तारीः** शुक्रवार देर रात पप्पू यादव को मंदिरी स्थित उनके आवास से 31 साल पुराने एक केस में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के दौरान पप्पू यादव बेहोश हो गए। कुछ देर बाद पुलिस पप्पू यादव को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। इस दौरान पप्पू यादव ने कहा, 'मुझे नहीं पता मेरा क्या होगा।' शनिवार देर रात उन्हें पटना के बेऊर जेल में लाया



♦ **पटना के सदाकत आश्रम में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया, राहुल-प्रियंका ने दिया समर्थन**

गया। वहां एंट्री होने के बाद इलाज के लिए उन्हें PMCH लाया गया। 2 फरवरी को इस केस में कुर्की-जब्ती का वारंट जारी किया गया था। सांसद समर्थक सड़क पर उनकी गिरफ्तारी का विरोध किया। आरा में उनके समर्थकों ने CM नीतीश का पुतला फूंका।

**पप्पू यादव की गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिशोधः** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध बताया है। उन्हें X पर लिखा, 'पटना में NEET की आकांक्षी छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर सिस्टम की गहरी षड्यंत्र को उजागर कर दिया है। पीड़ित परिवार ने जब निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की तो वही पुराना भाजपा-NDA मॉडल सामने आ गया- केस को भटकाओ, परिजनों को प्रताड़ित करो और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण दो।'

**यह बिहार की बेटी की इज्जत और सुरक्षा का सवाल- राहुल गांधीः** राहुल गांधी ने पोस्ट में आगे लिखा है कि, 'इस बेटी के लिए न्याय की आवाज़ बनकर साथी सांसद पप्पू यादव जी मजबूती से खड़े हुए। आज उनकी गिरफ़्तारी साफ़ तौर पर राजनीतिक प्रतिशोध है, ताकि जवाबदेही मांगने वाली हर आवाज़ को डराया और दबाया जा सके।' उन्होंने आगे लिखा, 'सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि यह घटना किसी एक मामले तक सीमित नहीं दिखती। यह एक भयावह साज़िश और खतरनाक पैटर्न की ओर इशारा करती है, जहां और भी बेटियां शिकार बन रही हैं और सत्ता इस खौफ़नाक सच्चाई से आंखें मूंद कर बैठी है। यह राजनीति नहीं, इंसाफ़ का सवाल है। यह बिहार की बेटी की इज़्ज़त और सुरक्षा का सवाल है।'

**भाजपा की सरकार आरोपियों के साथ खड़ी हैः** दूसरी ओर प्रियंका गांधी ने लिखा कि, 'पटना के हॉस्टल में NEET की तैयारी कर रही छात्रा के साथ रेप और हत्या का मामला झकझोर देने वाला है। यह केस सामने आने के बाद सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। FIR दर्ज होने से लेकर जांच और कार्रवाई तक- सबकुछ संदिग्ध बना दिया गया है। यह सब किसे बचाने के लिए किया जा रहा है?'

## पटना में बच्चों से ढुलवाई गईं स्कूल की किताबें

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में बाढ़ अनुमंडल के एकडंगा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसत्थू में शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीन तस्वीर सामने आई है। यहां पांचवीं और सातवीं कक्षा के छात्रों को निःशुल्क मिलने वाली पुस्तकों के भारी बंडल सिर पर ढोते हुए देखा गया। इस पूरी घटना का वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। छात्रों ने बताया कि वे यह काम स्कूल के शिक्षक के आदेश पर कर रहे थे।

**ई-रिक्शा से आईं किताबें, बच्चों से कराई गई ढुलाईः** जानकारी के अनुसार, निःशुल्क वितरित की जाने वाली किताबें दो ई-रिक्शा से बाढ़ प्रखंड के संकुल कार्यालय से स्कूल लाई गई थीं। लेकिन ई-रिक्शा चालकों ने स्कूल परिसर तक किताबें पहुंचाने से इनकार कर दिया। इसके बाद बच्चों को ही किताबें सिर पर लादकर स्कूल तक ले जाने को कहा गया।



**वीडियो बनता देख प्रभारी ने संभालने की कोशिश कीः** घटना के दौरान विद्यालय के प्रभारी मोहम्मद शकील अहमद मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि जब उन्होंने ई-रिक्शा चालक को वीडियो बनाते देखा तो मामला दबाने की कोशिश की। प्रभारी ने चालक से कहा कि किताबें स्कूल तक पहुंचाने के बाद ही भुगतान किया जाएगा।

**8वीं के छात्र ने लगाया सीधा आरोपः** आठवीं कक्षा के छात्र शिवम कुमार ने बताया कि ये किताबें उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसत्थू की ही हैं। उसने आरोप लगाया कि विद्यालय प्रभारी शकील अहमद ने ही उसे और अन्य छात्रों को किताबें ढोने का काम सौंपा था।

## प्रशांत किशोर ने बगहा से शुरू की बिहार नवनिर्माण यात्रा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने रविवार को बगहा से बिहार नवनिर्माण यात्रा की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन सुराज का उद्देश्य बिहार में एक मजबूत, ईमानदार और जवाबदेह राजनीतिक विकल्प खड़ा करना है। इसके लिए संगठन लगातार जनता के बीच जाकर जमीनी स्तर पर काम कर रहा है।

प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद भी जन सुराज जनता के बीच सक्रिय रूप से मौजूद है। बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत प्रत्येक जिले में संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पुराने साथियों से मुलाकात करना, नए लोगों को संगठन से जोड़ना और संगठन के ढांचे को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाना है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस यात्रा के दौरान वे संगठन के साथियों के साथ मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे और हर जिले में संगठन के पुनर्गठन पर काम किया जाएगा, ताकि जन सुराज को एक प्रभावी जनआंदोलन के रूप में स्थापित किया जा सके।

इस दौरान प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अपील करते हुए कहा कि बिहार की महिलाओं को 2—2 लाख रुपये की सहायता राशि शीघ्र दी जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान बिहार सरकार द्वारा महिलाओं को 2 लाख रुपये देने का वादा किया गया था और जन सुराज संगठन घर—घर जाकर यह सुनिश्चित करेगा कि हर महिला को यह



राशि मिले।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार इस वादे को पूरा नहीं करती है, तो यह साफ हो जाएगा कि यह घोषणा केवल चुनावी लाभ के लिए की गई थी। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि सरकार अपने वादे से पीछे हटती है, तो जन सुराज जनता के साथ मिलकर इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगा।

राजद—कांग्रेस गठबंधन में कथित दरार से जुड़े सवाल पर प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार की जनता ने चुनाव के माध्यम से सभी राजनीतिक दलों की भूमिका तय कर दी है। उन्होंने कहा कि जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को सत्ता चलाने का जनादेश दिया है, राजद को विधानसभा में विपक्ष की भूमिका सौंपी है और जन सुराज को समाज के बीच रहकर जनता के मुद्दों पर काम करने की जिम्मेदारी दी है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ जनता द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को निभा रहा है और आगे भी बिहार के हित में अपना संघर्ष जारी रखेगा।

# अवैध हथियार फैक्टरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

**एजेंसी । रांची**



रांची के अनगड़ा पुलिस ने अवैध हथियार फैक्टरी का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम नारायण लोहरा बताया गया है। इसके पास से देशी अवैध निर्मित हथियार 19 पीस, अर्ध निर्मित हथियार चार पीस सहित अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर ने शनिवार को बताया कि एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अनगड़ा थाना क्षेत्र के सीताडीह गांव में संचालित हो रही एक अवैध हथियार फैक्टरी का खुलासा किया है। इस छापेमारी में पुलिस ने भारी मात्रा में बने और अर्धनिर्मित हथियारों के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अनगड़ा के सीताडीह गांव में एक व्यक्ति अपने घर के भीतर अवैध रूप से हथियारों का निर्माण कर रहा है और उन्हें बाजार में खपाने की तैयारी में है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध ठिकाने पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस तब हैरान रह गई जब आरोपित के घर की तलाशी ली गई। आरोपित नारायण लोहरा ने पुलिस से बचने के लिए हथियारों को घर के पीछे बने शौचालय के नीचे छिपाकर रखा था। सघन तलाशी के बाद पुलिस ने वहां से हथियारों का जखीरा और उसे बनाने के उपकरण बरामद किए। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि पकड़ा गया आरोपित इन देसी हथियारों को अपराधियों और असामाजिक तत्वों को 10,000 से 15,000 रुपये में बेचा करता था। पुलिस अब उन खरीदारों का पता लगा रही है। जो इस फैक्ट्री से हथियार सप्लाई लेते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद सोमा उरांव की पुण्यतिथि पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर प्रखंड के शकरपदा गांव में शहीद स्वर्गीय सोमा उरांव की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने शहीद सोमा उरांव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों के प्रति समाज को हमेशा विशेष सम्मान और संवेदना रखनी चाहिए। उन्होंने शहीद की पत्नी द्वारा विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक सशक्त, जागरूक और विकसित समाज की मजबूत नींव होती है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीद परिवारों और उनके गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। मौके पर यह भी बताया गया कि हवलदार स्वर्गीय सोमा उरांव ने 8 फरवरी 2010 को जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में देश की सेवा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए थे। उनके बलिदान की स्मृति में प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। श्रद्धांजलि सभा में शहीद की पत्नी पूनिया उरांव, मांडर प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, पौलूस तिर्की, बंधु टोप्पो, लालू तिर्की, कलीम अंसारी, कुर्बान अंसारी, राजू मिंज, विनोद तिर्की, कुंदन तिर्की, मनोज तिर्की, कलिंदर तिर्की सहित राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बजरंग दल–गौ रक्षा दल ने नौ गायों को कराया मुक्त, दो आरोपित हिरासत में



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )थाना क्षेत्र अंतर्गत मोची साईं इलाके में शनिवार देर रात गौ तस्करी के खिलाफ बजरंग दल और गौ रक्षा दल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करों के चंगुल से नौ गायों को सुरक्षित मुक्त कराया। इस दौरान दो संदिग्ध तस्करों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। पूरी कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत की गई। जानकारी के अनुसार बजरंग दल के गौ रक्षकों को देर रात सूचना मिली थी कि कुछ लोग गौ तस्करी के उद्देश्य से गायों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही गौ रक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए मामले की जानकारी तत्काल स्थानीय थाना प्रभारी को दी। इसके बाद बजरंग दल, गौ रक्षा दल और प्रशासन की संयुक्त टीम ने मोची साईं इलाके में घेराबंदी कर कार्रवाई की और कसाइयों के हाथों से पहले ही नौ गाय को सुरक्षित बचा लिया। मौके से पकड़े गए दोनों व्यक्तियों से जब प्राथमिक पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम नारायण सुंडी और शेरो सिटी बताया। दोनों आरोपित सनको साईं गांव के निवासी बताए गए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे गायों को जगन्नाथपुर के कुचेरा गांव से चाईबासा की कसाई बस्ती की ओर ले जा रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि उनके साथ दो भैंसों को भी ले जाया जा रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इस तस्करी नेटवर्क में और कौन कौन शामिल है। इस मौके पर बजरंग दल के जिला गौ रक्षक अध्यक्ष समीर पॉल, भाजपा युवा नेता द्वारिका शर्मा, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में गौ रक्षक और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महिला कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र में मेगा करियर काउंसलिंग



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के महिला कॉलेज चाईबासा परिसर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र की ओर से रविवार को एक भव्य मेगा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, प्रशिक्षुओं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को उच्च शिक्षा एवं करियर के नए अवसरों से अवगत कराना था। इस अवसर पर इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के सीनियर रीजनल डायरेक्टर शुभकांत मोहंती मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत डीपीएस पब्लिक स्कूल एवं इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शुभकांत मोहंती ने बताया कि इग्नू 12वीं के बाद बीए, बीकॉम, बीएससी सहित कई स्नातक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है, जो मल्टीपल एंट्री–एग्जिट प्रणाली पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू की डिग्री यूजीसी से मान्यता प्राप्त है, जिससे विद्यार्थियों को सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा के व्यापक अवसर मिलते हैं। इसके बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के पारा लीगल वॉलंटियर्स के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रशासन एवं विकास से संबंधित विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई। बताया गया कि ये पाठ्यक्रम उनके कार्यक्षेत्र को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक हो सकते हैं। बीएड प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित सत्र में शिक्षण क्षेत्र में रोजगार, उच्च शिक्षा और कौशल विकास से जुड़े अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं सीआरपीएफ 197 बटालियन के जवानों को इग्नू की विशेष शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनके तहत जवान, अधिकारी और उनके परिजन यूजी, पीजी, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान काउंसलर मीट और प्रेस मीट का भी आयोजन किया गया, जिसमें इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों, मूल्यांकन प्रक्रिया और नई शैक्षणिक पहलों पर जानकारी साझा की गई। इस मेगा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में करीब 400 लाभार्थियों ने भाग लेकर शिक्षा और करियर से जुड़े महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किए। कार्यक्रम में दीपेंद्र कुमार, राजीव लोचन नमता, प्रीतिबाला सिन्हा, रवि चौधरी, सुरेश कुमार, राजू ओझा सहित महिला कॉलेज के शिक्षक, काउंसलर, छात्र, वॉलंटियर्स और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में विजय सिंह सुम्बरूई और मो सलीम को किया निलंबित

**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम**



शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान पार्टी निर्देशों की अवहेलना और अनुशासनहीनता के आरोप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने विजय सिंह सुम्बरूई और मो सलीम को पार्टी से रविवार को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिमी सिंहभूम की ओर से की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रंजन बोयपाई की ओर से जारी पत्र के अनुसार, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गत दो फरवरी को पत्र के माध्यम से निर्देश दिया था कि नगर निगम में महापौर पद और नगर परिषद में अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों का चयन जिला राजनीतिक मामलों की समिति की सहमति से किया जाएगा। पार्टी केवल सर्वसम्मत उम्मीदवारों का ही समर्थन करेगी। इसके बाद पांच फरवरी को पत्र संख्या जारी कर निर्देशों को दोहराया गया। इसमें स्पष्ट किया गया कि नामांकन वापसी की अंतिम तिथि छह फरवरी को अपराह्न तीन बजे तक निर्धारित है। जिन उम्मीदवारों को समिति का समर्थन प्राप्त नहीं है, उन्हें समय रहते नाम वापस लेने के लिए कहा गया था। साथ ही निर्देशों की अवहेलना पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। इन निर्देशों के अनुपालन में जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिमी सिंहभूम ने छह फरवरी को विजय सिंह सुम्बरूई और मोसलीम को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा में लिखित स्पष्टीकरण मांगा था। लेकिन दोनों की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इसके बावजूद दोनों ने पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करते हुए अपनी गतिविधियां जारी रखीं। जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसार, यदि कोई स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ भी हो, तो वह पार्टी विरोधी गतिविधियों को उचित ठहराने में असफल रहा। इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए विजय सिंह सुम्बरूई और मो सलीम को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। यह आदेश जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिमी सिंहभूम( चाईबासा )की ओर से जारी किया गया है।

## नगर निकाय चुनाव में कार्यकर्ता समन्वय के साथ करें कामः दीपक प्रकाश

**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) स्थित रतन लाल गैरेज हॉल में आगामी नगर निकाय चुनाव में भाजपा समर्पित रमेश खिरवाल उर्फ लड्डू को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश शामिल हुए और संगठन की चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान दीपक प्रकाश ने आगामी चुनावों में भाजपा की भूमिका, चुनावी रणनीति, आगामी कार्यक्रमों तथा जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने नगर निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं से समन्वय के साथ काम करने और जनसंपर्क अभियान को तेज करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता जे. बी. तुबिद, भाजपा जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू, पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश पूरी, संजू पाण्डेय तथा नगर परिषद अध्यक्ष पद के भाजपा उम्मीदवार रमेश खेरवार उर्फ लड्डू विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला कोर कमेटी एवं संचालन समिति के सदस्यों ने भी भाग लिया। सभी नेताओं ने आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे और संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वार्ड स्तर तक संगठन को सक्रिय किया जाएगा और जनता से सीधा संवाद स्थापित कर भाजपा की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी रूप से पहुंचाया जाएगा। बैठक को आगामी चुनावों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## आनंद मार्ग और पूर्णिमा नेत्रालय की ओर से 20 मोतियाबिंद रोगियों का निःशुल्क फेको सर्जरी

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**




आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल और पूर्णिमा नेत्रालय के संयुक्त सहयोग से चयनित 20 मोतियाबिंद रोगियों की फेको सर्जरी कर निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया गया। सफल सर्जरी के बाद सभी रोगियों को आवश्यक दवाइयां एवं चश्मा प्रदान कर रविवार को सम्मानपूर्वक विदा किया गया। आनंद मार्ग संस्था पिछले कई वर्षों से आयुष्मान भारत योजना एवं डीबीसीएस (राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम) के अंतर्गत "दृष्टि सेवा महाअभियान" का संचालन कर रही है। इस अभियान के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क नेत्र उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे सैकड़ों लोगों को दृष्टि लाभ मिल चुका है। इसी क्रम में आगामी 12 फरवरी को आनंद मार्ग जागृति, गदरा शिव मंदिर के पास नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा, जिसमें आंखों से संबंधित विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी और आवश्यकतानुसार आगे के उपचार के लिए रोगियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। संस्था के पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठाएं और समय रहते आंखों की जांच कराकर अपनी दृष्टि को सुरक्षित रखें।

# छायानगर में टेंट गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक





**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**

सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के भुइयांडीह स्थित छायानगर में रविवार दोपहर को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नंदन टेंट डेकोरेटर के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगीं और घना धुआं पूरे इलाके में फैल गया,जिससे आस—पास के लोग दहशत में आ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। करीब एक घंटे तक चली कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और एहतियातन इलाके को सुरक्षित कर दिया गया, ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की चपेट में आकर गोदाम में रखे टेंट,सजावटी कपड़े,लाइटिंग सामग्री और अन्य कीमती सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए। राहत की बात यह रही कि घटना के समय गोदाम में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल दमकल और पुलिस विभाग की ओर से नुकसान का आकलन किया जा रहा है और आग लगने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। टाटा फायर सर्विस के किशोर कुमार ने बताया कि आग बुझाने के लिए एक गाड़ी पानी और एक गाड़ी फोम का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा झारखंड फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं और फायरमैनों ने मिलकर आग पर काबू पाने में अहम भूमिका निभाई।

## नगर पंचायत चुनाव को लेकर चाकुलिया में पुलिस सतर्क, अवैध शराब के दो अड्डे किए ध्वस्त

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में नगर पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में रविवार को चाकुलिया थाना क्षेत्र के मौराबांधी गांव में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शराब निर्माण के दो प्रमुख ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से इलाके में अवैध शराब का निर्माण और भंडारण किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने सशस्त्र बलों के सहयोग से संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान मौके से लगभग 350 किलोग्राम जावा महुआ, शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण तथा करीब 15 लीटर तैयार देसी शराब जब्त की गई। मामले की गंभीरता और सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने बरामद जावा महुआ, भट्ठियों और अन्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस संबंध में उत्पाद विभाग को भी आधिकारिक रूप से सूचित कर दिया गया है, ताकि अवैध शराब कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस की इस अचानक और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

## जरूरतमंद बच्चों को मिला स्कूल किट

**एजेंसी । खूंटी**

तपकरा स्थित आवासीय जनसेवा केन्द्र में आईएसएफ इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से घर- घर शिक्षा का ज्योति मिशन के तहत जरूरतमंद गरीब बच्चों के बीच स्कूल किट का वितरण किया गया। इस पहल के तहत कुल 25 बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, किताब, पेन-पेंसिल सहित आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था। आयोजकों ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है और बच्चों को शुरुआती स्तर पर सहयोग मिलना उनके भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की पहल से न केवल बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ता है, बल्कि समाज में भी शिक्षा के महत्व को लेकर जागरूकता आती है। जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया । कार्यक्रम में झामुमो नेत्री सह तपकरा मुखिया रोशनी गुड़िया, एल.एस. स्कूल तपकरा की निर्देशिका शिरिन गुड़िया, वार्ड सदस्य सुशील मुड़िया, जोलेन बरला, राजा गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उत्पाद विभाग की छापेमारी में नकली विदेशी व महुआ शराब की खेप जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी । रांची**



नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग की टीम ने तमाड़ और बुंडू थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब, बीयर, देसी शराब और अवैध महुआ शराब जब्त की है। इस दौरान एक छोटा पिकअप वैन (जेएच01सीएम 8239) से अवैध शराब की खेप पकड़ी गई, जबकि अलग-अलग स्थानों से कुल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर तमाड़ एवं बुंडू थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में परासी रोड पर एक पिकअप वैन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। इस मामले में मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त शराब में 38.13 लीटर नकली विदेशी शराब, 15.6 लीटर बीयर, 5.7 लीटर देसी शराब, 120 लीटर अवैध महुआ शराब तथा 600 किलोग्राम जावा महुआ शामिल है। इसके अलावा, एक अन्य स्थान पर छापेमारी कर अवैध महुआ शराब के एक विक्रेता को भी गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने दो अवैध महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। वहीं, एक फरार आरोपित के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर सख्त नजर रखी जा रही है और चुनाव अवधि के दौरान ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उत्पाद विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब का निर्माण या बिक्री हो रही हो, तो इसकी सूचना विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम हिमंत सरमा ने FIR दर्ज करने के दिए निर्देश

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने पुलिस को हाल की एक राजनीतिक रैली के दौरान महिलाओं के प्रति कथित अभद्र इशारे



करने के आरोप में तीन कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। सरमा के अनुसार आरोपित नेताओं में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा और राज्य महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीरा बोरठाकुर शामिल हैं, जो उस वक्त घटनास्थल पर मौजूद थीं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि गुवाहाटी में हुई रैली के दौरान बस के ऊपर से अशोभनीय इशारे किए गए, जिसे उन्होंने असम की महिलाओं का सामूहिक अपमान बताया। कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में सरमा ने कहा कि पुलिस महानिदेशक को उपयुक्त कानूनी प्रावधानों के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित वीडियो क्लिप महिला आयोग को भेजने को भी कहा गया है ताकि आयोग इस पर संज्ञान ले सके। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस से आरोपित नेताओं पर पार्टी स्तर पर कार्रवाई की भी मांग की। वहीं देबब्रत सैकिया ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ और वह केवल चल रही बातचीत पर हंस रहे थे। कांग्रेस की ओर से औपचारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है।

### गोवा में समुद्र तटों पर विदेशियों संग जबरन सेल्फी लेने वालों की खैर नहीं

**गोवा, एजेंसी।** गोवा पुलिस ने राज्य के बीचों पर सख्ती बढ़ा दी है। अब किसी भी पर्यटकचाहे वह भारतीय हो या विदेशी उनकी बिना अनुमति फोटो खींचने या जबरन सेल्फी लेने पर पुलिस कार्रवाई कर सकती है। यह फैसला लगातार मिल रही शिकायतों और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देखते हुए लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, बिना सहमति फोटो खींचना, वीडियो बनाना या जबरन सेल्फी लेना अब गंभीर मामला माना जाएगा, खासकर जब इससे किसी की निजता भंग हो या महिलाओं को परेशान किया जाए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हाल के दिनों में ऐसे वीडियो सामने आए हैं, जिनमें कुछ लोग विदेशी महिलाओं से जबरदस्ती सेल्फी लेने की कोशिश करते दिखे। ऐसे मामलों में पुलिस अब सख्त कार्रवाई करेगी और दोषी पाए जाने पर 24 घंटे तक की निवारक हिरासत में लिया जा सकता है। इस कार्रवाई को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत किया जा रहा है। इस धारा के तहत कुछ मामलों में बिना वारंट हिरासत में लेने का प्रावधान है। शुक्रवार को इसी कानून के तहत उत्तर गोवा के बागा बीच पर तमिलनाडु से आए दो पुरुष पर्यटकों को हिरासत में लिया गया। आरोप है कि वे पर्यटकों की तस्वीरें खींच रहे थे और उन्हें परेशान कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसी घटनाएं गोवा जैसे पर्यटन राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं। इसी वजह से खासतौर पर उत्तर गोवा के समुद्र तटीय इलाकों में पुलिस गशत बढ़ा दी गई है।

### नीच' कह देने मात्र से नहीं लग सकता एससी/एसटी ऐक्ट: राजस्थान हाईकोर्ट

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति को 'नीच' जैसे सामान्य अपमानजनक शब्द कह देने मात्र से एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) ऐक्ट अपने-आप लागू नहीं होता। जस्टिस वीरेन्द्र कुमार ने स्पष्ट किया कि यह ऐक्ट तभी लगाया जा सकता है, जब यह साबित हो कि अपमान खास तौर पर जाति के आधार पर किया गया था और आरोपी को पीड़ित की जाति की जानकारी थी। यह मामला वर्ष 2011 में आईआईटी जोधपुर से जुड़े एक विवाद से संबंधित है। उस समय सरकारी अधिकारी अतिक्रमण की जांच के लिए मौके पर पहुंचे थे। जांच के दौरान कुछ लोगों ने इसका विरोध किया और कथित रूप से अधिकारियों को 'नीच' और 'भिखारी' जैसे शब्द कहे।

# कानपुर में सीटीईटी परीक्षा देने भाभी की जगह ननद पहुंच गई, बायोमेट्रिक जांच में पकड़ी गई

**कानपुर, एजेंसी।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) में शनिवार दोपहर को कानपुर के बर्रा स्थित पूर्ण चन्द्र विद्या निकेतन स्कूल में भाभी की जगह परीक्षा देने पहुंची आरोपित युवती को बायोमीट्रिक जांच के दौरान पकड़ लिया। युवती सुबह की पाली में खुद की परीक्षा देने आई थी, जबकि दूसरी पाली में भाभी की परीक्षा देने पहुंची थी। बर्रा पुलिस आरोपित युवती से पूछताछ कर रही है। बर्रा स्थित पूर्ण चन्द्र विद्या निकेतन में शनिवार दोपहर को दूसरी पाली की परीक्षा शुरू हुई। इसी दौरान बायोमीट्रिक मिलान नहीं हुआ। इसकी सूचना स्कूल प्रशासन ने तत्काल पुलिस को दी। पकड़ी गई युवती ने पूछताछ में अपना नाम कन्नौज के घना पूर्वा लाख निवासी अजब सिंह की पुत्री संध्या बताया।



वह अपनी भाभी शिवानी देवी की जगह पर परीक्षा देने केंद्र पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि प्रवेश पत्र पर दर्ज विवरण और बायोमीट्रिक रिकार्ड में अंतर था, इसके बाद उसे पकड़ा गया। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन की ओर से तहरीर दिए जाने के बाद आरोपित ननद और उसकी भाभी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल युवती से पूछताछ की जा रही है। वहीं केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) के पहले दिन शनिवार को 98.83 फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। मात्र 1.17 फीसदी ने परीक्षा छोड़ी। सुबह की पाली में पेपर-2 (उच्च प्राथमिक) की परीक्षा हुई, जबकि दूसरी पाली में पेपर-1 (प्राथमिक) की परीक्षा हुई। अभ्यर्थियों के अनुसार दोनों पालियों में गणित के सवाल लंबे कैलकुलेशन वाले ट्रिकी और भाषा के प्रश्न कठिन थे। सीटीईटी कानपुर नगर के 46 सेंटरों पर हुई। इसमें पहले दिन दोनों पालियों में 37876 को परीक्षा देनी थी लेकिन 37434 ने परीक्षा दी। केवल 442 ने परीक्षा छोड़ी। पेपर-1 और 2 में कुल 150 ऑब्जेक्टिव सवाल पूछे गए थे। पेपर-2 की परीक्षा सुबह की पाली में हुई जिसमें बाल विकास, मैथमेटिक्स एंड साइंस अथवा सोशल स्टडीज व सोशल साइंस, भाषा 01 व भाषा 02 के पेपर हुए। इसी तरह पेपर-1 के लिए बाल विकास, मैथमेटिक्स, पर्यावरण अध्ययन व भाषा-1 व 2 के पेपर हुए। डॉ. गौर हरि सिंहानिया एजुकेशन सेंटर पर सुबह की पाली में पेपर-2 के अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्न तो ऑब्जेक्टिव थे लेकिन मैथ्स में जवाब के लिए रफ वर्क अधिक करना पड़ रहा था। इसमें अधिक समय लगा। सवाल भले आसान हों लेकिन जवाब के लिए तो समय लग रहा था।

# बेंगलुरु-मुंबई प्रीमियम ट्रेन सेवा जल्द: रेल मंत्री

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि बेंगलुरु से मुंबई के लिए प्रीमियम ट्रेन सेवा जल्द शुरू होगी। वैष्णव ने कहा कि कर्नाटक को इस वर्ष के रेलवे बजट में रिकॉर्ड 7,748 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं। यह कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आवंटित राशि से नौ गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य में रेलवे का कुल निवेश 52,950 करोड़ रुपए है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि बड़े पैमाने पर निवेश में रेल पटरियों का विस्तारीकरण, स्टेशन पुनर्विकास, सुरक्षा, घोषणाएं, बेंगलुरु उपनगरीय क्षेत्र और कर्नाटक में कई नई परियोजनाएं शामिल होंगी।

रेलमंत्री ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत जल्द हम बेंगलुरु से मुंबई के लिए प्रीमियम ट्रेन सेवा शुरू करेंगे। तेजस्वी सूर्या (बेंगलुरु दक्षिण के सांसद) ने इस संबंध में संपर्क किया था, साथ ही कई अन्य अनुरोध भी प्राप्त हुए हैं। कई खंडों का दोहरीकरण किया जा रहा है, इसलिए बहुत जल्द हमारे



पास और भी कई सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि अभी विद्युतीकरण के लिए परीक्षण और प्रमाणन प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही ये प्रक्रियाएं पूरी हो जाएंगी, हम जल्द ही आपके साथ विवरण साझा करेंगे। रेल मंत्री ने भूमि अधिग्रहण के संबंध में कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार की सहमति हासिल करने का प्रयास जारी रखे हुए है क्योंकि भूमि राज्य का विषय है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम कई परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण के लिए राज्य सरकार से लगातार संपर्क बनाए रखे हुए हैं।

**चौथी से भी रहे संबंध और वह छत से गिरकर मरी**

# गाजियाबाद की बच्चियों के पिता की 3 शादियां




**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद में 9वीं मंजिल से कूदकर जान देने वाली तीन बच्चियों के पिता चेतन से पुलिस ने शनिवार को पूछताछ की। इस दौरान चेतन से कई तरह के सवाल पूछे गए। इस दौरान चेतन ने कबूल किया कि उसकी तीन शादियां और चौथी से भी संबंध रहा, जिसकी उसके ही छत से गिरकर मौत हो गई थी। एक शादी संतान नहीं होने की वजह से हुई जबकि अन्य अवैध संबंधों की वजह से। चेतन से जब पूछा गया कि उसकी कितनी शादियां हैं और और लिव पार्टनर की मौत की क्या सच्चाई है तो उसने तीन पत्नियां होने और एक पार्टनर की मौत की बात कबूल की। उसने कहा कि उसकी पहली पत्नी सुजाता है। दोनों की कोई संतान नहीं हुई तो सुजाता की मर्जी से उसने अपनी सगी साली हिना से शादी कर ली थी। हालांकि, कुछ समय बाद ही उसका सीलमपुर में ससुराल के पड़ोस में रहने वाली तब्बू से संबंध हो गए। उसे 9 साल पहले राजेंद्रनगर वाले फ्लैट में साथ रहने के लिए लाया तो घर पर झगड़े होने लगे। वर्ष 2018 में यहां उसकी तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी। चेतन ने इसमें किसी तरह का हाथ होने से इनकार करते हुए कहा कि उस समय वह घर पर नहीं था और पुलिस जांच में उसे क्लीनचिट मिल चुकी है। बच्चियों के पिता ने तीसरी शादी को लेकर कहा कि वह उसकी पार्टनर रही तब्बू की रिश्तेदार है। तब्बू की मौत के बाद उसके तब्बू की रिश्देदार टीना से अवैध संबंध बन गए। वह गर्भवती हो गई तो चेतन ने कोर्ट मैरिज कर ली। इस तरह वह तीन पत्नियों के साथ रह रहा था। चेतन की तीन शादियों में पांच बच्चे थे, जिनमें से 3 ने एक साथ खुदकुशी कर ली। हालांकि, चेतन की पत्नियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान उस पर कोई आरोप नहीं लगाया। हिना ने कहा कि उसने परिवार की मर्जी से चेतन से शादी की। वहीं, टीना ने कहा कि संबंध हो जाने के कारण शादी कर ली।

# दूल्हा स्वरूप में दर्शन देंगे बाबा काशी विश्वनाथ, असम का चेलेंग-गसोमा करेंगे धारण

## ● असम के ऐतिहासिक नगर शिवसागर से मंगाया गया

**वाराणसी, एजेंसी।** महाशिवरात्रि पर्व पर इस वर्ष बाबा विश्वनाथ असम का पारंपरिक परिधान धारण कर दूल्हा स्वरूप में भक्तों को दर्शन देंगे। यह विशेष परिधान असम के ऐतिहासिक नगर शिवसागर से मंगाया गया है। टेढ़ीनीम स्थित पूर्व महंत आवास पर होने वाले अनुष्ठानों के दौरान बाबा विश्वनाथ की चल प्रतिमा को असमिया पुरुष परिधान 'चेलेंग' और 'गसोमा' धारण कराया जाएगा। यह परिधान असम की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक माना जाता है, जिसमें बाबा का स्वरूप अत्यंत राजसी और दिव्य दिखाई देगा।

पूर्व महंत परिवार के प्रतिनिधि पं. वाचस्पति तिवारी ने बताया कि चेलेंग-गसोमा न केवल परिधान के रूप में, बल्कि सांस्कृतिक संदेश के लिहाज से भी विशेष महत्व रखता है। इसके माध्यम से काशी और असम की प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि से पूर्व 13 फरवरी को बाबा की हल्दी की रस्म होगी, जबकि महाशिवरात्रि के दिन शिव-विवाह का आयोजन किया जाएगा। महाशिवरात्रि के पश्चात टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास को गौरा-सदनिका में परिवर्तित किया जाएगा। यहीं से अमलका (रंगभरी) एकादशी के दिन माता गौरा की गौना पालकी यात्रा निकाली जाएगी। परंपरा के अनुसार, काशीवासी रजत पालकी में बाबा विश्वनाथ और माता गौरा को विराजमान कर विश्वनाथ मंदिर तक ले जाएंगे, जहां बाबा से होली खेलने की अनुमति मांगी जाएगी। इसी के साथ काशी में फागोत्सव का शुभारंभ होगा।

महंत आवास आयोजन समिति के संयोजक संजीव रत्न मिश्र ने बताया कि महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बारात में भी इस वर्ष एक नया आकर्षण जोड़ा गया है।



काशीवासियों की ओर से निकाली जाने वाली शिव बारात में बाबा विश्वनाथ की प्रतीकात्मक प्रतिमा को काशी में निर्मित मलमल और जरी से तैयार राजसी परिधान धारण कराए जाएंगे। विशेष या स्पर्श दर्शन का अनुरोध न करें मंदिर प्रशासन ने समस्त दर्शनार्थियों से अपील की है कि वे खाली पेट दर्शन के लिए न आएं। वह अपने साथ कोई प्रतिबंधित वस्तु न रखें। विशेष दर्शन अथवा स्पर्श दर्शन के लिए अनुरोध न करें, क्योंकि महाशिवरात्रि पर यह नहीं हो सकता। महाशिवरात्रि पर विश्वनाथ धाम में भीड़ प्रबंधन महाकुंभ-2025 के पलट प्रवाह मॉडल के आधार पर किया जाएगा। यह निर्णय शनिवार को धाम में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, मंडलायुक्त एस. राजलिंगम, डीएम सत्येंद्र कुमार, धाम के सीईओ विश्वभूषण और अन्य अधिकारियों की बैठक में लिया गया। तय किया गया कि संवेदनशील स्थलों पर छतों, सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। मैदागिन से गोदौलिया और गोदौलिया से मैदागिन मार्ग पर वन-वे और नो-वेहिकल जोन लागू होंगे। वाहन निर्धारित स्थलों पर ही पार्किंग के लिए अनुमति पाएंगे। मंडलायुक्त ने धाम और आसपास के सभी बिजली खंभों की टेपिंग कराने और धाम परिसर में विद्युत सुरक्षा संबंधी ऑडिट कराने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए धाम के भीतर दर्शन व्यवस्था के लिए बैरिकेडिंग की संख्या बढ़ाई जाएगी। प्रमुख स्थानों पर खोया-पाया केंद्र, शुद्ध पेयजल और पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया जाएगा। बैठक के बाद सभी अधिकारियों ने धाम का निरीक्षण किया और मंदिर प्रशासन को विभिन्न बिंदुओं पर निर्देश दिए।

# राजस्थान के बहरोड़ तक दौड़ेगी नमो भारत ट्रेन?

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
नमो भारत ट्रेन का राजस्थान के बहरोड़ तक विस्तार करने की तैयारी है। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने शनिवार को कहा कि दूसरे चरण में राजस्थान के बहरोड़ तक नमो भारत नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। नमो भारत रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के पहले चरण को केंद्र सरकार से मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना के लिए जो रकम मिली है, अगर यह बचेगी तो राजस्थान के बहरोड़ तक नमो भारत का विस्तार किया जाएगा। राव इंद्रजीत सिंह शनिवार को गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आम बजट को लेकर को प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक यात्री सुविधाओं में हरियाणा ने नया कीर्तिमान रचा है। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि इस बजट में समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने का स्पष्ट रोडमैप दिखाई देता है। यह केवल घोषणाओं तक सीमित बजट नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर अवसर, प्रोत्साहन और सहयोग उपलब्ध कराने वाला है।

**विनिर्माण को नई दिशा दी:** राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि 2013-14 के मुकाबले मौजूदा बजट में विनिर्माण को नई दिशा दी गई है। एमएसएमई के लिए 10,000 करोड़ का एसएमई ग्रोथ फंड, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के विस्तार के लिए 40 हजार करोड़ का और बायोफार्मा शक्ति योजना के तहत 10 हजार



करोड़ का निवेश का प्रमाण है। इसके साथ ही टेक्सटाइल, कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग और हाई-टेक टूल रूम जैसी योजनाएं भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि बजट में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने हरियाणा रोड एवं राष्ट्रीय राजमार्ग इंफ्रा को निरंतर गति देते हुए साल दर साल बेहतर बजट दिया है। रेलवे जैसे परिवहन क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व निवेश किया गया है। हरियाणा में रेलवे के लिए 2009-14 के दौरान जहां औसतन 315 करोड़ वार्षिक बजट मिलता था। वहीं 2026-27 में यह बढ़कर 3,566 करोड़ हो गया है, यानी लगभग 11 गुना वृद्धि। वर्तमान में राज्य में 12,091 करोड़ से अधिक के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें नए ट्रैक बिछाने, स्टेशन पुनर्विकास और सुरक्षा सुधार शामिल हैं।

**बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू होगा:** वहीं, हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने शनिवार को बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव दरबारीपुर में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू हो रहा है।

### तेलंगाना फॉरेंसिक लैब में लगी आग, जब्त कप्यूटर हार्ड डिस्क जलीं

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) के एक कमरे में शनिवार को आग लग गई। इसमें जब्त की गई वस्तुएं मसलन कप्यूटर हार्ड डिस्क, कागजात आदि रखे थे जो अधिकांश जल गए। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। गनीमत रही कि इस इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। उधर, केंद्रीय कोयला मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता जी किशन रेड्डी ने सरकार से इस मामले पर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है और कंप्यूटर में जांच से संबंधित डाटा था, जो जल गया। अधिकारियों ने बताया कि आग की चपेट में आए पहली मंजिल के कमरे में हार्ड डिस्क, कागजात जैसी चीजें रखी थीं। आग लगने की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग बुझाने के लिए पांच अग्निशामक गाड़ियां और एक अग्निशामक रोबोट लगाया गया। प्रारंभिक जांच के आधार पर एक अग्निशामक अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण बिजली का शार्ट-सर्किट हो सकता है। हालांकि, सटीक कारण की जांच की जा रही है। इस बीच केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जल गए कंप्यूटरों का बैकअप है या नहीं? उन्होंने दावा किया कि एफएसएल में हाई प्रोफाइल मामलों से संबंधित साक्ष्य और डाटा मौजूद था, जिसमें कैश-फॉर-वोट और टेलीफोन टैपिंग आदि भी शामिल हैं।

# सूरजकुंड में जान गंवाने वाले इंस्पेक्टर जगदीश को शहीद का दर्जा

**फरीदाबाद, एजेंसी।** हरियाणा के सुरजकुंड फेयरग्राउंड में हुए भयानक झूला हादसे में ऑन-ड्यूटी पुलिस इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई। जगदीश प्रसाद उस समय मेले में फंसे लोगों को बचाने की कोशिश कर रहे थे, जब विशाल झूला अचानक टूट कर जमीन पर गिर गया। इंस्पेक्टर जगदीश अगले महीने रिटायर होने वाले थे। हरियाणी डीजीपी ने अजय सिंघल ने कहा कि उन्हें शहीद का दर्जा दिया जाएगा। परिवार को एक करोड़ और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। साहस और वीरता के लिए उन्हें पहले भी 2019-20 में हरियाणा के राज्यपाल द्वारा पुलिस मेडल से सम्मानित किया जा चुका है।

साथ ही फरीदाबाद पुलिस ने हादसे की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन कर लिया है। यह घटना सुरजकुंड फेयर में झूले से जुड़ा तीसरा हादसा है, जिससे आयोजकों की सुरक्षा नियमों और दावों पर सवाल उठ रहे हैं।

2002 में एक युवक की झूले से मौत हुई थी, तब झूले कुछ वर्षों के लिए बंद कर दिए गए थे। 2019 में एक युवक घायल हुआ था, जिसके बाद झूले फिर से शुरू किए गए, लेकिन इस बार भी सुरक्षा का गंभीर जोखिम देखा गया। अधिकारियों के अनुसार झूले लगाने के लिए सख्त नियम हैं और रोजाना निरीक्षण करना अनिवार्य है। इसके बावजूद लगातार हादसे सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं।

घटना के समय झूले पर लगभग 19 लोग सवार थे और शाम लगभग 6 बजे झूला अचानक झुक गया और गिर पड़ा। इस हादसे में 11 लोग घायल हुए। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जगदीश प्रसाद ने फंसे हुए लोगों को बचाने के दौरान गंभीर चोटें लगीं, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं, हरियाणा पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ने बताया कि झूले में घायल लोग अब खतरे से बाहर हैं। जगदीश प्रसाद ने 1989 में हरियाणा आर्म्ड पुलिस ज्वाइन की थी और मार्च में 36 साल की सेवा पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे। उनके इस साहसिक कार्य और बलिदान को देखते हुए हरियाणा डीजीपी अजय सिंघल ने रात को 1





करोड़ रुपये की आर्थिक मदद और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। डीजीपी ने कहा कि उन्हें शहीद का दर्जा दिया जाएगा। जांच के लिए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में स्ढ्ढञ्ज (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) बनाई गई है, और झूला लगाने वाले वेंडर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन ने यह भी बताया कि 39वां सुरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प महोत्सव रविवार को जारी रहेगा, लेकिन झूला क्षेत्र को अभी बंद रखा गया है। जगदीश प्रसाद का अचानक निधन उनके पैतृक गांव डेंगरा, मथुरा जिला में शोक की लहर है। वे अपनी पत्नी सुधा और तीन बच्चों दो बेटियों निधि और दीप्ति तथा पुत्र गौरव के साथ रहते थे। उनके भाई प्रदीप, जो शिक्षक हैं, और परिवार के अन्य सदस्य सतीश चंद्र और चंद्रभान सिंह अलग-अलग शहरों में कार्यरत हैं।

### सात फेरों का खूनी अंत: पारिवारिक कलह में पति ने पत्नी को मारी गोली,

**ग्वालियर , एजेंसी।** शहर के थाटीपुर स्थित दर्पण कालोनी में रात करीब 11 बजे सनसनी फैल गई। जब एक के बाद एक गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका गूंज उठा। यहां एक सिरफिरे युवक ने अपनी ही पत्नी की घर के अंदर गोलियों से भूनकर हत्या कर डाली। छोटी-छोटी बात पर दंपती के बीच रोज झगड़ा होता था। रोज की पारिवारिक कलह का खूनी अंत हुआ, जिसमें महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस घटना के तुरंत बाद ही पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। उसके पास से कट्टा भी मिल गया है, जिससे उसने एक के बाद एक पांच गोलियां अपनी पत्नी के सिर, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों में उतार दीं। मृतका का नाम रुचि तोमर है। उसकी शादी करीब 16 वर्ष पहले मुरैना के पोरसा निवासी सोनू तोमर से हुई थी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## हंगामे के बीच संसद में बदली वैश्विक तस्वीर

बजट सत्र के सातवें दिन संसद में जिस तरह की स्थितियां पैदा हुईं, वे निश्चित रूप से लोकतांत्रिक परंपराओं में संवाद के समांतर एक बार फिर मतभेदों के तीखे होने को ही दर्शाता है। मौजूदा सत्र में पिछले कई दिनों से लगातार हंगामे की स्थिति बनी रही और सदन की कार्यवाही बाधित होती रही। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन शोर-शराबे और हंगामे की वजह से सदन को स्थगित कर दिया गया था।विपक्षी दलों की ओर से उठाए गए सवालों और उतार-चढ़ाव के बीच आखिर गुरुवार को प्रधानमंत्री ने राज्यसभा को संबोधित किया। जबकि विपक्ष के नेता को न बोलने देने का मुद्दा उठाते हुए विपक्षी दलों ने सदन का बहिष्कार किया। दूसरी ओर सरकार का कहना था कि विपक्ष सदन नहीं चलने दे रहा।जाहिर है, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जहां समग्र चर्चा होनी चाहिए थी, वहां सदन हंगामे की वजह से बाधित हुआ। इसके बावजूद प्रधानमंत्री ने सरकार के फैसलों और नीतियों को स्पष्ट करते हुए राज्यसभा में अपनी राय रखी।पिछले कुछ समय से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच दुनिया भर में तेजी से नीतिगत स्तर पर भी बदलाव होते देखे जा रहे हैं और नई व्यवस्था की जमीन बनती दिख रही है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में इसका उल्लेख करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में स्थितियां संभाली नहीं जा पा रही हैं, तो ऐसे में स्पष्ट दिख रहा है कि दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर बढ़ रही है।इससे पहले दूसरे विश्वयुद्ध के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब बदल रही है और अगर इसे तटस्थ भाव से देखा जाए, तो साफ लग रहा है कि झुकाव भारत की ओर है। दरअसल, हाल के वर्षों में विकसित देशों के कूटनीतिक टकरावों और उससे उपजे हालात के बीच वैश्विक दक्षिण के रूप में देखे जाने वाले देशों की समस्याओं पर आवाज उठने की प्रक्रिया जिस तरह धीमी पड़ रही थी, उसमें भारत को एक उम्मीद की नजर देखा जा रहा था।इसी को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में वैश्विक दक्षिण को लेकर होने वाली चर्चा के सूत्रधार के साथ-साथ भारत को वैश्विक दक्षिण की बुलंद आवाज के रूप में देखा जाता है।भारत के कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते नीतिगत स्तर पर आने वाले समय में काफी अहम साबित होने वाले हैं और उसके परिणामों को लेकर अभी से उत्सुकता है।

*रणनीतिक लिहाज से देखें तो महाराष्ट्र में बीजेपी सभी दलों पर एक बार फिर बीस पड़ती नजर आ रही है। उसने सुनेत्रा को अपने खेमे में लाकर एक तीर से दो निशाने साध लिए हैं। उसने एनसीपी की ओर निश्चिंतता हासिल कर ली है, शरद पवार को एक बार फिर किनारे रखने में सफल हुई है और अपने लिए खतरा बनने की शरद की संभावनाओं को एक तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है।*

## सत्ता की निष्कंटक राह बरास्ते सुनेत्रा की ताजपोशी

(उमेश चतुर्वेदी)

महाराष्ट्र में भले ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन राज्य की राजनीति के सबसे मंजे हुए खिलाड़ी शरद पवार हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी। राजनीति जज्बात से नहीं, हालात के हिसाब से चलती है। महाराष्ट्र में सुनेत्रा पवार का शपथ ग्रहण इसका उदाहरण है। सुनेत्रा के आंसू अभी सूखे भी नहीं, पति अजित पवार के निधन के शोक से उबरना तो दूर की बात है। फिर भी उन्होंने सियासी तकाजे को ही प्राथमिकता दी और महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनकर इतिहास रच दिया। पारिवारिक वज्रपात के बीच सिंहासन पर बैठने को लेकर उनकी आलोचना स्वाभाविक है, क्योंकि समाज के सोचने का अपना ढंग है। सियासी हस्तियों से भी उसे सामाजिक परंपराओं और पारिवारिक संस्कारों को अपनाने की उम्मीद रहती है। सुनेत्रा सामाजिक सवालों से बच नहीं सकतीं। लेकिन सवाल यह है कि सुनेत्रा की ताजपोशी से महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ने जा रहा है? प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्या वजह रही कि सुनेत्रा ने आनन-फानन में शपथ ले ली। महाराष्ट्र के राजभवन में जनवरी महीने के आखिरी दिन जो राजनीतिक इतिहास रचा गया, उसकी कहानी किसने लिखी थी। महाराष्ट्र में भले ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन राज्य की राजनीति के सबसे मंजे हुए खिलाड़ी शरद पवार हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी। शरद पवार तो खुलकर स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनकी ओर से जयंत पाटिल, अजित पवार से बात कर रहे थे। कहा तो यहां तक जा रहा है कि 12 फरवरी को दोनो पार्टियों के विलय पर अजित और शरद में सहमति हो चुकी थी। लेकिन अजित के न रहने के बाद समीकरण बदल गए। अजित के साथ गए अहम नेताओं प्रफुल्ल पटेल, आर आर पाटिल और सुनील तटकरे जैसे नेताओं की आशंकाएं बढ़ गईं। उन्हें डर था कि अगर विलय हुआ तो शरद पवार की पार्टी पर नियंत्रण बढ़ जाएगा। इसके चलते सुप्रिया सुले की पार्टी पर पकड़ बढ़ जाएगी। सुप्रिया के नियंत्रण में इन नेताओं का काम करना असहज होता। प्रफुल्ल कभी शरद पवार के बेहद नजदीकी होते थे। अजित के साथ जाकर एक तरह से उन्होंने शरद पवार के साथ दगाबाजी ही की है। उन्हें ज्यादा आशंका थी कि विलय के बाद पार्टी पर पकड़ होने के चलते शरद के बहाने सुप्रिया का चाबुक उन पर चल सकता है। लेकिन अगर पार्टी अलग रहती है और सुनेत्रा के हाथ कमान रहती है तो इन नेताओं की सियासी सेहत बनी और बची रह सकती है। यही वजह है कि अजित के निधन के चलते हुए आधिकारिक शोक की मियाद खत्म होते ही प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे जैसे नेता सक्रिय हो गए। विधायक दल की बैठक बुलाई गई और सुनेत्रा को तत्काल उसका नेता चुनकर उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार कर लिया गया। शरद पवार भले ही इस सियासी पटकथा का लेखक सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल को मानते हों, लेकिन महाराष्ट्र के सियासी हलकों में कहा जा रहा है कि असल में यह पटकथा राज्य की बीजेपी ने लिखा है। पटेल और तटकरे जैसे नेताओं ने सिर्फ इसे अमल में लाने में भूमिका निभाई है। सवाल उठ सकता है कि अगर सुनेत्रा शपथ नहीं लेतीं तो क्या बीजेपी की सियासी सेहत गड़बड़ा सकती थी, क्योंकि राज्य में बीजेपी के 132 और एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना के 57 विधायक हैं। राज्य में बहुमत के लिए महज 145 सीटें चाहिए होती हैं। इस लिहाज से देखें तो बीजेपी की अगुआई वाली सरकार को कोई खतरा नहीं होने जा रहा था। अजित समेत एनसीपी के 41 विधायक पिछले चुनाव में चुने गए हैं। अजित के न रहने पर यह संख्या 40 रह गई है। लेकिन बीजेपी की चिंता दूसरी है। शरद पवार की राजनीतिक स्थिति भले ही ठीक ना हो, लेकिन जैसे ही दोनों एनसीपी का विलय होता, शरद ताकतवर होकर उभरते। महाराष्ट्र का यह चाणक्य एक बार फिर स्थापित होता और बीजेपी के लिए नई सिरदर्दी खड़ी हो जाती। शरद पवार इतने प्रभावी और सियासी रूप से तिकड़मी हैं कि बीजेपी के लिए संकट बनकर उभर जाते। उनकी प्रभावी सक्रियता के चलते शिवसेना के गुटों को भी एक करने की वे कोशिश कर सकते थे। भले ही यह सोच कल्पना लग रही हो, लेकिन एकबारगी स्वीकार कर लें कि ऐसा होता तो महाराष्ट्र की राजनीति कैसी होती। महाराष्ट्र में जिला परिषदों के चुनाव हो रहे हैं। पहले विधानसभा और बाद में स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की अगुआई वाली महाविकास अघाड़ी को सफलता नहीं मिली। अजित पवार के न रहने के चलते कांग्रेस को सक्रिय होना चाहिए था। अजित की अगुआई वाले जिला परिषद उम्मीदवार उनके न रहने की वजह से थोड़े आशंकित और निराश भी हैं। इस निराशा को कांग्रेस भुना सकती थी। वह एनसीपी के उम्मीदवारों पर डोरे डाल सकती थी और अपने उम्मीदवारों को नए जोश से भर सकती थी। अजित बेशक सत्ता में थे, लेकिन उन्हें विपक्षी खेमे के लिए अब भी हसरतभरी निगाह से ताकतवर नेता के रूप में देखा जा रहा था। अजित के न रहने के बाद विपक्षी नेतृत्व के लिए आसमान खुल गया है। शरद पवार की उम्र हो गई है। शरद के बाहर जाने के बाद से ही कांग्रेस राज्य में कमजोर हुई है। सुप्रिया सुले का नेतृत्व ऐसा नहीं है कि वह राज्यव्यापी प्रभाव हासिल कर पाए। यह माहौल कांग्रेस के लिए ज्यादा उपयुक्त हो सकता है। ऐसे माहौल में कांग्रेस को अपने ताकतवर नेतृत्व को स्थानीय स्तर पर आगे लाना चाहिए था। लेकिन वह ऐसा करती नहीं दिख रही। 2014 के बाद से उसने जिस नैरेटिव युद्ध की शैली को अपनाया है, राष्ट्रीय स्तर पर उसी युद्ध प्रक्रिया को जारी रखे हुए है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के पास फुर्सत नहीं है कि वह महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य की राजनीति के बारे में स्थानीय जरूरतों के लिहाज से सोचे और स्थानीय समुदायों के लिए उन्हीं के बीच से प्रभावी नेतृत्व उभारे। रणनीतिक लिहाज से देखें तो महाराष्ट्र में बीजेपी सभी दलों पर एक बार फिर बीस पड़ती नजर आ रही है। उसने सुनेत्रा को अपने खेमे में लाकर एक तीर से दो निशाने साध लिए हैं। उसने एनसीपी की ओर निश्चिंतता हासिल कर ली है, शरद पवार को एक बार फिर किनारे रखने में सफल हुई है और अपने लिए खतरा बनने की शरद की संभावनाओं को एक तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई देश की आर्थिक राजधानी भी है। इसी वजह से केंद्रीय सत्ता के बाद सबसे ज्यादा प्रभावशाली महाराष्ट्र की सत्ता मानी जाती है। माना जाता है कि कारपोरेट और औद्योगिक जगत पर सबसे ज्यादा पकड़ महाराष्ट्र के सिंहासन की होती है। मौजूदा राजनीति में आर्थिकी सबसे ज्यादा प्रभावी है। महाराष्ट्र की सत्ता पर पकड़ देश की आर्थिक ताकतों की नब्ज पर पकड़ बनाती है। यह बताने की जरूरत नहीं है कि बीजेपी अपनी इस पकड़ को कमजोर होते नहीं देखना चाहती।

## क्यों अब भी नहीं रुक पा रहे जानलेवा मांझे

किसी खास किस्म के मांझे से दूसरों की पतंग काटने की लोगों के भीतर कैसी भूख है कि यह राह चलते निर्दोष लोगों और मासूम पक्षियों के लिए जानलेवा बन जाती है। यह जानते-समझते हुए भी लोग खतरनाक मांझे से पतंग उड़ाते हैं, जिनसे उलझ कर हर साल कई लोग जख्मी हो जाते हैं। इससे कई लोगों की जान भी जा चुकी है।अब ऐसे हादसों को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने ठोस कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीनी मांझे से होने वाली मौत को हत्या की श्रेणी में रखते हुए दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, एक दिन पहले ही लखनऊ में मांझे वाले धागे से गला कटने की वजह से एक युवक की मौत हो गई थी।राज्य सरकार अब विशेष अभियान चला कर चीनी मांझा बेचने वालों पर कार्रवाई करेगी। सवाल है कि तमाम पाबंदियों के बावजूद ये धागे उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में चोरी-छिपे या खुलेआम कैसे बिक रहे हैं। ये कहां से आते हैं और इनके स्रोत क्या हैं? यह किसकी लापरवाही का नतीजा है और इसे रोकने में संबंधित एजंसियां अब तक नाकाम क्यों रही हैं? यह दुखद है कि जन सरोकार के इतने बड़े मसले की हर स्तर पर उपेक्षा होती रही है। समय-समय पर चीनी मांझे पर प्रतिबंध लगाने की बातें की गईं, लेकिन वे कारगर साबित नहीं हुईं। प्रश्न यह है कि इन धागों को बेचने की छूट कौन देता है?गौरतलब है कि इसे खरीदने और बेचने पर पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम की धारा पंद्रह के तहत सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता: मोदी नेतृत्व की वैश्विक दृढ़ता

(ललित गर्ग)

इस व्यापारिक प्रगति से मोदी सरकार की अंतरराष्ट्रीय साख में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह साख किसी प्रचार या दावे पर नहीं, बल्कि ठोस परिणामों पर आधारित है। भारत आज विश्व मंच पर एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक स्थिरता और सहयोग में भी सकारात्मक भूमिका निभाता है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार के परिदृश्य में कोई भी समझौता केवल आंकड़ों या कर-प्रतिशतों तक सीमित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, नेतृत्व की दृढ़ता और भविष्य की दिशा का भी संकेतक होता है। भारत और अमेरिका के बीच हालिया व्यापारिक सहमति, जिसके अंतर्गत प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, इसी दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटना है। यह निर्णय केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन और भारत की बढ़ती सौदेबाजी क्षमता का प्रमाण है। यहां देर आए, दुरुस्त आए की कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है। जब अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर ऊँचे टैरिफ का दबाव बनाया गया था, तब यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था को अंततः झुकना पड़ेगा। वैश्विक व्यापार का हालिया इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि बड़ी शक्तियां अक्सर दबाव की राजनीति के माध्यम से अपने हित साधती हैं। किंतु फरवरी 2025 में आरंभ हुई इस व्यापारिक प्रक्रिया का फरवरी 2026 में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना यह दर्शाता है कि भारत ने न तो जल्दबाजी दिखाई और न ही अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किया। भारत ने समय लिया, परिस्थितियों का मूल्यांकन किया और अंततः संतुलित व सम्मानजनक परिणाम प्राप्त किया। 50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की टैरिफ कटौती का तात्कालिक प्रभाव व्यापारिक जगत और शेयर बाजार में दिखाई दिया। निवेशकों का भरोसा लौटा, निर्यातकों को राहत मिली और बाजार में सकारात्मक संकेत उभरे। किंतु इस निर्णय का वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि भारत अब केवल नियमों का पालन करने वाला देश नहीं, बल्कि नियमों के निर्माण और पुनर्परिभाषा में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वाला राष्ट्र बन चुका है। अमेरिका जैसी महाशक्ति का अपने रुख में नरमी लाना भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक धैर्य और राजनीतिक आत्मविश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसमें संवाद है, पर दबाव के आगे समर्पण नहीं। चाहे वह रक्षा सहयोग हो, ऊर्जा सुरक्षा हो या व्यापारिक समझौते-हर क्षेत्र में भारत ने अपने हितों को केंद्र में रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया है। इस व्यापारिक डील में भी भारत ने बिना झुके, बिना रुके और बिना कमजोर पड़े अपनी शर्तें स्पष्ट रूप से रखीं। यही कारण है कि अंततः अमेरिका को अपने प्रस्तावों में संशोधन करना पड़ा। यह केवल एक व्यापारिक जीत नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व की दृढ़ता का उदाहरण है। इस समझौते से भारतीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में एक उन्नत स्थिति प्राप्त होगी। टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, कृषि-आधारित उत्पाद और उभरते तकनीकी क्षेत्र-सभी को इससे दीर्घकालिक लाभ होने की संभावना है। भारत अब केवल सस्ता श्रम या कच्चा माल उपलब्ध कराने वाला देश नहीं, बल्कि मूल्यवर्धित उत्पादन और नवाचार की दिशा में अग्रसर अर्थव्यवस्था बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसदीय दल की बैठक में जिस संयम और आत्मविश्वास के साथ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को निरंतर धैर्य का परिणाम बताया, वह उनकी कूटनीतिक शैली का सार है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5998

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5997

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5998



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. निर्धनों की निरपेक्ष संख्या के मामले मं भारत के इस प्रदेश का स्थान सबसे ऊपर है (6)
6. गायिका-अभिनेत्री, सुलक्षण पंडित के दौ भाईयो में से एक जो गायक-संगीतकार है (3)
7. सर्वदा, हमेशा, लगातार, प्रतिध्वनि (2)
8. यह विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है (3)
10. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (2)
11. पराग के कण, धूल, गर्द (2)
12. गाय के दूध को यह भी कहते है (3)
14. मुर्गे की जाति का एक पक्षी (3)
16. केसरी नंदर, हनुमान (5)
19. अंदाज, कयास, अनुमान (4)
20. राजा का मुकुट, शिखा (2)
21. अभिमान मर्दित होना (6)

**ऊपर से नीचे**
1. ये भाजपा महिला नेत्री मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी है (5)
2. चांदी, उजला, उज्जवल, रूपक (3)
3. दर से, दिशा में, भाव से (2)
4. देने वाला, देयी, कर्जदार (4)
5. दक्षिण भारत की एक प्रमुख नदी जिसे दक्षिण की गंगा भी कहते है (4)
7. सिलवट, सिकुडन, शिकन, तह (2)
9. वह पर्दा जिस पर चल-चित्र बताए जाते है सिनेमा का पर्दा (5)
13. सभी स्थान पर, सभी जगह पर (3)
15. दौड़ना, लपकना, उमंगना, उछलना (4)
17. शरीर की सबसे बड़ी हड्डी फीमर को यह भी कहते है (3)
18. अलंकृत होना, संवरना, प्रेमी, बलम (3)
19. एक सूर्यवंशी राजा जो दशरथ के पिता थे (2)
20. एक लंबा पेड़ जो केवल सिरे पर पत्ते धारण करता है, तरूराज, दीर्घतरू (2)

### वर्ग पहेली 5997 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऊ | ध | म | सिं | ह | | द | म |
| त | न | ना | | स | ह | म | त |
| क | | व | जी | र | | न | |
| | आ | न | | त | री | का | |
| मा | ल | | रो | ज | | री | ति |
| त | म | क | | य | क्ष | | थि |
| | आ | ब | | पु | त | ली | |
| ता | रा | | गौ | री | | मा | त्र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको कार्यक्षेत्र या दफ्तर में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को पूरा सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। पुत्र अथवा पुत्री के विवाह को लेकर चल रही बातचीत फाइनल हो सकती है।आप अपने व्यवहार और सौम्य स्वभाव से विरोधियों को भी अपने पक्ष में कर पाने में सफल रहेंगे।

### वृष
आज सांसारिक सुख भोगों का प्रतिनिधि है। ऐसे में आवश्यक सामान की खरीदारी में आपका समय व्यतीत होगा। हालांकि, इस दौरान घर परिवार के वृद्धजनों से बहसबाजी में न उलझें। उनकी राय आपके लिए उपयोगी सिद्ध होगी।आपकी विश्वसनीयता कार्यक्षेत्र में बढ़ेगी और सहकर्मियों के साथ ही साथ अधिकारीवर्ग से भी आपको सपोर्ट और सहयोग मिलेगा।

### कर्क
आज पिछले कई दिनों से मिथुन राशि का होकर चतुर्थ भाव में चल रहे हैं। इस दौरान चन्द्रमा के अष्टम में होने से आपको उत्तम संपत्ति प्राप्त होगी। खोया हुआ धन या रुका हुआ पैसा वापस मिलने की प्रबल संभावना है। अपनी बुद्धि के बल पर आप किसी कठिन समस्या का समाधान भी निकाल पाएंगे।आर्थिक पक्ष आपका मजबूत रहेगा।

### सिंह
आज आपको राजनीतिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। ऐसे में आपके लिए सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिद्वंद्वियों पर आपको जीत मिलेगी और वह आपसे पीछे रह जाएंगे। दिन का मध्य बाग ई आपके लिए शुभ रहने वाला है। इस दौरान शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। पुण्य कार्यों पर भी खर्च हो सकता है।प्रेमी के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा।

### मिथुन
आज का दिन करियर के लिहाज से दिन मिलाजुला रहने वाला है। पुरानी देनदारियों से आपको छुटकारा मिलता हुआ दिख रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी और आपके सुझावों को महत्व मिलेगा। घर के लिए कुछ आवश्यक सामान की खरीदारी भी करनी पड़ सकती है।

### कन्या
आज दूर की यात्रा पर अचानक जाना पड़ सकता है। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। बहन-भाई के विवाह समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से अचानक मुलाकात हो सकती है।

### तुला
आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहेंगे। इन ग्रहों के प्रभाव से आपको मान-सम्मान मिलेगा और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। इससे बिजनेस को बढ़ाने के लिए आप कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। कर्ज में कमी होगी।दिन का दूसरा भाग आपके लिए विशेष रूप से रोमांटिक और भाग्यशाली रहने वाला है।

### वृश्चिक
आज करीबी मित्रों से बेवजह का विवाद हो सकता है। ऐसे में अपने आस पास खुशनुमा माहौल बनाए रखने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में अचानक कोई नया बदलाव होने से आपके ऊपर इसका असर पड़ सकता है। हालांकि महिला सहकर्मी और अधिकारी वर्ग के लोग आपका सहयोग करेंगे। लव लाइफ और फैमिली लाइफ के मामले में भी कल का दिन आपके लिए आपके लिए सुखद होगा।

### मकर
आज का दिन मेल-मिलाप का रहने वाला है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। दिन में आपको किसी उलटफेर के चलते अचानक धन लाभ हो सकता है। हालांकि, किसी नए कार्य में आगे बढ़ने से पहले उसके सभी पहलुओं पर अच्छे से विचार-विमर्श कर लें। घर-परिवार से जुड़े किसी पुराने कार्य को संपन्न करने का आज अवसर मिलेगा।

### कुंभ
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस में सफलता मिलेगी। व्यापार को आगे बढ़ाने के सिलसिले में किसी की सलाह आपके काम आएगी। दिन का दूसरा भाग किसी महिला मित्रों के साथ व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र और पारिवारिक कार्यों को आप सफलतापूर्वक निभा पाएंगे।आर्थिक पक्ष आपका मजबूत रहेगा और आप भविष्य की योजनाओं में भी धन का निवेश कर सकते हैं। लव लाइफ में आज प्रेम और तालमेल बना रहेगा।

### धनु
आज उत्तम संपत्ति को योग बना रहा है। ऐसे में बहुत दिनों से रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। नए संबंध लंबे समय तक बने रहेंगे। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिलेगी। रात के समय परिवारजनों के साथ मंगल उत्सवों में शामिल हो सकते हैं। मानसिक तनाव के कारण कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है।बिजनेस के मामले में भी आपके लिए भाग्यशाली रहेगा।

### मीन
आज अपने करीबी लोगों की भावनाओं की कद्र करें और उनकी बातों पर चलने का प्रयास करें। ऐसा करना आपके लिए लाभकारी रहेगा। कार्यक्षेत्र में दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। टीमवर्क से आप किसी भी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे।अपनी नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास के बल पर कार्यक्षेत्र में अपना प्रभाव बनाए रखने में सफल होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# सुमित नागल को डेविस कप क्वालिफायर में मिली शुरुआती हार



बेंगलुरु (एजेंसी)। डेविस कप क्वालिफायर मुकाबले में भारत को शुरुआती झटका लगा है। देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को पहले सिंगल्स मैच में नीदरलैंड के गाइ डे ओउडेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। तीन सेट तक चले इस मुकाबले में नागल 0-6, 6-4, 3-6 से पराजित हुए, जिसके बाद भारत सीरीज में 0-1 से पीछे हो गया है।

### मैच का हाल

मैच की शुरुआत नागल के लिए बेहद कठिन रही। पहले सेट में गाइ डे ओउडेन ने आक्रामक खेल दिखाते हुए नागल को कोई मौका नहीं दिया और सेट 6-0 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे सेट में नागल ने शानदार वापसी की, अपनी लय हासिल की और निर्णायक ब्रेक के साथ 6-4 से सेट जीतकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया।

### फैसले में चूके नागल

तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अहम मौकों पर गाइ डे ओउडेन ने बेहतर खेल दिखाया और 6-3 से सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

### भारत पर दबाव

इस हार के साथ ही बेंगलुरु में खेले जा रहे डेविस कप क्वालिफायर टाई में भारत पर दबाव बढ़ गया है। अब भारतीय टीम को अगले मुकाबलों में वापसी कर सीरीज में बराबरी हासिल करने की जरूरत होगी, ताकि क्वालिफिकेशन की उम्मीदें बनी रहें।आगामी मैचों में भारतीय खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने टीम वापसी कर सके।

## छोला शतरंज ग्रैंडमास्टर्स नॉर्म शतरंजः अलीशेर सुलेमेनोव 3.5 अंक बनाकर सबसे आगे

चेन्नई (एजेंसी)। भारत में ज्यादा से ज्यादा ग्रैंडमास्टर बनाने के उद्देश्य से शुरू हुए प्रथम छोला शतरंज ग्रैंडमास्टर्स नॉर्म टूर्नामेंट में अब पहला पड़ाव खत्म हो चुका है और अब सिर्फ अंतिम चार राउंड बाकी है . आज खेले गए पाँचवें राउंड के बाद कजाकिस्तान के अलीशेर सुलेमेनोव 3.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे है ।ग्रैंड मास्टर नार्म हासिल करने की दौड़ में भारत के एथन वाज, आरोण्यक घोष और औदी अमेय 3 अंक बनाकर उम्मीद कायम किए हुए है दरअसल उन्हें 9 राउंड के बाद कम से कम छह अंक हासिल करने है ऐसे में बच्चे हुए चार राउंड में 3 अंक बनाने की चुनौती तीनो के सामने है।



पाँचवें राउंड में क्यूबा के ग्रैंडमास्टर नूरिस देलगाडो जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे उन्होंने फ्रांस के माहेल बॉयर को पराजित किया , यह माहेल की प्रतियोगिता में तीसरी हार रही , अन्य मुकाबलों में हर्ष सुरेश ने अलीशेर से , एथन ने फ्रांस के जोसफ गिरेल से, अक्षय बरगोंकर ने मयंक चक्रवर्ती से और अमेय नें आरोण्यक घोष से ड्रा खेला ।

## इंग्लैंड ने नेपाल को दिया 185 रनों का टारगेट, बेथल-ब्रूक ने लगाई फिफ्टी

नई दिल्ली। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आगाज 7 फरवरी से हो गया है, जिसमें पहले दिन तीन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। वहीं 8 फरवरी को दिन का दूसरा मुकाबला जिसपर सभी की नजरें टिकी हुई हैं वह इंग्लैंड और नेपाल की टीम के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया है। इंग्लैंड टीम की इस मुकाबले में शुरुआत काफी खराब देखने को मिली है जिसमें दूसरे ओवर में ही उन्होंने अपना पहला विकेट के 5 के स्कोर पर



फिल साल्ट के रूप में गंवा दिया तो वहीं इस मैच में जोस बटलर भी बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा सके और 26 रन बनाकर नंदन यादव की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठेइंग्लैंड को इस मैच में तीसरा झटका टॉम बैंटन के रूप में लगा जो 2 रन बनाकर संदीप लामिछाने की गेंद पर खुद्दु आउट हुए। वहीं जैकब बेथेल ने इस मैच में 28 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा किया तो वहीं इसके बाद वह 55 रन बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे। इंग्लैंड टीम के कप्तान हैरी ब्रूक के बल्ले से इस मैच में 32 गेंदों में 53 रनों की पारी देखने को मिली।

### दोनों टीमों के बीच पहली बार खेला जाएगा मुकाबला

टी20 इंटरनेशनल में अभी तक इंग्लैंड और नेपाल की टीम ने कभी भी एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला नहीं खेला है, ऐसे में दोनों टीमों के बीच में ये पहली भिड़ंत देखने को मिलेगी। इंग्लैंड की टीम ने अब तक दो बार टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी को अपने नाम किया है, जिसमें उन्होंने साल 2010 और उसके बाद साल 2022 में इसे जीता था। पिछले टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, जहां उन्हें भारतीय टीम के खिलाफ हुए मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। इस बार इंग्लैंड के लिए टी20 वर्ल्ड कप में कप्तानी की जिम्मेदारी उनके स्टार खिलाड़ी हैरी ब्रूक संभाल रहे हैं।

# सूर्यकुमार ने विराट कोहली को पीछे छोड़ा

मुंबई, एजेंसी। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। सूर्यकुमार की दमदार पारी की मदद से ही भारत अमेरिका के सामने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा और उनकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया जिससे भारतीय टीम जीत दर्ज कर सकी। सूर्यकुमार को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

भारत ने टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में अमेरिका को 29 रन से हराकर शानदार आगाज किया है। शनिवार को वानखेड़े में खेले गए ग्रुप मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सूर्यकुमार यादव की नाबाद 84 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में नौ विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में अमेरिका निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 132 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई।

सूर्यकुमार ने अमेरिका के खिलाफ अपनी शानदार पारी से कई उपलब्धियां अपने नाम दर्ज की। सूर्यकुमार इसके साथ ही भारत के लिए टी20 में सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार 105 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 17 बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीत चुके हैं, जबकि विराट कोहली ने 125 मैचों में 16 बार यह अवॉर्ड जीता है। तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं जिन्होंने 14 बार पीओटीएम अवॉर्ड जीता है, जबकि अक्षर पटेल आठ बार यह पुरस्कार अपने नाम कर चुके हैं।

### हसरंगा की बराबरी पर पहुंचे अर्शदीप

### युवराज-रोहित से आगे निकले

सूर्यकुमार टी20 विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीतने के मामले में युवराज सिंह, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन से आगे निकल गए हैं।

### अर्शदीप के नाम जुड़ी उपलब्धि

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के नाम भी उपलब्धि दर्ज हो गई है। अर्शदीप टी20 विश्व कप में 15 मैचों के बाद सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से दूसरे गेंदबाज हैं। अर्शदीप के नाम 29 विकेट हैं और वह श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा की बराबरी पर पहुंच गए हैं। हसरंगा के नाम भी 29 विकेट थे। इस मामले में दक्षिण अफ्रीका के एनरिच नॉर्त्जे के नाम सबसे ज्यादा विकेट हैं।

### सर्वाधिक पीओटीएम पुरस्कार

| खिलाड़ी | पीओटीएम अवॉर्ड | मैच |
|---|---|---|
| सूर्यकुमार यादव | 17 | 105 |
| विराट कोहली | 16 | 125 |
| रोहित शर्मा | 14 | 159 |
| अक्षर पटेल | 8 | 88 |




## इस खिलाड़ी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले ही दिन ली हैट्रिक

### टीम के लिए ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज बने

नईदिल्ली (एजेंसी)। आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के आगाज़ के साथ ही रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया। टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड ने ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिसने पूरे क्रिकेट जगत का ध्यान खींच लिया।

**17वें ओवर में बदला मैच का रुख** – रोमारियो शेफर्ड ने स्कॉटलैंड की पारी के 17वें ओवर में लगातार तीन गेंदों पर तीन विकेट लेकर मुकाबले की तस्वीर पूरी तरह बदल दी। पहली गेंद पर मैथ्यू क्रॉस (11 रन) बैकवर्ड पॉइंट की ओर शॉट खेलते हुए शेफरन रदरफोर्ड को कैच दे बैठे। अगली ही गेंद पर मिचेल लिस्ट खाता खोले बिना रोवमैन पॉवेल के हाथों लपके गए।

### वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी इयान बिशप ने कहा-

## भारत वर्ल्डकप का दावेदार

नईदिल्ली (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी और दिग्गज कमेंटेटर और इयान बिशप ने अहम बातें कही हैं।



उनका मानना है कि इस वर्ल्ड कप में सिर्फ पावर-हिटिंग नहीं, बल्कि गेंदबाजी की गहराई भी असली अंतर पैदा करेगी।आईसीसी एक्सपर्ट बिशप के मुताबिक वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमें बल्लेबाजी में तो बेहद ताकतवर हैं, लेकिन खिताब जीतने के लिए बॉलिंग यूनिट का मजबूत होना जरूरी है।शुक्रवार को जियोस्टार मीडिया डे के दौरानसबकॉन्टिनेंट की परिस्थितियों पर बात करते हुए बिशप ने कहा, यहां तेज गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती छोटे मैदान और फ्लैट पिचें हैं। ऐसे में उन्हें यॉर्कर, स्लोअर बॉल, कटर और वैरिएशन पर भरोसा करना होगा।

### टी-20 वर्ल्डकप

# न्यूजीलैंड ने अपना सबसे बड़ा स्कोर चेज किया

### अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया, साइफर्ट का अर्धशतक, फर्ग्यूसन को मिले 2 विकेट

चेन्नई (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने जीत के साथ टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। टीम ने ग्रुप डी के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 183 रन का टारगेट 17.5 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा टारगेट चेज रहा। इससे पहले कीवी टीम ने 2021 में अबू धाबी में इंग्लैंड के खिलाफ 167 रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया था।

टीम के लिए ओपनर टिम साइफर्ट (65) ने अर्धशतक लगाया। उनके अलावा ग्लेन फिलिप्स ने 42, मार्क चापमन ने 28 और डेरिल मिचेल ने नाबाद 25 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। राशिद खान, मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह उमरजई को 1-1 विकेट मिला।

इससे पहले, अफगानिस्तान के लिए गुलबदीन नाईब (63) ने अर्धशतक लगाया। सेदिकुल्लाह अटल ने 29, रहमानुल्लाह गुरबाज ने 27 और दारविश



रसूली ने 20 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 2 विकेट झटके। मैट हेनरी, रचिन रवींद्र और जैकब डफी को 1-1 विकेट मिला।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-इलेवन**

● **न्यूजीलैंड** – फिन एलन, टिम साइफर्ट, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, डेरिल मिचेल, मार्क चापमन, मिचेल सैंटनर (कप्तान), जेम्स नीशम, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी।

● **अफगानिस्तान**– रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, दारविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नाईब, राशिद खान (कप्तान), फजलहक फारूकी, जियाउर रहमान

## अमेरिका की सबसे सफल स्कीयर जेसी डिगिंस की इंस्पायरिंग स्टोरी

### फूड पॉइजनिंग से निढाल थी, शरीर टूट रहा था, रेस में गिरी भी, पर मां की सीख ने जिता दी हारी हुई बाजी

वॉशिंगटन (एजेंसी)। बीजिंग विंटर ओलिंपिक का आखिरी दिन...था, प्रकृति और शरीर, दोनों मेरे खिलाफ थे। माइनस 21 डिग्री पारा और बर्फीले तूफान के बीच 30 किमी की रेस थी। रेस से 30 घंटे पहले फूड पॉइजनिंग से निढाल थी, न खाना पच रहा था, न ही जॉगिंग कर पा रही थी। फिर भी मैं मैदान में उतरी...।' अमेरिका की सबसे सफल क्रॉस-कंट्री स्कीयर जेसी डिगिंस कहती हैं- रेस के दौरान गिरने और शरीर में ऐंठन के बावजूद वे डटी रहीं। अंततः रेस पूरी कर सिल्वर मेडल जीता और इतिहास रच दिया। तीन वर्ल्ड कप, तीन ओलिंपिक मेडल और सात वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीत चुकी डिगिंस 2026 में इटली में होने जा रहे विंटर ओलिंपिक में पूरे दमखम के साथ उतर रही हैं, जानिए उनके शीर्ष तक पहुंचने का सफर।




'बात 2022 विंटर ओलिंपिक की है। रेस से पहले हुई फूड पॉइजनिंग से शरीर में पानी और ऊर्जा की भारी कमी हो गई। सुबह 10 मिनट की हल्की दौड़ भी पूरी नहीं कर पाई। बिस्तर पर गिरकर फूट-फूट कर रोने लगी। मम्मी-पापा को फोन किया और बस इतना कह सकी,'सब कुछ वैसा नहीं हो रहा, जैसा होना चाहिए था।' शाम को शरीर थोड़ा संभला। स्पिन बाइक पर हल्की एक्सरसाइज की। अगली सुबह बस में बैठी तो मां का ई-मेल देखा, जिसने मेरी बेचैनी शांत कर दी। उन्होंने लिखा, 'तुम्हें यह रेस किसी के लिए नहीं करनी है। तुम पर किसी का उधार नहीं है। आज तुम स्कीइंग करती हो तो सिर्फ इसलिए करना क्योंकि तुम्हें इस खेल से प्यार है।' बस, उसी पल दिमाग से दबाव और मन से बोझ हट गया। बर्फीली हवाएं बदन को चाकू की तरह चीर रही थीं। पर असली चुनौती बाहर का मौसम नहीं, बल्कि अंदर चल रहा तूफान था।

जेसी कहती हैं- शरीर टूट चुका था, पर दिल हार मानने को तैयार नहीं था। आधा किलोमीटर के भीतर दूसरी स्कीयर ने कट दिया, मैं गिर पड़ी। आगाज बुरा था, पर मैं उठी। खुद से कहा,'अब खोने को कुछ नहीं, बस दौड़ो।' पर जैसे ही पहाड़ों पर चढ़ाई शुरू हुई, हिम्मत टूटने लगी...। फीड जोन में ड्रिंक लेते समय छोटी सी चूक हुई और नॉर्वे की योहॉग काफी आगे निकल गई। तेज हवा में अकेले स्की करना खतरनाक था। कोच चिल्लाते रहे- अकेली मत रहो! पर मेरे पास कोई विकल्प था ही नहीं। मेरे घुटनों से शुरू हुई ऐंठन शरीर में फैल गई।

# एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 : भारत की इलावेनिल वलारिवन ने जीता स्वर्ण पदक

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की स्टार निशानेबाज इलावेनिल वलारिवन ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का कॉन्टिनेंटल खिताब सफलतापूर्वक बचाव किया। 26 वर्षीय इलावेनिल ने फाइनल में 252.0 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**तीसरा व्यक्तिगत कॉन्टिनेंटल खिताब** – इलावेनिल वलारिवन ने छठी सीरीज में निर्णायक बढ़त बनाई और अंत तक उसे कायम रखते हुए अपना तीसरा व्यक्तिगत एशियन खिताब जीता। उन्होंने इससे पहले साल 2019 में अपना पहला एशियाई स्वर्ण पदक हासिल किया था।

**जापान की नोबाटा को रजत, मेघना सज्जनार को कांस्य** – फाइनल में जापान की ओलंपियन मिसाकी नोबाटा ने 251.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। वहीं, भारत की मेघना सज्जनार ने 229.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। 32 वर्षीय मेघना ने फाइनल में अपनी ही हमवतन आर्या बोरसे को हराकर अपना पहला कॉन्टिनेंटल कांस्य पदक जीता।

**क्वालिफिकेशन में भी इलावेनिल टॉप पर** – इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में भी इलावेनिल ने 633.7 का स्कोर कर पहला स्थान हासिल किया था। आर्या बोरसे (630.3) और मेघना सज्जनार (628.6) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

**टीम इवेंट में भी भारत को स्वर्ण** – इलावेनिल वलारिवन, आर्या बोरसे और मेघना सज्जनार की तिकड़ी ने 1892.6 के कुल स्कोर के साथ टीम इवेंट में भी भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। इस स्पर्धा में जापान ने रजत और कजाकिस्तान ने कांस्य पदक जीता।




## न्यूज बाइट्स

### पुलिस ने किया 302 लीटर देशी शराब जब्त

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** पुलिस अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं सेवन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। नवीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शंकरपुर नहर के समीप पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक चार चक्का वाहन से कुल 302 लीटर देशी शराब जब्त की है। यह शराब अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी। पुलिस की सतर्कता के कारण शराब की बड़ी खेप बाजार में खपने से पहले ही पकड़ ली गई। बताया जा रहा है कि यह पूरी कार्रवाई नवीनगर थाना द्वारा की गई, जिसमें वाहन को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में भारी मात्रा में देशी शराब बरामद हुई, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि शराबबंदी कानून के तहत दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और इस तरह के अवैध धंधों में संलिप्त लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### विद्यालय शिक्षा समिति के आठवें बैच के प्रशिक्षण की हुई शुरुआत

**देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जिले के देव प्रखंड अंतर्गत अवस्थित संकुल संसाधन केंद्र सह उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बनुआ में विद्यालय शिक्षा समिति के आठवें बैच के प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। प्रशिक्षण के पहले दिन चेतना सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा प्रार्थना, अभियान गीत और सर्वधर्म प्रार्थना की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद सभी प्रतिभागियों का पंजीयन किया गया तथा उन्हें नोटबुक, कलम और फाइल प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकुल संसाधन केंद्र के संरक्षक अतुल कुमार ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मास्टर प्रशिक्षक डॉ. शशि भूषण कुमार सिंह ने प्राचीन काल की शिक्षा प्रणाली और वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के चित्रों के माध्यम से दोनों के बीच के अंतर को स्पष्ट किया और समय के साथ शिक्षा में आए बदलावों पर विस्तार से चर्चा की।

हादसे से आक्रोशित लोगों ने टेंगरा मोड़ के पास एनएच-19 को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई

# अज्ञात वाहन ने एलआईसी कर्मी को कुचला मौत, पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल

ट्रांसफर के बाद परिवार ने डेहरी का किराए का मकान खाली कर औरंगाबाद में बसने का फैसला किया था।



निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारुण थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-19 पर टेंगरा मोड़ के पास रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के पोकथा गांव निवासी 58 वर्षीय नंद पांडेय के रूप में की गई है। हादसे में घायल पत्नी और बेटे का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृतक के बेटे सूर्यकांत पांडेय डेहरी स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में कर्मी हैं। हाल ही में उनका स्थानांतरण डेहरी से सासाराम हो गया था। ट्रांसफर के बाद परिवार ने डेहरी में किराए के मकान को खाली कर औरंगाबाद में रहने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में रविवार को पूरा परिवार बाइक से डेहरी से औरंगाबाद की ओर आ रहा था। बाइक सूर्यकांत पांडेय चला रहे थे, जबकि पीछे उनके माता-पिता बैठे हुए थे। जैसे ही बाइक एनएच-19 पर टेंगरा मोड़ के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नंद पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए। हादसे से आक्रोशित लोगों ने टेंगरा मोड़ के पास एनएच-19 को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही बारुण बीडीओ नीरज कुमार, सीओ मंजेश कुमार और थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया और यातायात बहाल हो सका। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है और सभी आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जांच में जुट गई है। इस दौरान एसआई श्रीनाथ मंडल, करन, सोनी कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर तैनात रहे।

इस दर्दनाक हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। नए स्थान पर जीवन की नई शुरुआत करने निकला परिवार इस दुर्घटना का शिकार हो गया, जिससे पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

## घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, मासूम बेटी अस्पताल में भर्ती

निज सं. | नवीनगर (औरंगाबाद)

नवीनगर रेलवे स्टेशन के समीप पुलिस को एक अज्ञात महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसकी मासूम बेटी के साथ मिली थी। पुलिस द्वारा दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद पहुंचाया गया, जहां शनिवार देर रात इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। वहीं उसकी मासूम बेटी फिलहाल अस्पताल के बाल चिकित्सा वार्ड में भर्ती है और उसका उपचार जारी है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार देर रात नवीनगर थाना की पुलिस घायल महिला को अस्पताल लेकर पहुंची थी। उस समय महिला अचेत अवस्था में थी और उसके सिर से अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था। डॉक्टरों ने तत्काल उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया, जबकि उसकी बच्ची को शिशु वार्ड में रखा गया। इलाज के बावजूद महिला की हालत में सुधार नहीं हो सका और शनिवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद अस्पताल प्रशासन ने नगर थाना, औरंगाबाद को घटना की सूचना दी। नगर थाना की पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू करते हुए जिले के सभी थानों को महिला की पहचान के लिए सूचना भेज दी है। नगर थाना प्रभारी के अनुसार, मृत महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक पुलिस अभिरक्षा में रखा जाएगा।

### रेलवे लाइन के पास मिली थी महिला, पहचान अब तक नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, महिला को रेलवे लाइन के बगल से घायल अवस्था में उठाया गया था। इस आधार पर आशंका जताई जा रही है कि वह ट्रेन से गिरकर घायल हुई थी। माना जा रह है कि महिला किसी यात्रा के दौरान नवीनगर रेलवे स्टेशन पर उतरते समय संतुलन बिगड़ने से ट्रेन से नीचे गिर गई होगी। महिला के पास से लगभग पांच किलोग्राम चावल और एक कटोरा भी बरामद किया गया है, लेकिन इससे उसकी पहचान को लेकर कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। अस्पताल कर्मियों का कहना है कि महिला को भर्ती कराने के बाद नवीनगर थाना की पुलिस वहां से चली गई थी। न तो महिला की पहचान से जुड़ी कोई जानकारी दी गई और न ही घटना के संबंध में कोई स्पष्ट विवरण साझा किया गया, जिससे मामला और भी रहस्यमय बन गया है।

## मंदिर में चोरी करते युवक की ग्रामीणों ने पकड़कर की पिटाई

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

जिले के गोह थाना क्षेत्र के अंकुरी गांव में शनिवार शाम मंदिर से चोरी करते एक युवक को ग्रामीणों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। चोरी के आरोप के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने युवक के साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए पहले उसकी जमकर पिटाई की, फिर सिर मुंडवाया और उसे पूरे गांव में घुमाया। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। रविवार सुबह करीब 11 बजे से घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। वीडियो में युवक को बैठाकर उसके हाथ में चोरी किया गया पीतल का नाग दिखाया जा रहा है, जबकि ग्रामीण उसका सिर मुंडवा रहे हैं। इसके बाद युवक के शरीर पर चूना पोता गया, जूते-चप्पलों की माला पहनाई गई और उसे गांव की गलियों में घुमाया गया। इस पूरी घटना को देखकर कई लोगों ने ग्रामीणों के इस कृत्य को कानून के खिलाफ बताते हुए 'तुगलकी फरमान' करार दिया है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह युवक को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर थाने ले आई। इस मामले में गोह थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि कानून किसी भी व्यक्ति को अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं देता है। उन्होंने कहा कि मंदिर चोरी के आरोप में युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है, लेकिन जिस तरह से ग्रामीणों ने युवक को अपमानित किया और उसके साथ मारपीट की, वह भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद युवक के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ भी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद गांव और आसपास के इलाकों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

## युवा क्लब विकास कार्यक्रम का आयोजन

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मेरा युवा भारत द्वारा ओबरा प्रखंड में युवा क्लब विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के सभी युवा क्लबों को सशक्त बनाना, लंबे समय से निष्क्रिय पड़े क्लबों को पुनः सक्रिय करना तथा वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं के डेटा सत्यापन, ऑनलाइन पंजीकरण, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता का विकास और सामाजिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है, ताकि युवाओं को संगठित कर उन्हें राष्ट्र निर्माण से जोड़ा जा सके। इसी क्रम में बुधवार को ओबरा में यंग वेलफेयर सोसाइटी का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठित क्लब में चंद्र जायसवाल को अध्यक्ष तथा अभिषेक कुमार को सचिव बनाया गया। यह पुनर्गठन प्रमेंद्र कुमार एवं ममता देवी की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजीव कुमार, मंजय कुमार, शैलेश कुमार, विनोद प्रजापति, राकेश सिंह, विनोद राम, आदित्य कुमार, सुजय कुमार, विनय प्रसाद सहित कई युवा उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाई।

## शादी से दो दिन पहले प्रेमी से विवाह वीडियो सामने आने से चर्चा तेज

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)



गोह में एक युवती ने अपनी तय शादी से ठीक दो दिन पहले अपने प्रेमी से विवाह कर लिया, जिसका वीडियो सामने आने के बाद यह मामला पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। युवती की शादी 10 फरवरी को तय थी, लेकिन उससे पहले ही उसने अपने प्रेम संबंध को सामाजिक मान्यता देते हुए विवाह कर लिया। युवती की पहचान देवहरा गांव निवासी आरती कुमारी के रूप में हुई है, जबकि युवक उसी गांव के दुर्गा प्रसाद का पुत्र चंदन कुमार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, दोनों के बीच पिछले करीब दस वर्षों से प्रेम संबंध था और वर्ष 2021 में दोनों ने न्यायालय के समक्ष भी शादी कर ली थी, लेकिन पारिवारिक सहमति नहीं मिलने के कारण वे सामाजिक रूप से साथ नहीं रह पा रहे थे। बताया जाता है कि परिजनों द्वारा इस रिश्ते को स्वीकार नहीं किए जाने के कारण कई बार समझौते के प्रयास किए गए, लेकिन बात नहीं बन सकी।

अंततः प्रेमी जोड़े ने समाज के सामने अपने रिश्ते को स्वीकारते हुए विवाह करने का निर्णय लिया। सामने आए वीडियो में गोह थाना के समीप स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में युवक को युवती की मांग में सिंदूर भरते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे और पूरे घटनाक्रम को देखने के लिए भीड़ जुट गई। उधर, युवती की बारात 10 फरवरी को आने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही यह विवाह हो जाने से दोनों परिवारों और क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। फिलहाल यह मामला सोशल मीडिया के माध्यम से तेजी से फैल रहा है और लोग इसे प्रेम विवाह और सामाजिक स्वीकृति से जोड़कर देख रहे हैं।

## देवी प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं से गूंज उठा शहर

- शोभायात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर महाराजगंज, बस स्टैंड और मेन बाजार होते हुए पुनः देवी मंदिर परिसर पहुंची।
- यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने देवी के जयकारे लगाए और भक्ति गीत गाए।
- शोभायात्रा के स्वागत में शहर को आकर्षक ढंग से सजाया गया।



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज प्रखंड के लोहार गली देवी स्थान परिसर स्थित नवनिर्मित मंदिर में रविवार को देवी प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। गाजे-बाजे, जयकारों और भक्ति गीतों के बीच निकली यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यज्ञाचार्य पं. परमेश्वर शुक्ल और उपाचार्य पं. राकेश उपाध्याय के तत्वावधान में डोली पर देवी प्रतिमा की स्थापना कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर महाराजगंज, बस स्टैंड और मेन बाजार होते हुए पुनः देवी मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु देवी के जयकारे लगाते रहे और पूरा शहर भक्ति गीतों से गूंजता रहा। शोभायात्रा के स्वागत में शहर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा छतों से फूलों की वर्षा की गई।

दिनभर चले इस धार्मिक आयोजन के दौरान झांसी से पधारी कथा वाचिका उषा नारायणी ने संगीतमय प्रवचन प्रस्तुत किया। उनके प्रवचनों को सुनने, मंडप की परिक्रमा करने और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। कथा के दौरान उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा और एकजुटता पर जोर देते हुए समाज को जागरूक रहने का संदेश दिया।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए आयोजन समिति के सदस्यों को दिनभर सक्रिय रहना पड़ा और स्थानीय प्रशासन का भी सहयोग लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य यजमान नरेश प्रसाद, गोपाल प्रसाद, राजू कुमार, कुंदन कुमार, चंदन सोनी, अरविंद सोनी, विजय प्रसाद सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष कौशल विश्वकर्मा, सचिव अरुण विश्वकर्मा तथा सतीश विश्वकर्मा, बालचंद, विजय, विष्णु, नरेश प्रसाद, संतोष गुप्ता, विनोद कुमार, ललन, मनोज प्रसाद, रंजीत कुमार, रंजन, अंकित, रीतिक, अशोक प्रसाद, अनुप मिश्र, रंजीत उपाध्याय, सुकेश उपाध्याय, सरोज मिश्र, संत पांडे, विपिन मिश्र, पंकज मिश्र और सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ग्रामीण क्षेत्रों में युवा मंडल का गठन कर रहा है मेरा युवा भारत



निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

मेरा युवा भारत के तत्वावधान में मदनपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में युवा क्लब विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत नए युवा मंडलों का गठन किया जा रहा है, वहीं लंबे समय से निष्क्रिय पड़े युवा मंडलों को दोबारा सक्रिय करने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई युवा नेता पूरी मुस्तैदी और सक्रियता के साथ जुड़े हुए हैं। युवा मंडल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बनिया पंचायत मुख्यालय में युवाओं की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें नए युवा मंडल के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि युवा मंडल के गठन के बाद उसके सभी सदस्य ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएंगे और समाज को संगठित करने का कार्य करेंगे। युवा मंडल के सदस्य बिहार सरकार एवं भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ उठाने के लिए जागरूक करेंगे। साथ ही सामाजिक सहभागिता, नेतृत्व विकास और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर संजीत कुमार, विश्वजीत कुमार, मनोज कुमार, राजीव कुमार, अखिलेश कुमार, विनय राम, मनोज प्रभाकर सहित कई युवा उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर चार दिवसीय सम्मेलन शुरू

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



केंद्र सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर औरंगाबाद में विभिन्न राज्यों के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षाविदों का चार दिवसीय सम्मेलन शुरू हो गया है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारती शिक्षा समिति के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के बाद से ही इसे जमीन पर उतारने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नीति के अनुरूप विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, संरचनात्मक बदलावों को आत्मसात किया गया और सरकार की गति के साथ कदम मिलाकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन का वर्ष है और वर्ष 2033 तक यह नीति पूर्ण रूप से लागू हो जाएगी। सम्मेलन का मुख्य फोकस नीति के व्यावहारिक क्रियान्वयन पर है और इसका विषय "समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण" रखा गया है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के अंतर्गत विद्यालयों में माधव सेतु लाइब्रेरी तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित अधिगम क्षेत्र यानी लर्निंग ज़ोन का उद्घाटन भी किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों में स्वाध्याय, अनुसंधान और मूल्याधारित शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर शिक्षा के माध्यम से समाज परिवर्तन, राष्ट्र निर्माण, संस्कारयुक्त नागरिक निर्माण और विकासोन्मुख सामाजिक चेतना जैसे विषयों पर विशेष विमर्श किया जाएगा।

सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र में उत्तर-पूर्व क्षेत्र के कार्यवाहक डॉ. मोहन जी, संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री ख्याली राम, पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह, औरंगाबाद विद्यालय के सचिव बजरंगी प्रसाद, प्रांत प्रचारक उमेश रंजन तथा औरंगाबाद विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा ब्रह्मदेव जी, गंगा चौधरी, लाल बाबू, सतीश कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, परमेश्वर प्रसाद यादव, रामचंद्र आर्य सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि संस्कारों के माध्यम से प्राप्त ज्ञान ही राष्ट्र को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने कहा कि समय तेजी से बदल रहा है, इसलिए शिक्षा व्यवस्था को भी समय के अनुरूप ढालते हुए समाज के हित में कार्य करना होगा। बच्चों को संस्कारित करना, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना और विकास की गति को तेज करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने एनसीईआरटी आधारित शिक्षा और मूल्यों के समावेश पर भी विशेष जोर दिया।

## मिथिलेश मधुकर रचित 'कभी-कभी' काव्य संग्रह का भव्य लोकार्पण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला मुख्यालय औरंगाबाद स्थित होटल जेड स्क्वायर के सभागार में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन, औरंगाबाद के तत्वावधान में प्रख्यात साहित्यकार मिथिलेश मधुकर द्वारा रचित काव्य संग्रह 'कभी-कभी' का लोकार्पण गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अनिल सुलभ, जो कि बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष हैं, सहित अनेक वरिष्ठ साहित्यकार और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन, औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने की, जबकि मंच संचालन महामंत्री धनंजय जयपुरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदना पाठक द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। संस्था के संरक्षक शंभूनाथ पांडेय ने आगत अतिथियों को अंगवस्त्र, पुष्पहार एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विषय प्रवेश करते हुए उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि मिथिलेश मधुकर ने केवल साहित्य सृजन ही नहीं किया, बल्कि साहित्य-प्रेमियों की एक पूरी पीढ़ी को गढ़ने का कार्य किया। वक्ताओं ने मधुकर जी के साहित्यिक अवदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें कालजयी रचनाकार बताया। प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि उनकी रचनाएं समय की सीमाओं से परे हैं, वहीं शिवनारायण सिंह ने उन्हें "शब्दों का चितेरा" बताते हुए कहा कि उन्होंने सैकड़ों साहित्यकारों को लेखन के लिए प्रेरित किया। भैरवनाथ पाठक ने ग्रामीण अंचलों में उनके साहित्यिक प्रभाव को रेखांकित किया, जबकि कमलेश पुण्यार्क ने उन्हें दिनकर और निराला की परंपरा का सशक्त विस्तार बताया।

सुरेश चंद्र मिश्र ने कहा कि उनके साहित्यिक जीवन की पूर्ण व्याख्या संभव नहीं है और मनोज मिश्र पद्मनाभ ने उन्हें "साहित्य रत्न" की संज्ञा दी। बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के पुस्तकालय मंत्री इंजीनियर अशोक कुमार सिंह ने काव्य पाठ के माध्यम से मधुकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ सच्चिदानंद प्रेमी ने उनके साथ बिताए गए संस्मरण साझा करते हुए कहा कि मधुकर अपनी तरह के एकमात्र साहित्यकार थे।

मुख्य अतिथि डॉ अनिल सुलभ ने अपने संबोधन में कहा कि मधुकर ऐसे रचनाकार थे, जिन्होंने साहित्य को समाज से जोड़ा। उन्होंने कहा कि केवल लिख देना ही साहित्य नहीं है, बल्कि ऐसा लिखना आवश्यक है जो पाठक को आत्मीय लगे। आज के साहित्यिक संकट के दौर में लेखन की दिशा स्पष्ट नहीं है, ऐसे में मधुकर जी की रचनाएं राष्ट्रीय चेतना, नवजागरण, प्रेम, व्यंग्य और सामाजिक सरोकारों का जीवंत दस्तावेज हैं।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस अवसर पर चंदन कुमार, विनय मामूली बुद्धि, नागेंद्र केसरी, डॉ संजीव रंजन, रामकिशोर सिंह, चंद्रशेखर साहू, लवकुश प्रसाद सिंह, श्रीराम राय, रंजनी रंजन मिश्र, लालदेव प्रसाद, नीरज पाठक, संतोष मिश्रा, प्रो. राजेंद्र सिंह, अशोक पांडेय, सुरेश विद्यार्थी सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।